इंटरनेट पर देखें
www.dainikdawa.com

संस्कारधानी से प्रकाशित मध्यभारत व छत्तीसगढ़ अंचल का सर्वप्रसारित लोकप्रिय हिंदी समाचार पत्र

भारत सरकार व छत्तीसगढ़ शासन से विज्ञापन के लिए अधिकृत

दैनिक प्रातः संस्करण

" यो आत्मानं वेति, सर्वं स वेति" ।।

# दावा

आर.एन.आई.नं. 58841/93
डाक पंजीयन छ.ग./दुर्ग/14/2024-26

सम्पादक - दीपक कुमार बुद्धदेव

पैसे बीमारी ठीक होने के बाद
उम्र की अधिकता और बीपी, शुगर से आई कमजोरी, मोटापा, लकवा, संतान न होना, नौजवानों की शारीरिक कमजोरी, धातु रोग, शीघ्र पतन, ईन्द्रीयों की समस्या, शुक्राणु की कमी, टायमिंग की कमी एवं गुप्त रोगों का विशेष आयुर्वेदिक पद्धति से इलाज किया जाता है। मनचाही शक्ति सफलता से प्राप्त करने हेतु संपर्क करें।
संजीवन आयुर्वेदिक
न्यू बस स्टैण्ड, न्यू अंसारी होटल के बाजू से हाऊसिंग बोर्ड काम्पलेक्स, शॉप नं. U/82, राजनांदगांव (छ.ग.)
मो.नं.- 7566609039
हर दिन सु. 10 बजे से शाम 7 बजे तक



## लोकसभा में हंगामे के बीच बिना चर्चा के दोनों कर विधेयक पारित, विपक्ष ने जताया विरोध

नई दिल्ली। वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण की ओर सोमवार को पेश किए गए दो अहम टैक्स बिल सोमवार को ही बिना किसी बहस के पारित हो गए। लोकसभा ने सोमवार को कराधान से संबंधित दो विधेयकों- आयकर (संख्या 2) विधेयक और कराधान कानून (संशोधन) विधेयक- को विपक्षी सांसदों के हंगामे के बीच पारित कर दिया।



आयकर (संख्या 2) विधेयक 2025, आयकर अधिनियम 1961 से संबंधित कानूनों को समेकित और संशोधित करने के लिए पास किया गया है। वहीं, कराधान कानून (संशोधन) विधेयक 2025, आयकर अधिनियम 1961 के साथ-साथ वित्त अधिनियम 2025 में संशोधन करेगा।

वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण की ओर से पेश किए गए ये विधेयक बिहार में मतदाता सूची में संशोधन को लेकर विपक्ष के जोरदार विरोध के बीच बिना किसी बहस के पारित हो गए। इन विधेयकों को ध्वनिमत से पारित करने के बाद लोकसभा की कार्यवाही दिन भर के लिए स्थगित कर दी गई।

### खेल प्रशासन विधेयक लोकसभा से पारित

बहुप्रतिक्षित राष्ट्रीय खेल प्रशासन विधेयक सोमवार को लोकसभा से पारित हो गया है। केंद्रीय खेल मंत्री मनसुख मांडविया ने इसे आजादी के बाद भारतीय खेलों का सबसे बड़ा सुधार करार दिया है। मांडविया ने 23 जुलाई को इस विधेयक को लोकसभा में पेश किया था। इस विधेयक में जवाबदेही की एक सख्त व्यवस्था बनाने के लिए एक राष्ट्रीय खेल बोर्ड (एनएसबी) के गठन का प्रावधान है। सभी राष्ट्रीय खेल महासंघों (एनएसएफ) को केंद्र सरकार से धन प्राप्त करने के लिए एनएसबी से मान्यता प्राप्त करनी होगी। मांडविया ने कहा, यह आजादी के बाद से खेलों में किया गया सबसे बड़ा सुधार है। यह विधेयक खेल संघों में जवाबदेही, न्याय और सर्वोत्तम प्रशासन सुनिश्चित करेगा। भारत के खेल जगत में इसका व्यापक महत्व होगा। यह दुर्भाग्यपूर्ण है कि इतने महत्वपूर्ण विधेयक और सुधार में विपक्ष की भागीदारी नहीं है। (शेष पृष्ठ 6 पर...)

### प्रवर समिति की सिफारिशों को शामिल कर दोबारा पेश किया गया था आयकर विधेयक

इससे पहले, वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने सोमवार को लोकसभा में आयकर विधेयक का संशोधित संस्करण पेश किया था। नए बिल में बैजयंत पांडा की अध्यक्षता वाली प्रवर समिति की अधिकांश सिफारिशें शामिल हैं। यह कदम पिछले हफ्ते सरकार की ओर से आयकर विधेयक, 2025 को वापस लेने के फैसले के बाद उठाया गया है।

नए बिल को छह दशक पुराने आयकर अधिनियम, 1961 की जगह लेने के लिए 13 फरवरी को पेश किया गया था। इसे प्रवर समिति की सिफारिशों के बाद सरकार ने वापस ले लिया था। 11 अगस्त को पेश किए गए नए मसौदे का उद्देश्य सांसदों को एक एकल और अपडेटेड संस्करण प्रदान करना है। इसमें प्रवर समिति की ओर से सुझाए गए अधिकांश बदलाव शामिल किए गए थे।

संसद में विधेयक वापस लेने और नया बिल पेश करने के बारे में बताते हुए वित्त मंत्री सीतारमण ने कहा, प्रवर समिति से सुझाव मिले हैं, जिन्हें बिल को सही मायने में विधायी अर्थ देने के लिए उसमें शामिल करना आवश्यक है। बिल के ड्राफ्ट की प्रकृति, वाक्यांशों के एलाइनमेंट, परिवर्तनकारी बदलावों और परस्पर संदर्भों में सुधार किए गए हैं। उन्होंने आगे कहा कि भ्रम से बचने के लिए पहले के विधेयक को वापस ले लिया गया था। उन्होंने बताया कि नया मसौदा 1961 के अधिनियम को बदलने के आधार के रूप में काम करेगा।

### बिना बहस के बिल पारित होने पर अखिलेश ने जताया विरोध

लोकसभा में नया आयकर विधेयक 2025 बिना किसी बहस के पारित होने पर सपा प्रमुख अखिलेश यादव सवाल उठाया। उन्होंने कहा, यह भाजपा के काम करने का तरीका है। सदन में बिना किसी चर्चा के इतना बड़ा फैसला ले लिया गया... (शेष पृष्ठ 6 पर...)

## वोटर वेरिफिकेशन के खिलाफ विपक्ष का मार्च: राहुल-प्रियंका, अखिलेश को हिरासत में लिया, 2 घंटे बाद छोड़ा; प्रदर्शन के दौरान 2 महिला सांसद बेहोश हुई

नई दिल्ली। वोटर वेरिफिकेशन और चुनाव में वोट चोरी के आरोप पर विपक्ष के 300 सांसदों ने सोमवार को संसद से चुनाव आयोग के ऑफिस तक मार्च निकाला। इस दौरान लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी, प्रियंका गांधी, अखिलेश यादव समेत कई विपक्षी सांसदों को हिरासत में लिया गया। पुलिस उन्हें संसद मार्ग पुलिस स्टेशन ले गई, जहां से 2 घंटे बाद रिहा कर दिया गया।

हिरासत में लिए जाने के बाद राहुल गांधी ने कहा कि यह संविधान बचाने की लड़ाई है। ये एक व्यक्ति-एक वोट की लड़ाई है, इसलिए हमें साफ वोटर लिस्ट चाहिए। वहीं प्रियंका गांधी ने कहा कि यह सरकार डरी हुई है और कायर है। मार्च के दौरान अखिलेश ने बैरिकेडिंग फांदकर आगे बढ़ने की कोशिश की। जब सांसदों को आगे नहीं जाने दिया गया तो वे जमीन पर बैठ गए। प्रियंका, डिंपल समेत कई सांसद वोट चोर गद्दी छोड़ के नारे लगाते दिखे। प्रदर्शन के दौरान TMC सांसद मिताली बाग और महुआ मोइत्रा की तबीयत बिगड़ गई। बेहोश हो गई। राहुल गांधी और अन्य सांसदों ने उनकी मदद की। इससे पहले दोनों सदनों में इस मुद्दे पर भारी हंगामा हुआ।



### दिल्ली पुलिस बोली- सांसदों ने मार्च के लिए अनुमति नहीं मांगी

मार्च संसद के मकर द्वार से शुरू हुआ। सांसदों के हाथों में वोट बचाओ के बैनर थे। हालांकि, दिल्ली पुलिस ने कहा था कि इंडिया ब्लॉक ने मार्च के लिए कोई अनुमति नहीं मांगी है, इसलिए इलेक्शन कमीशन जाने से पहले ही मार्च को परिवहन भवन के पास बैरिकेडिंग लगाकर रोक दिया गया। कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने गुरुवार को वोटर लिस्ट में गड़बड़ी पर 1 घंटे 11 मिनट तक 22 पेज का प्रेजेंटेशन दिया। राहुल ने स्क्रीन पर कर्नाटक की (शेष पृष्ठ 6 पर...)

### मैं शपथ पत्र पर हस्ताक्षर क्यों करूं ? यह उनका डाटा है, चुनाव आयोग की मांग पर राहुल गांधी का जवाब

वोट चोरी विवाद के बीच कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने शपथपत्र पर हस्ताक्षर करने को लेकर बड़ा बयान दिया है। राहुल गांधी ने मीडिया से बात करते हुए कहा कि, मैं शपथपत्र पर हस्ताक्षर क्यों करूं? यह उनका डाटा है, मेरा नहीं। इससे पहले विपक्षी सांसदों ने सोमवार को कथित वोट चोरी के खिलाफ संसद से चुनाव आयोग तक मार्च निकाला, लेकिन पुलिस ने बीच में रोककर सभी को हिरासत में ले लिया। लोकसभा में विपक्ष के नेता और कांग्रेस सांसद राहुल गांधी से जब चुनाव आयोग द्वारा उनसे वोट चोरी के आरोप पर शपथपत्र पर हस्ताक्षर करने के अनुरोध के बारे में पूछा गया, तो उन्होंने कहा, मैं शपथपत्र पर हस्ताक्षर क्यों करूं? यह उनका डेटा है, मेरा नहीं। उन्हें इसे अपनी वेबसाइट से लेना चाहिए। वे बस ध्यान भटका रहे हैं। और किसी को यह नहीं सोचना चाहिए कि यह केवल बंगलूरू में हुआ है; यह देश (शेष पृष्ठ 6 पर...)

## शिव मंदिर जा रहे श्रद्धालुओं की जीप पलटी, 7 महिलाओं की मौत

मुंबई। महाराष्ट्र के पुणे जिले के खेड़ तालुका में सोमवार को एक भीषण सड़क हादसे में सात महिलाओं की मौत हो गई, जबकि 20 से अधिक लोग घायल हो गए। हादसा उस समय हुआ जब पापलवाड़ी गांव से महिलाएं और बच्चे कुंडेश्वर शिव मंदिर दर्शन के लिए जा रहे थे। घाट क्षेत्र में नागमोडी मोड़ चढ़ते समय पिकअप जीप अनियंत्रित हो गई और 25-30 फीट गहरी खाई में पलट गई। इस हादसे पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने दुख जताया है और मुआवजे का ऐलान किया है। बताया जा रहा है कि हादसा आज दोपहर करीब डेढ़ बजे हुआ। पिकअप में करीब 30 से 35 महिला श्रद्धालु सवार थीं। पुलिस के अनुसार, दुर्घटना में सात महिलाओं की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि कई गंभीर रूप से घायल हुईं। सभी घायलों को विभिन्न अस्पतालों में भर्ती कराया गया है। जहां कुछ की हालत नाजुक बताई जा रही है। इस घटना से पूरे इलाके में शोक का माहौल है। पिंपरी-चिंचवड पुलिस के डीसीपी शिवाजी (शेष पृष्ठ 6 पर...)



पीएम मोदी ने की मुआवजे की घोषणा

## भारत में लोकतंत्र की हत्या हो रही है, विपक्षी सांसदों की हिरासत पर उद्धव ठाकरे का केंद्र पर वार

मुंबई। शिवसेना (यूबीटी) प्रमुख और महाराष्ट्र के पूर्व मुख्यमंत्री उद्धव ठाकरे ने केंद्र सरकार पर जमकर निशाना साधा है। दिल्ली में चुनाव आयोग के दफ्तर तक मार्च के दौरान विपक्षी सांसदों की हिरासत पर उन्होंने कहा कि पूरी दुनिया देख रही है कि भारत में लोकतंत्र की हत्या हो रही है।



### सरकार ने लोकतंत्र को कलंकित किया

इस दौरान उद्धव ठाकरे ने आरोप लगाया कि सरकार ने अपने ही हाथों से लोकतंत्र को कलंकित कर दिया है। उन्होंने कहा, यह लड़ाई सरकार से नहीं, बल्कि चुनाव आयोग से है। हम वोट चोरी के खिलाफ आवाज उठा रहे हैं। बता दें कि दिल्ली में विपक्षी दलों के सांसद चुनाव आयोग को ज्ञापन देने जा रहे थे, तभी पुलिस ने कई नेताओं को रोककर हिरासत में ले लिया। उद्धव ठाकरे ने इसे लोकतांत्रिक मूल्यों पर हमला बताया। बिहार में मतदाता सूची संशोधन के विरोध में विपक्षी सांसदों ने संसद भवन से चुनाव आयोग कार्यालय तक विरोध मार्च निकाला। इस दौरान प्रदर्शनकारी विपक्षी सांसदों को रोकने के लिए परिवहन भवन में पुलिस बैरिकेड्स लगा दिए। यहां उन्हें चुनाव आयोग मुख्यालय की ओर आगे बढ़ने से रोक दिया गया। पुलिस का कहना था कि विपक्षी सांसदों की ओर से इस मार्च के लिए कोई अनुमति नहीं ली गई थी। पुलिस की ओर से रोके जाने के बाद अखिलेश यादव, महुआ मोइत्रा समेत कई सांसदों ने बैरिकेड्स पर चढ़ने की कोशिश की। कुछ सांसद बैरिकेड्स कूदकर बीच सड़क पर धरने पर बैठ गए। पुलिस ने प्रदर्शन कर रहे सांसदों को समझाने की कोशिश की, लेकिन जब सांसदों ने सड़क से हटने से इनकार किया तो राहुल-प्रियंका गांधी समेत तमाम नेताओं को पुलिस ने हिरासत में ले लिया।

## कर्नाटक सरकार में मचा घमासान: सहकारिता मंत्री के एन राजन्ना ने दिया इस्तीफा

बंगलूरू। कर्नाटक के सहकारिता मंत्री के एन राजन्ना ने अपने पद से इस्तीफा दे दिया है। मुख्यमंत्री कार्यालय के एक शीर्ष सूत्र ने बताया, राजन्ना ने विधान सौधा में मुख्यमंत्री के साथ बैठक की। इस बैठक के बाद उन्होंने अपने पद से इस्तीफा दे दिया है। कर्नाटक के राज्यपाल थावरचंद गहलोत ने सहकारिता मंत्री के एन राजन्ना का इस्तीफा स्वीकार कर लिया है। यह मामला सोमवार को कर्नाटक विधानसभा सत्र के दौरान चर्चा का विषय बन गया, जब भाजपा विधायकों ने कानून एवं संसदीय कार्य मंत्री एचके पाटिल और राजन्ना से इस मामले पर स्थिति स्पष्ट करने की मांग की। बता दें कि सीएम सिद्धारमैया के करीबी और राज्य सरकार में मंत्री केएन राजन्ना पिछले दो महीनों से चर्चा में थे जब उन्होंने दावा किया था कि अगस्त क्रांति होगी, जिससे सरकार में बड़े उलटफेर का संकेत मिलता है। वहीं इससे पहले केएन राजन्ना ने कथित मतदाता सूची में हेराफेरी पर पार्टी की चुप्पी पर भी सवाल उठाए थे। राजन्ना ने कर्नाटक कांग्रेस के नेताओं पर सवाल करते हुए है कि, जब सूची तैयार की गई थी और उसमें अनियमितताएं थीं, तो इसकी शिकायत क्यों नहीं की गई? कर्नाटक के मंत्री केएन राजन्ना ने राहुल गांधी के चुनाव आयोग पर लगाए आरोपों (शेष पृष्ठ 6 पर...)



## आसिम मुनीर ने दी न्यूक्लियर अटैक की धमकी तो भारत ने किया पलटवार, कहा- ऐसी धमकियों से हम नहीं झुकेंगे

नई दिल्ली। पाकिस्तान के सेना प्रमुख आसिम मुनीर की ओर से अमेरिका में दिए गए एक विवादित बयान पर भारत ने कड़ी प्रतिक्रिया दी है। मुनीर ने फ्लोरिडा के टाम्पा शहर में एक जनसभा को संबोधित करते हुए कथित तौर पर कहा कि पाकिस्तान एक परमाणु शक्ति है और अगर उन्हें लगा कि उनका देश डूब रहा है, तो वे आधी दुनिया को भी अपने साथ डुबो देंगे। भारत के विदेश मंत्रालय ने इस बयान को परमाणु हथियार लहराने का एक और उदाहरण बताया और कहा कि यह पाकिस्तान के परमाणु कमान और नियंत्रण तंत्र की गंभीर कमजोरी को उजागर करता है। भारत ने यह भी कहा कि ऐसे देश में, जहां सेना का आतंकवादी संगठनों से गहरा संबंध है, वहां से इस तरह की बातें अंतरराष्ट्रीय समुदाय के लिए चिंता का विषय हैं। भारत ने इस बात पर भी खेद जताया कि पाकिस्तान ने इस तरह की धमकी एक तीसरे मित्र देश (अमेरिका) की धरती से दी है। विदेश मंत्रालय ने इसे बेहद दुर्भाग्यपूर्ण बताया और कहा कि इससे अंतरराष्ट्रीय मंच पर पाकिस्तान की गंभीरता और जिम्मेदारी पर सवाल खड़े होते हैं। सरकार ने साफ (शेष पृष्ठ 6 पर...)



## जेलेंस्की ने पीएम मोदी से की बात, जल्द भारत आ सकते हैं यूक्रेन के राष्ट्रपति

कीव। यूक्रेन के राष्ट्रपति वोलोदिमिर जेलेंस्की ने भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के साथ लंबी और विस्तृत बातचीत की। जेलेंस्की ने सोशल मीडिया पर जानकारी देते हुए बताया कि इस वार्ता में दोनों देशों के द्विपक्षीय संबंधों और मौजूदा अंतरराष्ट्रीय कूटनीतिक हालात पर विस्तार से चर्चा हुई। उन्होंने प्रधानमंत्री मोदी को यूक्रेनी जनता के प्रति उनके गर्मजोशी भरे समर्थन के लिए धन्यवाद दिया। राष्ट्रपति जेलेंस्की ने आगे कहा कि उन्होंने पीएम मोदी को रूस के हमलों के बारे में विस्तार से अवगत कराया। उन्होंने बताया कि किस तरह रूसी सेना यूक्रेन के शहरों और गांवों को निशाना बना रही है। विशेष रूप से उन्होंने जापोरिजिया के बस स्टेशन पर हुए एक दिन पहले हुए हमले का जिक्र किया, जिसमें दर्जनों लोग घायल हुए। उन्होंने आरोप लगाया कि यह हमला जानबूझकर एक सामान्य शहरी ढांचे पर किया गया, जबकि इस समय युद्ध समाप्त करने के लिए कूटनीतिक संभावना मौजूद है। जेलेंस्की के अनुसार, रूस युद्धविराम की इच्छा दिखाने के बजाय कब्जा और हत्याएं जारी रखने का संकेत दे रहा है। यूक्रेनी राष्ट्रपति ने कहा कि भारत उनकी शांति बहाल करने की कोशिशों का समर्थन करता है और यह मानता (शेष पृष्ठ 6 पर...)



## रॉबर्ट वाड्रा पर 58 करोड़ की अवैध कमाई का आरोप, ईडी ने दायर की चार्जशीट

नई दिल्ली। प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने रॉबर्ट वाड्रा, सत्यनंद याजी, केवल सिंह विरक और कुछ कंपनियों के खिलाफ धन शोधन निवारण अधिनियम (पीएमएलए) के तहत शिकायत दाखिल की है। इसमें स्काई लाइट हॉस्पिटैलिटी प्राइवेट लिमिटेड, स्काई लाइट रियल्टी प्राइवेट लिमिटेड और ओंकारेश्वर प्रॉपर्टीज प्रा. लिमिटेड (अब एसजीवाई प्रॉपर्टीज) जैसे नाम शामिल हैं।



यह मामला 1 सितंबर 2018 को गुरुग्राम के खेड़की दौला पुलिस स्टेशन में दर्ज एफआईआर नंबर 0288 से शुरू हुआ। इसमें रॉबर्ट वाड्रा, हरियाणा के पूर्व मुख्यमंत्री भूपेंद्र सिंह हुड्डा, डीएलएफ और अन्य के खिलाफ आईपीसी की धाराएं 120-बी, 420, 467, 471 और भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम की धारा 13 के तहत केस दर्ज हुआ। ईडी का कहना है कि एसएलएचपीएल, जिसकी पूंजी बहुत कम थी, ने ओंकारेश्वर प्रॉपर्टीज प्रा. लिमिटेड से गुरुग्राम के शिकोहपुर गांव में 3.5 एकड़ जमीन 7.5 करोड़ रुपए में खरीदी। लेकिन असल में, 15 करोड़ रुपए में सौदा हुआ था। बिक्री पत्र में गलत तरीके से चेक द्वारा भुगतान दिखाया गया, जबकि भुगतान हुआ ही नहीं। स्टांप ड्यूटी (करीब 45 लाख) बचाने के लिए गलत (शेष पृष्ठ 6 पर...)

## देश में अब 476 गैर-मान्यता प्राप्त पार्टियां नहीं लड़ पाएंगी चुनाव

नई दिल्ली। चुनाव प्रक्रिया को स्वच्छ व पारदर्शी बनाने की प्रक्रिया में चुनाव आयोग ने सोमवार को 476 और पंजीकृत राजनीतिक दलों को अपनी सूची से हटाने की कार्रवाई शुरू की है। आयोग का कहना है कि इन दलों ने 2019 से लगातार छह वर्षों तक एक भी चुनाव लड़ने की आवश्यक शर्त को पूरा नहीं किया था। इसके चलते इनके खिलाफ यह कदम उठाया गया है।

इसके साथ ही देश में पंजीकृत गैर-मान्यता प्राप्त राजनीतिक दलों की कुल संख्या अब 2044 रह जाएगी। आयोग इससे पहले भी 334 दलों को सूची से हटा चुका है। आयोग ने मुताबिक लोक प्रतिनिधित्व कानून के तहत पंजीकृत दलों को कुछ विशेषाधिकार और लाभ मिलते है। जिसमें इन्हें चुनाव चिन्ह आवंटित होता है। साथ ही इनकम टैक्स आदि में भी छूट दी जाती है। आयोग ने इस बीच इन सभी दलों की सूची राज्यों के मुख्य निर्वाचन पदाधिकारियों को मुहैया कराई और कहा है कि वह इन दलों को कारण बताओ नोटिस जारी कर इन्हें अपना पक्ष रखने का मौका दें।

इसके बाद इन्हें पंजीकृत गैर-मान्यता प्राप्त दलों की सूची से हटाने की कार्रवाई की जाएगी। जिन दलों को सूची से हटाने को लेकर चुनाव आयोग ने कार्रवाई शुरू की है, उनमें 121 दल अकेले उत्तर प्रदेश के है, जबकि महाराष्ट्र के 44, तमिलनाडु के 42, दिल्ली के 41,मध्य प्रदेश के 23 व राजस्थान के 18 दल सहित 30 राज्यों से जुड़े दल शामिल है। चुनाव आयोग में अब तक 2854 दल पंजीकृत थे।

## पीएम मोदी ने विपक्ष पर कसा तंज, कहा- कुछ लोग कोसी टावर को बिहार चुनाव के चश्मे से देखेंगे

नई दिल्ली। पीएम नरेंद्र मोदी ने सोमवार को सांसदों के लिए नए फ्लैट्स के उद्घाटन के दौरान विपक्ष पर तंज कसा। पीएम मोदी ने कहा कि कुछ लोग सांसदों के लिए बने बहुमंजिला फ्लैटों के कोसी टावर को बिहार विधानसभा चुनावों के चश्मे से देखेंगे। बाबा खड़क सिंह मार्ग पर बने 184 नए टाइप-7 बहुमंजिला फ्लैट्स के एक टावर का नाम बिहार की कोसी नदी के नाम पर है।

पीएम नरेंद्र मोदी ने कहा कि परिसर के चार टावरों के नाम कृष्णा, गोदावरी, कोसी और हुगली नदियों के नाम पर रखे गए हैं। मुझे संसद में अपने सहयोगियों के लिए आवासीय परिसर का उद्घाटन करने का सौभाग्य मिला। चार टावरों के नाम कृष्णा, गोदावरी, कोसी और हुगली हैं, जो भारत की चार महान नदियां हैं।



कुछ लोगों को कोसी नाम के टावर से असहजता महसूस होगी। वे इसे नदी के रूप में नहीं, बल्कि बिहार चुनावों के चश्मे से देखेंगे। पीएम मोदी ने कहा कि अब दिल्ली में सांसदों को रहने में आसानी होगी। सांसदों के लिए घरों की उपलब्धता बढ़ेगी। मैं इन फ्लैटों के निर्माण में लगे इंजीनियरों और कर्मचारियों को बधाई देता हूं। हमारे सांसदों को नए आवासों में कोई परेशानी नहीं होगी। वे अपने काम पर ज्यादा ध्यान दे पाएंगे। इन बहुमंजिला इमारतों में 180 से अधिक सांसद एक साथ रह सकेंगे। 2014 से अब तक 350 सांसद आवास बनाए जा चुके हैं।

पीएम ने कहा कि जैसा कि मैंने पहले कहा था कि किराये के भवनों में चलने वाले मंत्रालयों के किराये पर सरकार को सालाना लगभग 1500 करोड़ रुपये का खर्च आता था। इसी तरह पर्याप्त संख्या में सांसद आवासों के अभाव में सरकारी खर्च बहुत ज्यादा था। सांसद आवासों की कमी के बावजूद 2014 से 2024 तक कोई नया आवास नहीं बनाया गया। हमने इस काम को एक अभियान की तरह लिया। 2014 से अब तक लगभग 350 सांसद आवास बनाए जा चुके हैं। इससे पहले (शेष पृष्ठ 6 पर...)

## सिंधु नदी पर बांध बना तो युद्ध होगा, पाक के पूर्व विदेश मंत्री बिलावल भुट्टो की गीदड़ भभकी

इस्लामाबाद। पाकिस्तान के पूर्व विदेश मंत्री और पाकिस्तान पीपुल्स पार्टी के अध्यक्ष बिलावल भुट्टो जरदारी ने भारत को युद्ध की धमकी दी है. उनका कहना है कि अगर भारत सिंधु जल संधि को स्थगित रखता है और सिंधु नदी पर बांध बनाने की कोशिश करता है, तो हालात युद्ध तक पहुंच सकते हैं. बिलावल ने यह बयान हजरत शाह अब्दुल लतीफ भिट्टाई के 282वें उर्स के दौरान, भीत शाह में आयोजित शाह लतीफ पुरस्कार समारोह में दिया. बता दें कि पहलगाम में हुए आतंकी हमले के बाद भारत ने पाकिस्तान के खिलाफ कई सख्त कदम उठाए थे, जिनमें सिंधु जल संधि को रोकना भी शामिल था. इस कदम से पाकिस्तान बौखलाया हुआ है. 7 मई को भारत ने पहलगाम आतंकी हमले का बदला लेते हुए पाकिस्तान और पीओके में 9 आतंकी ठिकानों पर हवाई हमला कर उन्हें पूरी तरह तबाह कर दिया. यह पाकिस्तान के लिए बड़ा झटका था. हालांकि 10 मई को दोनों देशों के बीच युद्धविराम हो गया था. इससे पहले भारतीय सेना प्रमुख जनरल उपेंद्र द्विवेदी ने भी कहा था कि जिस अगले युद्ध की आशंका जताई जा रही है, वह जल्द ही हो सकता है और हमें उसी के मुताबिक तैयार रहना होगा. उन्होंने बताया कि ऑपरेशन सिंदूर के दौरान (शेष पृष्ठ 6 पर...)



## पहला कॉलम...

# अभा पुजारी संघ के राष्ट्रीय अध्यक्ष बने देवकुमार निर्वाणी



राजनांदगांव (दावा)। अखिल भारतीय पुजारी संघ के राष्ट्रीय चुनाव समिति की बैठक संपन्न हुआ। आभापूसा के संरक्षक महंत गोपी दास वृंदावन, महंत देवनाथ शास्त्री, पिपरिया महंत श्यामसुंदर दास महावीर मंदिर के महंत साकेत बिहारी ने सर्वसम्मति से देवकुमार निर्वाणी को अखिल भारतीय पुजारी संघ का राष्ट्रीय अध्यक्ष बनाया। श्री निर्वाणी के राष्ट्रीय अध्यक्ष बनते ही राजनंदगांव मंदिरों के पुजारियों में उत्साह का वातावरण निर्मित हो गया। पुजारी संघ के राष्ट्रीय कार्यालय बाला बाबा मंदिर सोनार पारा में पटाखा फोड़कर व मिठाई बटकर एक दूसरे को बधाई दी। श्री निर्वाणी को बधाई देने वालों में डोंगरगढ़ बजरंगबली मंदिर के महाराज चंदन दास, हनुमान मंदिर राजनांदगांव के महाराज डोमन दास किल्ला पारा मंदिर के पुरोहित दिलीप दास, पांडाडह बड़े जमात मंदिर पुजारी रिंकू दास, मध्य प्रदेश बालाघाट लांजी राम मंदिर के पुजारी लक्ष्मी नारायण दास, कृष्ण मंदिर के पुजारी मनीष दास, महावीर मंदिर के पुजारी हालदार दास तथा सामाजिक बंधु एलडी निर्मोही, राकेश दास वैष्णव, संजय वैष्णव, अनूप दास वैष्णव, शिव वैष्णव, कृष्ण कुमार वैष्णव, जितेंद्र वैष्णव, सतीश वैष्णव, मनोज निर्वाणी, बाबा वैष्णो, ज्ञानी वैष्णव, रोहित वैष्णव, धर्म वैष्णव अमर वैष्णो, संजीत वैष्णव, राजकुमार वैष्णव, सोनेट निर्वाणी, राम वैष्णव, विष्णु वैष्णव, विभिन्न सामाजिक तथा पुजारी ने श्री निर्वाणी को बधाई शुभकामनाएं प्रेषित की

## भाजपा कार्यालय में तिरंगा यात्रा को लेकर बैठक आयोजित



राजनांदगांव (दावा)। भाजपा कार्यालय में तिरंगा यात्रा हर घर तिरंगा, घर-घर तिरंगा यात्रा के विषय में कार्यशाला आयोजित किया गया। जिसमें मुख्य वक्ता के रूप में एमडी ठाकुर, जिला भाजपा के अध्यक्ष कोमल सिंह राजपूत, जिला पंचायत सभापति श्रीमती देवकुमारी साहू, जनपद पंचायत राजनांदगांव के अध्यक्ष श्रीमती प्रतिमा पप्पू चंद्राकर, मंडल अध्यक्ष पश्चिम मनोज साहू, पूर्व अध्यक्ष खिलेश्वर साहू सहित ग्रामीण मंडल के समस्त पदाधिकारी शक्ति केंद्र के प्रभारी संयोजक बूथ अध्यक्ष सहित कार्यकर्ताओं की उपस्थिति रही। जिसमें मुख्य वक्ता श्री ठाकुर ने कार्यकर्ताओं में जोश भरते हुए संगठन की जिम्मेदारी निभाना हेतु जैसे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के सपना हर घर तिरंगा यात्रा को लेकर जानकारी तथा आगामी 15 अगस्त तक बूथ लेवल के सभी पदाधिकारियों के निवास स्थान में तिरंगा झंडा लगाना तथा स्वच्छता, सहित अनेक जानकारी प्रदान की।

## मोबाइल के लिए मना किया तो बालक ने लगा ली फांसी

राजनांदगांव (दावा)। बच्चों में मोबाइल की आदत इतनी बढ़ गई है कि उसके नहीं मिलने पर आत्महत्या जैसे कदम उठा ले रहे हैं। तुमड़ीबोड़ में एक 12 वर्षीय बालक ने उसकी मां द्वारा उसे मोबाइल नहीं देने पर फांसी लगा ली। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार तुमड़ीबोड़ निवासी तुषार साहू पिता महेंद्र साहू उम्र 12 वर्ष अपनी मां से मोबाइल की मांग की। मां ने यह कहते हुए मना कर दिया कि वह राखी बांधने अपने भाई के घर जा रही है। इससे क्षुब्ध बालक तुषार ने अपने घर में फांसी लगाकर कर आत्महत्या कर ली। शाम को उसके परिजन घर लौटे तो उन्हें घटना की जानकारी हुई। तुमड़ीबोड़ चौकी पुलिस ने मर्ग कायम कर घटना को जांच में ले लिया है।

## युवक ने किया 4 वर्षीय मासूम से दुष्कर्म

राजनांदगांव (दावा)। सोमनी थाना क्षेत्र में एक युवक द्वारा 4 वर्षीय मासूम के साथ दुष्कर्म किए जाने की घटना सामने आई है। पीड़ित बालिका के परिजनों ने सोमनी थाने में रिपोर्ट दर्ज कराए जाने पर पुलिस ने आरोपी को धर दबोचा है और उसके खिलाफ विभिन्न धाराओं के तहत कार्रवाई की है। बताया जाता है कि लोकेश पटेल पिता श्रवण पटेल उम्र 25 वर्ष अपने पड़ोस में रहने वाली 4 वर्षीय मासूम बालिका को बहला फुसलाकर कर उसके साथ दुष्कर्म किया। बालिका के रोने पर जब उसके परिजनों ने पूछताछ की तो उसने अपने साथ हुई घटना की जानकारी दी। इसके पश्चात पीड़ित बालिका के परिजनों ने सोमनी थाने में शिकायत दर्ज कराई। पुलिस द्वारा आरोपी को गिरफ्तार कर उसके खिलाफ विभिन्न धाराओं के तहत कार्रवाई की गई।

## सतीश पागोटे का निधन



राजनांदगांव (दावा)। तुलसीपुर निवासी सतीश पागोटे का आज आकस्मिक निधन हो गया है, उनका अंतिम संस्कार आज 12 अगस्त दिन मंगलवार को किया जाएगा। उनकी अंतिम यात्रा निज निवास तुलसीपुर से सुबह 11 बजे निकलेगी।





श्री कृष्णा (एयरकुल) में
रोजाना 4 खेल
सुपरहिट
सैयारा
अहान पांडे, अनिता पड्डा, वरूण बडोला, आलम खान




14 अगस्त से वार-2
ऑनलाईन बुकिंग paytm & bookmyshow.com


# बारिश थमने से उमस का जोर, खेतों में पानी का जमाव कम, किसानों की बढ़ी चिंता

राजनांदगांव (दावा)। पिछले कुछ दिनों से बारिश थमी हुई है। इससे उमस का जोर बना हुआ है। लोग चिपचिपी गर्मी वाले उमस से परेशान हो रहे हैं। बारिश के दिनों में उन्हें पंखा कूलर एसी चलाना पड़ रहा है। यह माहौल अभी एक-दो दिनों तक और बने रहने की संभावना जताई जा रही है। बारिश के इस तरह अचानक से रुक जाने से किसानों की चिंता बढ़ गई है। खेतों में पानी का जमाव कम होने से किसान सोचने के लिए विवश हो गए है कि बारिश नही होने से उनकी फसलों का क्या होगा?

### लिहाजा आने वाले दिनों में किसानों की मुश्किलें बढ़ सकती है

बताते चलें कि जिले में आषाढ़ व सावन के महिने अपेक्षा के मुताबिक बारिश हुई थी लेकिन सावन महिने के अंतिम सप्ताह में बारिश थम जाने से किसानों की चिंता बढ़ जाना स्वाभाविक जान पड़ता है। बारिश के रुके होने से खेतों में पानी अब कम होता जा रहा है। इससे फसलों को बिना पानी खराब होने की चिंता बनी हुई है।

### एक-दो दिनों में वर्षा की गतिविधियों में होगी वृद्धि

### जिले में चार हजार मिमी बारिश

बता दें कि हमारे जिले में इस वर्ष अब तक लगभग 4 हजार मिली मीटर बारिश दर्ज की जा चुकी है। सोमवार की शाम थोड़ी बारिश हुई। इससे भी उमस कम नहीं हुआ अपितु बढ़ गया है। मौसम विभाग की मानें तो बंगाल की खाड़ी में उत्तर-पश्चिम और समीपवर्ती पश्चिम-मध्य में कम दबाव का क्षेत्र बनने से वर्षा की गतिविधि में वृद्धि हो सकती है। लेकिन इसमें अभी एक-दो दिन का समय है। राजस्व कार्यालय से मिली जानकारी के अनुसार चालू मानसून वर्ष में 1 जून से अब तक जिले के सभी तहसीलों में 3900, 6 मिमी बारिश और औसत 557, 7 मिमी बारिश दर्ज की गई है।

भू-अभिलेख के अनुसार डोंगरगढ़ तहसील में 667, 1 मिमी, लालबहादुर नगर तहसील में 542, 5 मिमी राजनांदगांव तहसील में 704, 7 घुमका तहसील में 562 मिमी, छुरिया तहसील में 471, 7 मिमी कुमर्दा तहसील में 457, 5 मिमी डोंगरगांव तहसील में 486, 5 मिमी वर्षा दर्ज की गई है। घुमका तहसील में अब तक की सबसे ज्यादा 13 मिमी वर्षा दर्ज की गई है लेकिन अब बारिश नहीं होने के कारण किसानों के माथे पर चिंता की लकीरें खींच गई है। मौसम विभाग द्वारा हालांकि एक-दो दिन बाद बारिश की गतिविधियों में इजाफा होने की बात कही जा रही है। यदि ऐसा होता है तो यह बारिश फसलों के लिए संजीवनी साबित होगा।

# महापौर ने प्रधानमंत्री जन औषधि केन्द्र का किया शुभारंभ



राजनांदगांव (दावा)। नगर पालिक निगम के वार्ड क्र. 1 बजरंगपुर-नवागांव में महापौर मधुसूदन यादव द्वारा प्रधानमंत्री जन औषधि केंद्र का शुभारंभ फीता काटकर किया गया। महापौर जी ने इस संबंध में बताएं कि जेनेरिक दवा उपलब्ध होने से गरीब असहाय लोगों पर आर्थिक बोझ कम पड़ेगा। उन्होंने कहा कि इस औषधि केंद्र खुलने से लोगों को उचित मूल्य पर गुणवत्तापूर्ण जेनेरिक दवा मिलेगी विशेष रूप से गरीब वंचित के लिए सस्ती कीमतों पर दवाई उपलब्ध होगी।

## आज मां पाताल भैरवी मंदिर में हनुमान चालीसा पाठ

राजनांदगांव (दावा)। मां पाताल भैरवी मंदिर प्रांगण (बर्फानी धाम) में 12 अगस्त मंगलवार को सामूहिक श्री हनुमान चालीसा पाठ, आरती और प्रसाद वितरण का आयोजन होगा। कार्यक्रम शाम 6.30 बजे शुरू होगा और 7.30 बजे तक चलेगा।

# शहर में घुस आए बांग्लादेशी चोर, स्टेशन पारा में दिनदहाड़े चोरी करते पकड़ा गया

राजनांदगांव (दावा)। शहर के विभिन्न क्षेत्रों में चोरी के लिए घरों को निशाना बनाने वाले चोर प्रायः रात के समय को मुफीद समझते हैं, लेकिन बांग्लादेश निवासी माना जा रहा चोर स्टेशन पारा में दिनदहाड़े चोरी करते हुए पकड़ा गया। पुलिस के सुपुर्द किए गए कथित उस चोर को चौकी चिखली पुलिस ने उससे पूछताछ की और ट्रेन में बिठाकर उसे पश्चिम बंगाल भेज दिया है।



### पुलिस ने ट्रेन में बिठा कर उसे भेजा पश्चिम बंगाल

बता दें कि चौकी चिखली पुलिस चौकी क्षेत्र के अंतर्गत स्टेशन पारा रोड स्थित डॉ. अलीम सिद्दीक़ी के क्लिनिक के सामने रविवार को उक्त चोर द्वारा दिनदहाड़े चोरी की घटना को अंजाम दे रहा था। उसे पड़ोसियों ने पकड़ कर पुलिस के हवाले कर दिया। बताया जाता है कि पकड़ा गया आरोपी कुछ-कुछ मानसिक रोगियों की तरह व्यवहार कर रहा था और वह खुद को मोतियों व नगों का व्यापारी बता रहा है। उसकी भाषा बांग्लादेशियों से मिलती जुलती है। पकड़ने वाले स्थानीय लोगों ने उसे बांग्लादेशी होने का अंदाजा लगाया है। चौकी चिखली प्रभारी अरुण कुमार नामदेव ने बताया कि वह मानसिक रूप से अस्वस्थ हैं। वह पश्चिम बंगाल निवासी हैं उसके पास से रेल की टिकट भी मिली है। पूछने पर वह बताया कि वह स्टेशन पारा का उक्त घर अपने घर जैसे लग रहा था इससे वह वहां घुस गया। लोगों ने उसे चोर समझ कर पकड़ लिया। उक्त मानसिक रूप से अस्वस्थ व्यक्ति को उसके पास मिली रेल्वे टिकट के अनुसार ट्रेन में बिठाकर पश्चिम बंगाल के लिए रवाना कर दिया गया है।

# शिवनाथ नदी में श्रावणी पर्व व हेमाद्रि संकल्प के लिए लगी आस्था की डूबकी

### वैदिक मंत्रोच्चार के बीच हुआ पवित्र दस स्नान, यज्ञ-हवन कार्यक्रम आयोजित



राजनांदगांव (दावा)। श्रावणी पर्व के उपलक्ष्य में एक गायत्री शक्तिपीठ द्वारा शिवनाथ नदी में हेमाद्रि संकल्प व पवित्र दस स्नान का आयोजन किया गया।

प्रातः 6 बजे से आयोजित उक्त कार्यक्रम में गायत्री परिजनों द्वारा नदी में आस्था की डूबकी लगाते हुए दूध-दही, घी शहद, हल्दी, गोमय औषधि गो-मूत्र, कुशा आदि से पवित्र दस स्नान किया गया और शुद्धिकरण के पश्चात नदी तट में वैदिक मन्त्रोच्चार के बीच गायत्री महायज्ञ का आयोजन किया गया। जिसमें शक्तिपीठ के पुरोहित सुखनंदन द्वारा उच्चारण वेद मंत्रों के बीच शक्तिपीठ के वरिष्ठ मुरलीधर चौधरी, सालिकराम, मोहन भाई पटेल, व्यास नारायण कौशिक, डॉ. दुलेश्वर साहू, हरिश गांधी, टिकेंद्र ठाकुर भरत देवांगन, गोपालराम, रमेश च्यवन, पीतांबर सेन, मिलन, केशव देवांगन, टीकेश, नूतन,पंकज, मोती लाल, योगेश साहू, धर्मेंद्र आदि सहित बड़ी संख्या में गायत्री परिजनों द्वारा अपने पूर्वजों को याद करते हुए उनकी आत्मा की शांति और मुक्ति के लिए श्रद्धा पूर्वक श्राद्ध तर्पण किया गया। तत्पश्चात नदी तट में आयोजित यज्ञ-हवन में आहूतियां प्रदान की गई। इस दौरान मोहरा नदी तट में वैदिक मंत्रों की गूंज बनी रही।

### कार्यक्रम में संपन्न हुए प्रमुख अनुष्ठान

गायत्री शक्तिपीठ के मुख्य ट्रस्टी सूर्यकांत चितलांग्या व निर्माण ट्रस्टी बृजकिशोर सुरजन ने श्रावणी पर्व व भाई-बहनों के पवित्र प्रेम के प्रतीक पर्व रक्षाबंधन की सबको बधाई एवं शुभकामनाएं देते हुए कहा कि श्रावणी पर्व के दिन इस हमारी सृष्टि का प्रादुर्भाव हुआ था। ब्रह्म को एक अकेला रहना नहीं भाया और उनकी एकोह्म बहुश्याम की स्फुरणा मात्र से वे एक से अनेक होते चले गए। उन्होंने प्रकृति की चारों ओर फैली हरियाली को इस बात का प्रतीक बताया। ट्रस्टी द्वय ने बताया कि शिवनाथ नदी में पवित्र दस स्नान कर जहां परिजनों द्वारा शारीरिक एवं मानसिक शुद्धि का संकल्प लिया गया। वहीं देश समाज व परिवार के प्रति अपनी जिम्मेदारी, स्वच्छता, पर्यावरण व समाज मे सद्भाव बढ़ाने आध्यात्मिकता और नैतिक मूल्यों को बढ़ावा देने की हेमाद्रि संकल्प भी ली गई और पूज्य गुरुदेव आचार्य श्री राम शर्मा का संदेश आत्मसात करते हुए उसे जन-जन तक पहुंचाए जाने की बात कही गई। इस दौरान उपस्थित परिजनों ने सृष्टि के उक्त प्रादुर्भाव काल को याद करते हुए जहां एक ओर व्यक्ति के जीवन में आत्मिक शुद्धि एवं नव जीवन की आचार-विचार परिवर्तन हेतु नदी सरोवरों में दस स्नान कर मनाया गया। वहीं प्रकृति के चारों ओर हरियाली बिखेरने के लिए पौधरोपण का भी संकल्प लिया गया और नदी तट पर उपस्थित परिजनों द्वारा पौधरोपण किया गया। उक्ताशय की जानकारी व्यवस्थापक ओमप्रकाश द्वारा दी गई।

# दो सरहदी ग्रामों में शराबबंदी का ऐलान : बेचने या पीने पर लगेगा बड़ा जुर्माना

डोंगरगांव (दावा)। नशा मुक्त भारत अभियान की पांचवी वर्षगांठ के अवसर पर समीपस्थ ग्रामों मोहड़ और माथलडबरी में पूर्ण शराबबंदी का ऐलान कर दिया गया है। इसके लिए दोनों ग्रामों में ग्राम समिति द्वारा बकायदा बैठक लिया गया और सभी ग्रामीणों ने एकमत होकर गांव में शराब बेचने और सार्वजनिक स्थलों में पीने पिलाने वालों पर लगाम कसने का बीड़ा उठाया है। इसके लिए ग्राम माथलडबरी में ग्राम प्रबंधन समिति एवं ग्रामवासियों की गरिमा में उपस्थिति में महत्वपूर्ण बैठक आहूत की गई।



इस बैठक में ग्राम के सार्वजनिक स्थानों पर शराब सेवन करते पकड़े जाने पर 10000 रूपए का अर्थदंड, शराब बिक्री करते पकड़े जाने पर 31000 रूपए अर्थदंड व कानूनी कार्रवाई करने का निर्णय लिया गया। इसी प्रकार ग्राम मोहड़ में शराब बेचने वालों पर 50000 और पीने वालों पर 30000 का जुर्माना लगाया जाएगा। यही नहीं इसकी सूचना देने पर 15000 रुपए का इनाम भी मिलेगा। यह सभी निर्णय ग्रामवासियों की उपस्थिति में ली गई एवं नशामुक्ति अभियान के तहत यह एक बड़ी पहल है। जिसके लिए सभी ग्रामीणों के सामूहिक शपथ ली है। इस अवसर पर माथलडबरी बैठक में प्रमुख रूप से जिला पंचायत प्रतिनिधि चुन्नी यदु, ग्राम प्रमुख टुमन साहू, प्रदीप पटेल उपसरपंच, देवप्रकाश पटेल ग्राम सचिव, गेंदु साहू, राजू देवांगन, भुनेश्वर पटेल, नरेश पटेल, रमन साहू, खेमचंद यदु, प्रदीप धनकर, उमेश पटेल, प्रेम सिन्हा, रमेश यदु, राजेश भोईर, बृजभूषण पटेल, किशन निषाद, चिंटू पटेल, दिनेश साहू, कामता साहू सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित रहे। वहीं ग्राम मोहड़ में भैया लाल देवांगन ग्राम अध्यक्ष, शंकरलाल देवांगन ग्राम पटेल, कमलेश हलबा, श्यामलाल देवांगन, मोहित सोनवानी, यादव देवांगन, चुन्नी हल्बा, कमलेश हल्बा, गोकुल देवांगन, आनंदराम कंवर, नरेंद्र कंवर, कुलेश्वर देवांगन वार्ड पंच, मकुंद देवांगन सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण शामिल रहे। बता दें कि ये दोनों ग्राम डोंगरगांव की सरहद में हैं और इसी सरहद में शहर का शासकीय मदिरा दुकान संचालित है। जिससे सबसे अधिक पीड़ित यही दोनों ग्राम हैं। दोनों ग्रामों में हुए शराबबंदी को लेकर जगह जगह पोस्टर भी लगाए गए हैं। जिसकी चहुंओर सराहना हो रही है।

**कार्यालय अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) राजनांदगांव, जिला-राजनांदगांव, (छ.ग.)**

क्रं/4041/ अविअ/प्रवा.-3/2025
राजनांदगांव, दिनांक 25/07/2025

**ईश्तहार**

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक निर्मल साहू पिता केजऊ साहू, निवासी चिखली, राजनांदगांव, तहसील व जिला राजनांदगांव, द्वारा निज स्वामित्व की भूमि ग्राम चिखली, पटवारी हल्का नंबर 39, खसरा नंबर 378/3 रकबा 0.2600 हेक्टेयर में से 20 डिसमिल के आवासीय प्रयोजन हेतु व्यपवर्तन एवं पुनर्कर निर्धारण का आवेदन मय, खसरा बी-1, नक्शा, ऋण पुस्तिका की प्रति, पंजीकृत बैनामा इत्यादि के साथ प्रस्तुत किया है।

उपरोक्त कृषि भिन्न प्रयोजन के, पुनर्कर निर्धारण बाबत जिस किसी व्यक्ति को कोई दावा/आपत्ति हो तो वे अपना दावा/आपत्ति इस उद्घोषणा प्रकाशन दिनांक से स्वतः या अपने अधिवक्ता के माध्यम से नियत तिथि 09/08 2025 तक न्यायालय में प्रस्तुत कर सकते हैं। निर्धारित अवधि पश्चात प्राप्त दावा /आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

यह ईश्तहार आज दिनांक 25/07/2025 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की मोहर से जारी किया गया।

**अनुविभागीय अधिकारी (रा.)**
**राजनांदगांव**

**शुभांक**

अनुमानित

बी. के
1-5-9
260-8 157-3
राजधानी
3-4-8
123-6 226-0

चेतावनी:-इस पत्र में प्रकाशित सर्वत्र शुभ राशियां ज्योतिष एवं ग्रह नक्षत्र के आधार पर धारणा मात्र है। इसका सट्टे आदि से कोई संबंध नहीं है, दुरूपयोग न करें। दुरूपयोग करने पर प्रकाशक की कोई जवाबदारी नहीं होगी। -सम्पादक

**कार्यालय कलेक्टर (आबकारी) जिला-कबीरधाम (छ.ग.)**

क्रमांक/आब./ठेका/2025-26/4327 कबीरधाम, दिनांक 08/08/2025

**द्वितीय निविदा सूचना-पत्र**

कार्यालय छ.ग. स्टेट मार्केटिंग कार्पोरेशन लिमिटेड रायपुर छ.ग. के पत्र क्रमांक/ सी.एस.एम.सी.एल/उ.प्र.(1)/169/2017/1240 रायपुर दिनांक 27.11.2017 में प्राप्त निर्देश के अनुसार वर्ष 2025-26 हेतु देशी/विदेशी कम्पोजिट मदिरा दुकान के लिए सामान्य प्रयोग नियम के अनुरूप कबीरधाम जिले के देशी कम्पोजिट मदिरा दुकान के लिए आपत्तिरहित स्थल पर भवन किराया लिये जाने के संबंध में निविदा जारी किये जा रहे है:-

| क्र. | मदिरा दुकान का नाम | दुकान स्थापना हेतु निर्धारित क्षेत्र |
|---|---|---|
| 1. | देशी कम्पोजिट मदिरा दुकान कोदवागोड़ान | ग्राम पंचायत कोदवागोड़ान के सीमा अंतर्गत आपत्तिरहित स्थल पर मदिरा दुकान हेतु पूरे साज सज्जा से युक्त |

उपरोक्त मदिरा दुकान के लिए आपत्तिरहित स्थल पर भवन किराये पर लिये जाने के संबंध में कार्यालय जिला आबकारी अधिकारी (कलेक्टोरेट) कबीरधाम के अवकाश के दिनों को छोड़कर कार्यालयीन समय में मुहरबंद निविदा जमा करने की **अंतिम तिथि 20.08.2025 समय 2.00 बजे दोपहर तक है।** निर्धारित मापदण्ड की जानकारी कार्यालय से कार्यालयीन दिवस एवं समय में प्राप्त करेंगे तथा **निविदा प्रपत्र शुल्क - 1000/- (एक हजार रूपये मात्र) बैंक ड्राफ्ट, जिला आबकारी अधिकारी, कबीरधाम** (छ.ग.) के नाम से, जमा कर दिनांक **20.08.2025** को समय अपरान्ह **12.00** बजे तक प्राप्त किया जा सकता है। नियत अवधि के पश्चात प्राप्त निविदा स्वीकार नहीं की जायेगी। सबसे कम दर वाले निविदा स्वीकार किया जावेगा। निविदा स्वीकार करने का या न करने का अंतिम निर्णय समिति का होगा। कार्यालय में प्राप्त निविदा की तकनीकी बिड **दिनांक 20.08.2025 को समय शाम 4.00 बजे एवं वित्तीय बिड दिनांक 22.08.2025 समय शाम 4.00 बजे** निविदाकारों से समक्ष खोली जावेगी।

**(कलेक्टर महोदय द्वारा अनुमोदित)**
**जी- 252602727/1**

**जिला आबकारी अधिकारी**
**हेतु कलेक्टर**
**जिला कबीरधाम (छ.ग.)**

**न्यायालय कलेक्टर एवं भू-अर्जन अधिकारी जिला कबीरधाम (छ.ग.)**

**(प्रारूप -क)**

राज्य शासन के विभाग/उपक्रम/संस्था-परियोजना प्रबंधक (सिंचाई परियोजना) छत्तीसगढ़ **''कार्यालय कार्यपालन अभियंता जल संसाधन संभाग कवर्धा''** जिला कबीरधाम (छ.ग.) विभाग के द्वारा बकेला एवं क्रांति फीडर योजना अंतर्गत नहर निर्माण हेतु ग्राम बकेला प.ह.नं. 09 रा.नि.मं. कुकदूर तहसील कुकदूर, जिला कबीरधाम छ.ग. के प्रभावित किसानों की निजी भूमि को **''सार्वजनिक प्रयोजन''** के लिए आवश्यकता होने से राज्य शासन, उपक्रम/संस्था निम्नांकित कृषकों की नीजि भूमि आपसी सहमति से भूमि क्रय नीति 2016 के तहत् भू-अर्जन करना चाहता है:- **ग्राम/नगर/तहसील-बकेला, कुकदूर सावतनिक प्रयोजना का विवरण बकेला मुख्य नहर निर्माण हेतु।**

| क्रमांक | कृषक का नाम एवं पिता/पति का नाम | जाति | खसरा नम्बर | क्रय करने हेतु प्रस्तावित अर्जित रकबा | | | भूमि का किस्म | सार्वजनिक प्रयोजन का विवरण |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | | एकड़ | हेक्टे. | वर्गमीटर | | |
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 | 9 |
| 1 | मितीबाई पति गौतम, जाति बैगा, सा0देह | अ.ज.जा. | 143/1 | 0.08 | 0.032 | 320 | असिंचित | नहर निर्माण कार्य हेतु |
| 2 | रामकुमार पिता ढोंगरू, जाति बैगा, सा0 देह | अ.ज.जा. | 140/2 | 0.13 | 0.053 | 0 | असिंचित | नहर निर्माण कार्य हेतु |
| 3 | भदिया, राधा पिता बौदा, रामचंद, शिवनंद, जमुना, रामकली, शिवकुमारी पिता कुंवारी, सामबाई पति कुंवारी, तेरस, देवसरिन पिता गुहा, समरत पिता छेरका, देवमुनी, दिपक, परमिला, उर्मिला पिता समरसिंह, जाति बैगा, सा0 देह | अ.ज.जा. | 167 | 1.16 | 0.470 | 0 | असिंचित | नहर निर्माण कार्य हेतु |
| 4 | नेतराम पिता झुरू, जाति मोची, सा0 देह | अ.जा. | 137/21 | 0.48 | 0.194 | 0 | असिंचित | नहर निर्माण कार्य हेतु |
| 5 | मैसवार पिता अनुप, जाति गोंड, सा0 देह | अ.ज.जा. | 180/2 | 0.12 | 0.049 | 490 | असिंचित | नहर निर्माण कार्य हेतु |
| 6 | धुकन पिता अनुप, जाति गोंड, सा0 देह | अ.ज.जा. | 180/4 | 0.15 | 0.061 | 0 | असिंचित | नहर निर्माण कार्य हेतु |
| 7 | अधीना पिता अनुप, जाति गोंड, सा0 देह | अ.ज.जा. | 180/3 | 0.12 | 0.049 | 490 | असिंचित | नहर निर्माण कार्य हेतु |
| 8 | अहिरू पिता अनुप, जाति गोंड, सा0 देह | अ.ज.जा. | 180/1 | 0.22 | 0.089 | 0 | असिंचित | नहर निर्माण कार्य हेतु |
| 9 | बैसाखू पिता मनीराम, जाति बैगा, सा0 देह | अ.ज.जा. | 182/2 | 0.13 | 0.052 | 0 | असिंचित | नहर निर्माण कार्य हेतु |
| 10 | मंगलू पिता फगनू, जाति गोंड, सा0 देह | अ.ज.जा. | 184/3 | 0.16 | 0.065 | 0 | असिंचित | नहर निर्माण कार्य हेतु |
| 11 | उत्तमसिंह पिता बिसाहू, जाति गोंड, सा0 देह | अ.ज.जा. | 204/3 | 0.32 | 0.129 | 0 | सिंचित | नहर निर्माण कार्य हेतु |
| 12 | कातुक पिता अधनु, जाति गोंड, सा0 देह | अ.ज.जा. | 192 | 0.48 | 0.194 | 0 | असिंचित | नहर निर्माण कार्य हेतु |
| | | | 12 | 3.55 | 1.437 | 1300 | - | |
| 13 | शासकीय भूमि | | 136 | 0.26 | 0.105 | 0 | - | नहर निर्माण कार्य हेतु |
| | | | 169 | 0.04 | 0.016 | 0 | - | |
| | | | 170 | 0.23 | 0.016 | 0 | - | |
| | | | 183 | 0.20 | 0.081 | 0 | - | |
| | | | 198 | 0.28 | 0.113 | 0 | - | |
| | | | 196 | | | 0 | - | |
| | | | 195 | | | 0 | - | |
| | | | 194 | | | 0 | - | |
| | | | 193 | | | 0 | - | |
| | | | 214 | 0.02 | 0.080 | 0 | - | |
| | | | 215 | 0.15 | 0.061 | 0 | - | |
| | | | 11 | 1.18 | 0.472 | 0 | - | |
| महायोग- | | | 23 | 4.73 | 1.909 | 1300 | - | |

यदि किसी व्यक्ति को भूमि के स्वत्व के संबंध में कोई आपत्ति हो तो वह प्रकाशन तिथि से 15 दिवस के भीतर आपत्ति के आधार सहित दावा-आपत्ति प्रस्तुत कर सकते है। निर्धारित समयावधि के बाद प्रस्तुत दावा-आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

**(गोपाल वर्मा)**
**कलेक्टर एवं भू-अर्जन अधिकारी**
**जिला-कबीरधाम**

**जी-252602736/1**

# साईबर सिटी की अवधारणा पर प्रारंभ किया गया आरोहण बीपीओ सेंटर - डॉ. रमन सिंह

○ विधानसभा अध्यक्ष ने टेक्नो क्लास बिजनेस सॉल्यूशन के माध्यम से प्रशिक्षित एवं चयनित 160 युवा अभ्यर्थियों को प्रदान किया नियुक्ति प्रमाण पत्र

○ विधानसभा अध्यक्ष ने कार्य कर रहे युवाओं के बीच पहुंचकर उनकी कार्यप्रणाली को समझा और किया उत्साहवर्धन



राजनांदगांव (दावा)। विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह आज ग्राम टेड़ेसरा प्रवास के दौरान आरोहण बीपीओ सेंटर पहुंचकर टेक्नो क्लास बिजनेस सॉल्यूशन के माध्यम से प्रशिक्षित एवं चयनित 160 युवा अभ्यर्थियों को नियुक्ति प्रमाण पत्र प्रदान किया। विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह ने बताया कि चेन्नई और बैंगलोर गए थे तब उन्होंने बीपीओ सेंटर की अवधारणा को समझा। बच्चों से मुलाकात के दौरान उनका उत्साह देखकर लगता था कि जो साईबर सिटी में हो सकता है उसकी शुरूआत छत्तीसगढ़ राज्य में कर सकते हैं। इसी कल्पना को लेकर राजनांदगांव जिले के ग्राम टेड़ेसरा में आरोहण बीपीओ सेंटर प्रारंभ किया गया। आरोहण बीपीओ सेंटर के कार्यरत युवाओं की संख्या बढ़ाकर 2 हजार कर दी गई है। विधानसभा अध्यक्ष डॉ. सिंह ने कहा कि यहां कार्य करने के बाद देश के बैंगलोर, चेन्नई, मुंबई जैसे मेट्रो सिटी में जाकर बीपीओ में कार्य करने में सक्षम रहेंगे। उन्होंने कहा कि रोजगार उपलब्ध कराने के उद्देश्य से आरोहण बीपीओ सेंटर की शुरूआत की गई थी और उसकी सफलता देखकर बहुत खुशी हो रही है। उन्होंने कहा कि बेटियों के चेहरे में खुशी देखकर पिता को सबसे ज्यादा खुशी होती है। विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह ने यहां कार्य कर रहे युवाओं के बीच पहुंचकर उनकी कार्यप्रणाली को समझा और उत्साहवर्धन किया।

इस अवसर पर अध्यक्ष जिला सहकारी केन्द्रीय बैंक सचिन बघेल, अध्यक्ष जिला पंचायत श्रीमती किरण वैष्णव, अध्यक्ष छत्तीसगढ़ श्रम कल्याण मंडल योगेश दत्त मिश्रा, अध्यक्ष जनपद पंचायत श्रीमती प्रतिमा चंद्राकर, उपाध्यक्ष जिला पंचायत श्रीमती किरण साहू, समाजसेवी कोमल सिंह राजपूत, संतोष अग्रवाल, सौरभ कोठारी, जिला पंचायत सदस्य श्रीमती देवकुमारी साहू, सरपंच खिलेश्वर साहू, कलेक्टर डॉ. सर्वेश्वर नरेन्द्र भुरे, पुलिस अधीक्षक मोहित गर्ग, सीईओ जिला पंचायत सुश्री सुरूचि सिंह, अपर कलेक्टर प्रेमप्रकाश शर्मा, एसडीएम खेमलाल वर्मा सहित बड़ी संख्या में जनप्रतिनिधि, अधिकारी, ग्रामीण एवं आरोपहण बीपीओ सेंटर के युवा उपस्थित थे।

# मां और प्रकृति दोनों ही जीवन का मूल आधार है - डॉ. रमन सिंह



राजनांदगांव (दावा)। कांफ्लुएंस महाविद्यालय के राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई, एल्यूमनी एसोसिएशन, गोदग्राम ग्राम पंचायत पार्रीकला, जनपद पंचायत, जिला पंचायत राजनांदगांव, मेरा युवा भारत के संयुक्त तत्वाधान में विस्तार गतिविधि के द्वारा एक पेड़ मां के नाम अभियान के अंतर्गत वृहद वृक्षारोपण अभियान चलाया गया। आयोजन के मुख्य अतिथि डॉ. रमन सिंह पूर्व मुख्यमंत्री विधानसभा अध्यक्ष ने पेड़ लगाये और कहा कि मां और प्रकृति दोनों ही जीवन का मूल आधार है। इस पहल के माध्यम से हम अपनी जिम्मेदारी निभा रहे हैं। विशिष्ट अतिथि डायरेक्टर संजय अग्रवाल ने कहा की 'प्रकृति का श्रृंगार पेड़ लगाने से ही होगा' इसीलिए हमें हर आयोजन पर पेड़ लगाने चाहिए। जिलाध्यक्ष बीजेपी कोमल सिंह राजपूत ने कहा कि विद्यार्थियों ने पौधारोपण अभियान में अपनी भूमिका निभाया। जिससे धरती मां को हरा-भरा बनाने में और अधिक अभियान तेज होगा। जनपद अध्यक्ष प्रतिमा रमेश चंद्राकर ने कहा कि पेड़ हवा से हानिकारक प्रदूषकों को हटाते हैं और हमारे प्राकृतिक वायु फिल्टर के रूप में कार्य करते हैं।

प्रो. विजय मानिकपुरी कार्यक्रम अधिकारी रासेयो ने कहा कि जीवन के पोषण में माता की भूमिका का सम्मान और पृथ्वी के स्वास्थ्य में योगदान के साथ पेड़ जीवनदायी होते हैं और एक तरह से अगली पीढ़ी को पोषण, सुरक्षा और भविष्य प्रदान करते हैं। इस पहल के माध्यम से हम न केवल अपनी मां के सम्मान में एक स्थायी स्मृति बनाते हैं। बल्कि पर्यावरण संरक्षण की महती आवश्यकता भी समझ पा रहे है। जिसमें एक हरे और अधिक समृद्ध भविष्य के निर्माण में भी योगदान देगा। प्राचार्य डॉ. रचना पांडे ने कहा कि इस पहल का मुख्य उद्देश्य वर्तमान समय में बढ़ती ग्लोबल वार्मिंग से निजात पाना एवं इस धरा के भविष्य को सुरक्षित रखना है। आज राष्ट्रीय सेवा योजना के स्वयं सेवकों एवं गांव के नागरिकों ने मिलकर वृक्षरोपण में भाग लिया है। जिससे प्राकृतिक सौंदर्य में वृद्धि होगी।

एक पेड़ मां के नाम अभियान में जिला पंचायत अध्यक्ष किरण वैष्णव, सीईओ राजनंदगांव सुरुचि सिंह, जनपद सीईओ सहित अन्य अधिकारी तथा जनप्रतिनिधियों ने अभियान में संबोधन किया। एक पेड़ मां के नाम से जीई रोड से लेकर गोदाम पार्रीकला सड़क की दोनों ओर लगभग तीन सौ पौधों का रोपण किया गया। आयोजन में महाविद्यालय के प्राध्यापकों सहित गोदाम ग्राम पंचायत पार्रीकला के लोगों सहित विद्यार्थियों की बड़ी संख्या में उपस्थिति रही। इस दौरान सौरभ कोठारी, राजा मखीजा, रमेश चंद्राकर, सीईओ जनपद पंचायत, वन विभाग के अधिकारी एवं कर्मचारी बड़ौदा बैंक के अधिकारी कर्मचारी सहित ग्राम पंचायत सुंदरा के सरपंच हिपेंद्र साहू, रोहित चंद्राकर, योगेश बागड़ी, अनेक गणमान्य नागरिकों की उपस्थिति में वृहद वृक्षारोपण कार्यक्रम किया गया।

# घरेलू झगड़े अक्सर मान कशाय की वजह से होते हैं - मुनि वीरभद्र



**हम भीतर के रोग को तो बाहर निकालना चाहते हैं किंतु भीतर के दोष को नहीं**

राजनांदगांव (दावा)। श्री विनय कुशल मुनि के सुशिष्य एवं 171 दिन तक उपवास का रिकॉर्ड बनाने वाले जैन मुनि वीरभद्र (विराग) ने आज यहां कहा कि अक्सर लड़ाइयां मान कषाय की वजह से होती है। घरेलू झगड़े भी इसी वजह से होते हैं। एक व्यक्ति यदि मौन धारण कर ले तो यह झगड़ा होगा ही नहीं। एक-दूसरे का मान-सम्मान करें तो किंतु-परंतु की स्थिति कभी नहीं आएगी। जैन बगीचे के नए हाल में आज अपने नियमित प्रवचन में जैन संत श्री वीरभद्र (विराग) ने कहा कि धर्म क्षेत्र में मान कषाय का कोई महत्व नहीं है। जहां तत्व समझ में आ जाए तो कोई चीज मुश्किल नहीं होती। शरीर के नुकसान से यदि आत्मा का परमानेंट सॉल्यूशन निकल जाता है तो फिर कोई बात नहीं। भूमि श्री ने कहा कि आगे बढ़ना है तो परीक्षा देनी ही होगी। परिणाम अपने आप नहीं आते, उसे बुलाना पड़ता है। कशायों से आलिप्त व्यक्ति को कोई ध्यान नहीं रहता कि वह किसको क्या कह रहा है। दरअसल क्रोध के आवेश में आकर व्यक्ति स्वयं को ही भूल जाता है। वह स्वयं को नहीं पहचान पाता और कुछ भी कह जाता है।

मुनि श्री ने कहा कि पहले हम बैठकर भोजन करते थे। किंतु अब लाइन लगकर स्वान की तरह भोजन पर झपटते हैं। पहले जैसी आत्मीयता अब नहीं रही। बैठकर भोजन करने की परंपरा अब खत्म हो चुकी है। उन्होंने कहा कि क्रियाएं तो सभी को करनी पड़ रही है। किंतु उसमें परमात्मा की आज्ञा शामिल नहीं होने की वजह से लोग दिग्भ्रमित हो रहे हैं। आज्ञा बिना धर्म का कोई वैल्यूएशन नहीं होता। मनमर्जी के अनुष्ठान से आत्म कल्याण का मार्ग प्रशस्त नहीं हो सकता। मुनि श्री वीरभद्र (विराग) ने आगे फरमाया कि अपने को गुस्सा क्यों आता है? उन्होंने कहा कि इसके पीछे का कारण यह है कि जीव अपने भीतर के रोग को तो निकालना चाहता है किंतु दोष को नहीं निकालना चाहता है। अपने भीतर के अवगुणों को बाहर नहीं करना चाहता। उन्होंने कहा कि अपने भीतर की कमियों और कुसंस्कार को बाहर निकालकर आत्म कल्याण के मार्ग में आगे बढ़िए। यह जानकारी एक विज्ञप्ति में विमल हाजरा ने दी।

# मोहल्ले में अशांति फैलाने वाला आरोपी वाले पुलिस के हत्थे चढ़ा




**आपराधिक प्रवृति के चार लोगों के खिलाफ प्रतिबंधात्मक धाराओ के तहत की गयी कार्रवाई**

राजनांदगांव (दावा)। लालबाग पुलिस ने अपने थाना क्षेत्र के मुहल्ले में अशांति भंग करने वाले आरोपियों को धर दबोचा है। इसी तरह आपराधिक प्रवृत्ति के 4 आरोपियों के खिलाफ़ प्रतिबंधात्मक धाराओं के तहत कार्रवाई की है। लालबाग थाना प्रभारी राजेश कुमार साहू ने बताया कि पुलिस अधीक्षक मोहित गर्ग के निर्देषन एवं अति. पुलिस अधीक्षक राहुल देव शर्मा एवं नगर पुलिस अधीक्षक पुष्पेन्द्र नायक के मार्गदर्शन पर उनके नेतृत्व में ग्रामीण क्षेत्रो में असमाजिक तत्वों पर आवश्यक कार्यवाही करने हेतु निर्देश मिला हुआ है।

इस पर सोमवार 11 अगस्त को सूचना मिलने पर कि ग्राम रेवाडीह में लोमेश उर्फ लक्की साहू 20 साल, प्रिंस ठाकुर पिता यशवंत ठाकुर 20 साल एवं अशोक कोमरे, 20 साल तथा त्रालेश्वर मरकाम 20 साल सभी निवासी रेवाडीह द्वारा आवेदक युगल सोनवानी को तुम हम लोगों के खिलाफ थाना में रिर्पोट कराये हो कहकर प्रार्थी को दबाब बनाकर गाली गलौच झगड़ा कर रहा था जिसे मौके पर पुलिस एवं आसपास के लोगों द्वारा समझाने का प्रयास किया गया। किन्तु अनावेदकों द्वारा राजी न होकर और अधिक उत्तेजित होकर वाद विवाद मारपीट पर आमदा हो गया था। जिसे धारा 170 बी.एन.एस.एस. के तहत गिरफ्तार करने के अलावा कोई विकल्प नही होने से अनावेदक को गिरफ्तार किया गया तथा शांति व्यवस्था बनाये रखने हेतु अनावेदक के विरूध्द धारा 170/126, 135(3) बी.एन.एस.एस. के तहत कार्यवाही कर अनुविभागीय दण्डाधिकारी के समक्ष पेश किया गया। इस कार्यवाही में निरीक्षक श्री साहू सहित, प्र.आरक्षक प्रभात तिवारी, आरक्षक राकेश ठावरे, राकेश ध्रुवे की भूमिका सराहनीय रही।

# लखोली नाका के नलों से आ रहा गंदा पानी, हल्का स्मैल भी



**मेडिकल कॉलेज क्वार्टर, तुलसीपुर आदि में भी मटमैला पानी आने की शिकायत**

राजनांदगांव (दावा)। मोहारा स्थित जल संयंत्र में व्यवस्था सुधरती नजर नहीं आ रही है, पहले फिटकरी का रोना रहा। अब जब आयुक्त से लेकर महापौर द्वारा वहां जा कर व्यवस्था देखी और आवश्यक निर्देश दिए तब कहीं जाकर थोड़ी बहुत व्यवस्था सुधरती दिखी, लेकिन कहीं न कहीं कोर कसर अब भी रह गया है। यही वजह है कि शहरवासियों को नलों से पूरी तरह साफ पानी नहीं मिल पा रहा। शहर के श्रमिक बहुल क्षेत्र लखोली नाका, मेडिकल कॉलेज क्वार्टर पेंड्री, तुलसीपुर आदि जगहों में नलों से गंदा मटमैला पानी आने की शिकायत बनी हुई है। उक्त पानी में थोड़ी गंध भी आ रही है, इससे लोग डरे हुए हैं।

बता दें कि दो-तीन दिनों पहले मोहारा स्थित फिल्टर प्लांट की सफाई की गई थी, प्लांट एक दिन बंद भी रहा । इससे जलापूर्ति भी प्रभावित रही। इसके बाद शहरवासियों ने सोचा कि अब नलों से उन्हें साफ व शुद्ध पानी मिलने लगेंगे, लेकिन ऐसा हो न सका। शहर के विभिन्न इलाकों के नलों में गंदा पानी आने की शिकायत बनी हुई है। लखोली नाका क्षेत्र के नलों में पीलापन लिए हुए गंदा पानी आ रहा है। वहीं इसमें थोड़ा स्मैल भी आ रही है। इससे लोगों की तबीयत बिगड़ सकती है। गंदा पानी पीने से पीलिया डायरिया फैलने की आशंका बढ़ गई है।

### मेडिकल कॉलेज के क्वार्टरों में गंदा पानी

इधर पिछले सप्ताह भर से पेंड्री स्थित मेडिकल कॉलेज के क्वार्टरों में मटमैला पानी आने की शिकायत बनी हुई है। बताते चलें कि पेंड्री स्थित कालेज सह अस्पताल में नगर निगम द्वारा ही पानी सप्लाई की जाती है। इन क्वार्टरों के नलों में मटमैला पानी आने के संबंध में निगम से शिकायत की गई तो मोहारा प्लांट के इंटकवेल की सफाई होने की वजह बताई गई थी। अब जब दो-तीन दिनों पहले इंटकवेल की सफाई की जा चुकी है तो फिर नलों में कहां से गंदा पानी आ रहा। फिलहाल निगम द्वारा इसकी जांच किए जाने की बात कही जा रही है।

### गेट खोले जाने की वजह से तो नहीं आ रहा गंदा पानी

बताते चलें कि पिछले दिनों कलेक्टर डॉ सर्वेश्वर नरेंद्र भुरे के निर्देशानुसार मोहारा एनीकेट के सभी 35 गेट खोल दिए गए थे जिससे आंशिक रुप से नदी में जमें गाद सिल्ट को निकालना व बाढ़ की स्थिति निर्मित होने से राहत मिलने की बात कही गई थी। एनीकेट के सभी गेट खोल दिए जाने से पानी का जमाव कम हो गया।

शहर की पेयजल की समस्या को देखते हुए गेट बंद कर दिया गया है। आशंका व्यक्त की जा रही है कि नदी में पानी कम होने व यहां जमीन गाद की वजह से संभवतः नलों में गंदा पानी आ रहा है। जिसे ठीक किया जाना अति आवश्यक है। नगर निगम कार्यपालन अभियंता यूके रामटेके ने बताया कि इसे मैं शीघ्र ही दिखवाता हूं।

# कंस्टीट्यूशन क्लब आफ इंडिया के चुनाव में प्रदीप गांधी की दावेदारी



राजनांदगांव (दावा)। कंस्टीट्यूशन क्लब आफ इंडिया का चुनाव इस बार रोचक हो गया है। एक ही पार्टी भाजपा के दो दिग्गज क्लब के सेक्रेटरी (प्रशासन) का चुनाव लड़ रहे हैं और 11 कार्यकारिणी सदस्यों का चुनाव होगा। इसके लिए 14 सदस्यों ने नामांकन दाखिल कर दिया है।

छत्तीसगढ़ के एकमात्र सक्रिय पूर्व सांसद प्रदीप गांधी ने भी अपना नामांकन दाखिल कर अपने लिए संसद के गलियारे में देशभर के संसद सदस्य एवं पूर्व सांसदों से अपने लिए समर्थन मांग रहे हैं। गत दिनों उन्होंने शत्रुहन सिन्हा, पूर्व सांसद मेघालय के सीएम कानराड संगमा, रेल मंत्री रवनीत बिट्टू, पूर्व सांसद सत्यनारायण तथा नए संसद भवन में साऊथ के प्रदेश के सांसदों के ग्रुप से मुलाकात कर अपने पक्ष में समर्थन मांगा। प्रदीप गांधी आल इंडिया एक्स एमपी एसोसिएशन के राष्ट्रीय महासचिव हैं तथा सभी दलों के सांसदों व पूर्व सांसदों से अपना व्यक्तिगत परिचय है। श्री गांधी सभी की ऊर्जा का रचनात्मक उपयोग की दिशा में सदैव सक्रिय रहते हैं। आसन्न क्लब चुनाव में उन्हें अधिक समर्थन मिलने की उम्मीद व्यक्त की जा रही है।

# महापौर एवं कलेक्टर ने लिया अटल परिसर का जायजा, शेष काम जल्द पूर्ण करने दिए निर्देश



**शिवनाथ विज्ञान महाविद्यालय में वृक्षारोपण एवं गौरव पथ के पास स्वागत द्वार निर्माण के लिए महापौर ने किया स्थल निरीक्षण**

राजनांदगांव (दावा)। पूर्व प्रधानमंत्री भारतरत्न अटल बिहारी बाजपेयी की स्मृति में शासन के निर्देशानुसार पूरे प्रदेश में अटल परिसर का निर्माण किया जा रहा है। राजनांदगांव में निर्माणाधीन अटल परिसर का आज महापौर मधुसूदन यादव एवं कलेक्टर डॉ. सर्वेश्वर नरेन्द्र भूरे ने जायजा लेकर निर्माण कार्य अतिशीघ्र पूर्ण करने निर्देशित किए। वही महापौर श्री यादव ने वूमेन-फॉर-ट्री के थीम पर शासकीय शिवनाथ विज्ञान महाविद्यालय परिसर में वृक्षारोपण के लिए स्थल का तथा पूर्व मंत्री लीलाराम भोजवानी की स्मृति में गौरव पथ के पास स्वागत द्वार निर्माण हेतु स्थल का निरीक्षण किया।

अटल परिसर निरीक्षण के दौरान महापौर श्री यादव एवं कलेक्टर डॉ. भूरे ने निर्माण की प्रगति की जानकारी लिए। निगम आयुक्त अतुल विश्वकर्मा ने जानकारी दी कि, अटल परिसर में बाउण्ड्रीवाल, प्रवेश द्वार, फ्लोर एवं पेडेस्टल का निर्माण पूर्ण हो चुका है। शेष कार्य अंतिम चरण में है। महौपार श्री यादव ने कहा कि, शासन की महत्वपूर्ण योजना अटल परिसर के तहत पूरे प्रदेश में अटल जी की प्रतिमा स्थापित की जा रही है, शासन के मंशानुरूप परिसर का निर्माण किया जाए, अतिशीघ्र अटल परिसर का लोकार्पण विधानसभा अध्यक्ष एवं मंत्रियों के द्वारा लोकार्पण किया जाएगा। कलेक्टर डॉ. भूरे ने कहा कि, रेलिंग, पत्थर लगाने, तथा लाईटिंग का कार्य जल्द पूर्ण किया जाए। निर्माण कार्यो में गुणवत्ता का विशेष ध्यान रखा जाए, जिससे शासन मापदण्ड के अनुरूप अटल परिसर का निर्माण हो सकें।

निरीक्षण की कड़ी में महापौर श्री यादव ने शासकीय शिवनाथ विज्ञान महाविद्यालय में वूमेन-फॉर-ट्री के तहत वृक्षारोपण के लिए स्थल का जायजा लेकर आवश्यक व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। इसी प्रकार उन्होने पूर्व मंत्री स्व. लीलाराम भोजवानी की स्मृति में चौखडिया पारा गौरव पथ के पास स्वागत द्वार निर्माण हेतु स्थल का जायजा लेकर गेट निर्माण करने प्रक्रिया करने कहा। उन्होंने कहा कि, 16 अगस्त को भोजवानी जी की पुण्यतिथि के अवसर पर गेट निर्माण के लिए भूमि पूजन किया जाना है। निरीक्षण के दौरान राजस्व विभाग के प्रभारी सदस्य राजा माखिजा, पार्षद श्रीमती रेखा अभय पारख, रवि सिन्हा व सतीश साहू, पूर्व पार्षद गुरूमुख सिंह वाधवा सहित कार्यपालन अभियंता संजय वर्मा, सहायक अभियंता प्रणय मेश्राम, प्र. सहायक अभियंता श्रीमती गरिमा वर्मा, उपअभियंता अशोक देवांगन तथा निगम का अमला उपस्थित थे।

# गायत्री विद्या मंदिर के बच्चों ने वीर सैनिकों को भेजे रक्षासूत्र



राजनांदगांव (दावा)। गायत्री विद्या मंदिर (हिन्दी माध्यम) के देशभक्ति से ओतप्रोत बच्चों ने सरहद की रक्षा करने वाले वीर सैनिकों को अपने हाथों से रक्षासूत्र बनाकर भेजा। इस अवसर पर शाला में राखी बनाओं प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमें पहली से बारहवीं तक के विद्यार्थियों ने भाग लिया। कक्षा सातवीं की छात्रा खुशी सोनकर ने राखी बनाने के लिए गुलाब की पंखुड़ी, पत्ती और चावल के रंगीन दानों का प्रयोग किया जो बहुत आकर्षक लग रहा था। कक्षा छठवीं की साक्षी साहू ने रंगीन पेपर को काटकर सुंदर ढंग से चिपकाकर राखी बनाई। प्रायमरी के छोटे बच्चों द्वारा बनाई गई राखी भी सराहनीय थी। राखी बनाने में बालिकाओं के साथ-साथ बालक वर्ग का भी विशेष उत्साह नजर आया। इस प्रतियोगिता का उद्देश्य बच्चों की कला को निखारने के लिए किया गया था। प्री-प्रायमरी के नवनिहाल बालिकाओं ने सहपाठी बालकों के माथे में तिलक लगाकर कलाई में राखी बांधी और मुंह मीठा करवाया। शाला के प्राचार्य सुश्री सीमा श्रीवास्तव एवं उपप्राचार्य श्रीमती तामेश्वरी साहू एवं शिक्षक-शिक्षिकाओं ने बच्चों की कला और रूचि देखकर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए भाई-बहन का प्रेम रक्षाबंधन की बधाई दी। गायत्री शिक्षण समिति के अध्यक्ष बृजकिशोर सुरजन, सचिव गगन लड्डा एवं सभी पदाधिकारियों ने राखी बनाओं प्रतियोगिता में विजेता बच्चों को बधाई दी।

# प्रधानमंत्री सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना : सोलर प्लांट लगवाने के लिए विद्युत कंपनी ने वृहद स्तर पर चलाया जागरूकता अभियान



**मोहला, छुरिया, खैरागढ़, राजनांदगांव, डोंगरगांव और डोंगरगढ़ में इस अभियान के तहत सौर संयंत्र स्थापना के लिए प्रचार-प्रसार सहित आनलाइन पंजीयन**

राजनांदगांव (दावा)। छग स्टेट पॉवर डिस्ट्रीब्यूशन कम्पनी राजनांदगांव के द्वारा प्रधानमंत्री सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना के तहत जनमानस को लाभ दिलाने के लिए वृहदस्तर पर जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है। इस दिशा में मोहला, छुरिया, डोंगरगांव, राजनांदगांव, खैरागढ़ एवं डोंगरगढ़ में शिविर लगाकर इस योजना के बारें में विस्तृत जानकारी दी गई। इस दौरान लगभग 28 लोगों ने मौके पर प्रधानमंत्री सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना से सौर सयंत्रों के लिए आनलाइन आवेदन कर अपना पंजीयन भी कराया। इस जागरूकता अभियान के तहत ऑनलाइन आवेदन प्रक्रिया के साथ लगने वाले आवश्यक दस्तावेज जैसे पैन कार्ड, आधार कार्ड, बैंक पासबुक एवं बिजली बिल को अपलोड कराने की जानकारी भी दी जा रही है ताकि अधिकाधिक संख्या में लोग इस अभियान से जुडें। प्रधानमंत्री सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना में घर-घर रूफटॉप सोलर पॉवर प्लांट स्थापित कर लोगों को प्रदूषण मुक्त, मुफ्त और निरंतर बिजली देने एवं प्रत्येक उपभोक्ता को ऊर्जा के क्षेत्र में आत्मनिर्भर बनाकर उनके मासिक खर्चों में भी उल्लेखनीय कमी लाने का लक्ष्य रखा गया है।

प्रधानमंत्री सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना के तहत आम जनमानस को रूफटॉप सोलर प्लांट स्थापित करने पर अधिकतम 1,08,000 रूपए तक की सब्सिडी दी जा रही है। इस योजना के तहत 1 किलोवाट क्षमता के सोलर प्लांट पर कुल 45,000 की वित्तीय सहायता दी जाती है। इसी प्रकार 2 किलोवाट प्लांट के लिए 90,000 तक कुल सब्सिडी मिलती है। 3 किलोवॉट क्षमता के प्लांट पर कुल 1,08,000 की सहायता मिलती है। इस स्कीम के अन्तर्गत उपभोक्ता सोलर प्लांट का केवल 10 प्रतिशत डाउन पेमेंट देकर 6 प्रतिशत ब्याज दर से 90 प्रतिशत लागत राशि को अधिकतम 10 वर्ष के लिए फाइनेंस कर सकते है। राजनांदगांव वृत के अधीक्षण अभियंता शंकेश्वर कंवर ने बताया कि राजनांदगांव सर्किल के अन्तर्गत राजनांदगांव में 4889, खैरागढ़ में 325, डोंगरगांव में 193, डोंगरगढ़ में 478 एवं मोहला में 688 सहित कुल 6573 लोगों का आवेदन भी आ चुका है। जिसमें 499 उपभोक्ताओं ने वेंडर भी सलेक्ट कर लिया है। सभी दस्तावेज प्रस्तुत करने वाले 6547 उपभोक्ताओं को अप्रूवल मिल चुका है। अब तक राजनांदगांव में 143, खैरागढ़ में 10, डोंगरगांव में 15, डोंगरगढ़ में 14 एवं मोहला में 13 सहित कुल 195 लोगों ने अपने मकानों में रूफटॉप सोलर पैनल लगवा चुके है और 180 उपभोक्ताओं के घरों में रूफटॉप सोलर पैनल लगाये जा रहे है। अभी तक 154 लोगों को शासन की ओर सब्सिडी मिल चुकी है।

प्रधानमंत्री सुर्यघर मुफ्त बिजली योजना का उद्देश्य देश के नागरिको को सस्ती और स्थायी ऊर्जा मुहैय्या कराना है। मोहला-मानपुर-अम्बागढ़ चौकी जिले के ग्राम मेरेगांव, मेटेपार, सिरारभाटा, तोलुम, हितकसा एवं मुरेटीटोला निवासी श्रीमती सोनकुंवर ध्रुव, श्रीमती स्वाती यादव, श्रीमती ज्योति शुक्ला, श्रीमती गंगोत्री गंनवीर, रामखिलावन नेताम एवं श्रीमती उर्मिला बाई, डोंगरगांव स नीलेश जैन ने बताया कि उन्हे प्रधानमंत्री सुर्यघर मुफ्त बिजली योजना की जानकारी समाचार पत्र-पत्रिकाओं, सोशल मीडिया, न्यूज चैनल, मोर बिजली एप के माध्यम से इस स्कीम की जानकारी मिली, और अधिक जानकारी के लिए उन्होने बिजली विभाग के जरिये सूचना लेकर योजना का लाभ लेने के लिए आनलाइन आवेदन किया और एक माह में ही उनका क्रमशः 5 किलोवॉट, 3 किलोवॉट एवं 2 किलोवॉट क्षमता के सौलर पॉवर प्लांट की स्थापना हो गई। इससे अब उन्हे बिल्कुल भी बिजली बिल पटाना नहीं पड़ रहा है। प्रधानमंत्री सुर्यघर मुफ्त बिजली योजना सौर पैनलों के माध्यम से घरेलू उपयोग के लिए ऊर्जा उत्पन्न करने पर जोर देती है। इससे न केवल बिजली की कमी को दूर किया जा सकेगा। बल्कि पर्यावरण पर भी सकारात्मक प्रभाव पड़ेगा। सस्ती बिजली योजना के तहत घरेलू उपभोक्ताओं को सस्ती दरों पर बिजली उपलब्ध कराने का प्रावधान है। इस योजना के तहत सौर पैनल इस्टॉलेशन एवं मेंटेनेंस के लिए स्थानीय स्तर पर रोजगार के अवसर पैदा होंगें। योजना का एक अन्य लाभ है कि यह ग्रामीण क्षेत्रों में बिजली की पहुंच बढ़ाने में मदद करेगी। जिससे वहां की जीवनशैली में सुधार होगा। सौर ऊर्जा का उपयोग न केवल पर्यावरण के लिए बल्कि आर्थिक दृष्टिकोण से भी फायदेमंद है।

## अनमोल दावा

> **सफलता का कोई रहस्य नहीं है, यह तैयारी, कड़ी मेहनत और असफलता से सीखने का परिणाम है।**

## शिक्षकों की शिक्षा पर भी देना होगा ध्यान, गुणवत्ता और नवाचार के लिए समर्पित अध्यापक सबसे महत्वपूर्ण आधार

शिक्षा में उत्कृष्टता गुणवत्ता और नवाचार के लिए सबसे महत्वपूर्ण आधार प्रशिक्षित प्रतिबद्ध और समर्पित अध्यापक हैं। किसी भी स्कूल या बड़े संस्थान की साख उसके अध्यापकों प्राध्यापकों और प्रबंधकों की नियति लगनशीलता कर्मठता और सत्य-निष्ठा पर निर्भर करती है। इस शाश्वत सत्य को सरकारों को ही नहीं बल्कि राष्ट्र और समाज को भी स्वीकार करना होगा।

शिक्षा के क्षेत्र में आने वाले वर्षों में कई नई चुनौतियां सामने आएंगी, जिनका सामना केवल वे युवा कर सकेंगे, जिनके पास उत्कृष्ट स्तर की शिक्षा होगी और जो नए समय के लिए उपयोगी कौशलों से लैस होंगे तथा जीवनभर नए ज्ञान एवं कौशल सीखने के लिए तत्पर रहेंगे। यह उत्कृष्टता उन्हें उन्हीं संस्थानों से प्राप्त होगी, जिनकी कार्यसंस्कृति उच्च स्तर की होगी।

कोठारी आयोग (1964-66) की रिपोर्ट आने के बाद देश में शिक्षा के क्षेत्र में गतिविधियां तेजी से बढ़ी थीं। चूंकि तब स्कूलों और प्रशिक्षण संस्थानों का तेजी से विस्तार आवश्यक था और वह तेजी से हुआ भी, इसलिए जब भी किसी व्यवस्था में तेजी से विस्तार होता है, तो गुणवत्ता में कमी को रोकने के विशेष प्रयास करने होते हैं, जिन पर ध्यान नहीं दिया जा सका।

शिक्षक प्रशिक्षण में नए निजी संस्थान खोलने की ओर उन लोगों का ध्यान भी बड़ी संख्या में गया, जो इसमें व्यापार की संभावनाएं देखने लगे थे। राज्य सरकारों द्वारा नए सरकारी शिक्षक प्रशिक्षण संस्थान खोलने से पीछे हटने से भी उन्हें भारी प्रोत्साहन मिला। शिक्षक प्रशिक्षण में गुणवत्ता का ह्रास वर्ष 1970 के बाद विश्वविद्यालयों द्वारा पत्राचार से बीएड पाठ्यक्रमों के प्रारंभ होने से हुआ। सरकारी विश्वविद्यालयों ने केवल आर्थिक लाभ के लिए बिना पर्याप्त और आवश्यक संसाधन जुटाए ही पत्राचार द्वारा बीएड पाठ्यक्रम प्रारंभ कर दिए थे। इन पाठ्यक्रमों में धनार्जन ही मुख्य लक्ष्य था।

वर्ष 1998-99 में राष्ट्रीय अध्यापक शिक्षा परिषद (एनसीटीई) ने बिहार के तत्कालीन राज्यपाल को एक प्रतिवेदन देकर प्रस्तुति दी कि कैसे कुछ सरकारी विश्वविद्यालय खुलेआम बीएड की डिग्री च्बेचज् रहे हैं। जांच हुई, छापे पड़े, गिरफ्तारियां हुईं तो केवल बीएड ही नहीं, अन्य अनेक विषयों की उपाधियां भी तैयार मिलीं। च्बिहार बीएड स्कैंडल 1999ज् के संबंध में जानकारी प्राप्त की जा सकती है। फिर क्या हुआ, इसके संबंध में एक अत्यंत कष्टकर वर्णन 2012 में उच्चतम न्यायालय द्वारा गठित आयोग के अध्यक्ष एवं भारत के पूर्व मुख्य न्यायाधीश न्यायमूर्ति जेएस वर्मा ने भी लिखा, जो न केवल उनकी पीड़ा को दर्शाता है, बल्कि लगभग सभी नियामक संस्थाओं और व्यवस्था की दयनीय स्थिति का स्पष्ट वर्णन करता है। स्थिति 2020 तक भी वैसी ही रही।

उनके कथन को राष्ट्रीय शिक्षा नीति-2020 में दोहराना पड़ा, च...न्यायमूर्ति जेएस वर्मा आयोग (2012) के अनुसार स्टैंडअलोन टीईआइ (शिक्षक शिक्षा संस्थान), जिनकी संख्या 10,000 से अधिक है, अध्यापक शिक्षा के प्रति लेशमात्र गंभीरता से प्रयास नहीं कर रहे हैं, बल्कि इसके स्थान पर डिग्रियों को बेच रहे हैं। इस दिशा में अब तक किए गए विनियामक प्रयास न तो सिस्टम में बड़े पैमाने पर व्याप्त भ्रष्टाचार को रोक पाए हैं, और न ही गुणवत्ता के लिए निर्धारित बुनियादी मानकों को लागू कर पाए हैं, बल्कि इन प्रयासों का इस क्षेत्र में उत्कृष्टता और नवाचार पर नकारात्मक प्रभाव पड़ा है।ज

कुछ परिवर्तनों के साथ ऐसे ही निष्कर्ष विभिन्न क्षेत्रों में कार्य कर रही अधिकांश नियामक संस्थाओं पर आज भी लागू होते हैं। इनमें से एक राष्ट्रीय मूल्यांकन एवं प्रत्यायन परिषद (एनएएसी) ने अभी कुछ महीने पहले अपने लगभग 800 निरीक्षणकर्ताओं को हटाया, क्योंकि उसके कुछ निरीक्षणकर्ताओं को सीबीआइ ने पकड़े थे। जो इसे समझ सकता है, वह यह भी समझ जाएगा कि एनसीटीई की साख में बट्टा लगाने के लिए भी कौन लोग जिम्मेदार थे। इस समस्या का समाधान संभव है। इसका उदाहरण एनसीटीई ने ही 1998 के आसपास देश के समक्ष रख दिया था। एक बड़े राज्य के मंत्रिमंडल ने अक्टूबर/नवंबर में 70 नए बीएड कालेज च्उसी वर्षज् से खोलने की स्वीकृति प्रदान कर दी थी। यह एनसीटीई के नियमों का खुला उल्लंघन था। इस संस्था ने हरसंभव प्रयास किया कि इस स्वीकृति को अगले वर्ष तक रोका जाए। न राज्य सरकार से, न मुख्यमंत्री के स्तर पर कोई सुनवाई हुई। फिर एनसीटीई ने साहस दिखाकर 15-20 विज्ञापन अनेक भाषाओं में उस राज्य में ही नहीं, राष्ट्रीय स्तर पर भी जारी कर दिए कि च्इन संस्थानों से प्राप्त डिग्री अमान्य होगी, अवैध होगी।ज् इस पर बड़ा तहलका मचा। केंद्र सरकार भी इस कार्रवाई से अप्रसन्न थी, मगर संस्था डटी रही। लिहाजा राज्य सरकार को अपना आदेश वापस लेना पड़ा। यही एक पत्राचार विश्वविद्यालय के साथ भी किया गया। अनेक निरीक्षणकर्ताओं से निरीक्षण के दौरान प्राप्त च्उपहारज् वापस कराए गए। कई नामी-गिरामी लोगों से आगे निरीक्षण का कार्य ले लिया गया।

शिक्षा में उत्कृष्टता, गुणवत्ता और नवाचार के लिए सबसे महत्वपूर्ण आधार प्रशिक्षित, प्रतिबद्ध और समर्पित अध्यापक हैं। किसी भी स्कूल या बड़े संस्थान की साख उसके अध्यापकों, प्राध्यापकों और प्रबंधकों की नियति, लगनशीलता, कर्मठता और सत्य-निष्ठा पर निर्भर करती है। इस शाश्वत सत्य को सरकारों को ही नहीं, बल्कि राष्ट्र और समाज को भी स्वीकार करना होगा। उसे हर स्वीकृत पद पर नियमित नियुक्ति पद खाली होने से पहले पूरी करनी होगी। देश के सामने इसके अलावा और कोई विकल्प नहीं है।

# युवाः वर्तमान की क्रांति एवं शांति के वाहक



- ललित गर्ग -



अंतरराष्ट्रीय युवा दिवस केवल एक कैलेंडर की तारीख नहीं है, बल्कि यह हमें याद दिलाता है कि आज की दुनिया में परिवर्तन का सबसे बड़ा वाहक युवा हैं। यह दिन संयुक्त राष्ट्र ने युवाओं के अधिकार, अवसर और योगदान को मान्यता देने के लिए तय किया है, लेकिन इसकी वास्तविक सार्थकता तभी है जब हम युवाओं को केवल 'भविष्य के नेता' कहकर टालें नहीं, बल्कि उन्हें वर्तमान का निर्णायक शक्ति केंद्र मानें। आज भारत की आबादी में लगभग 65 प्रतिशत हिस्सा 35 वर्ष से कम उम्र का है। यह केवल सांख्यिकीय तथ्य नहीं, बल्कि संभावनाओं का महासागर है। लेकिन इन संभावनाओं को दिशा देने के लिए केवल शिक्षा या नौकरी पर्याप्त नहीं; दृष्टि, मूल्यों और संकल्प की भी उतनी ही आवश्यकता है। क्योंकि युवा क्रांति का प्रतीक है, ऊर्जा का स्रोत है, इस क्रांति एवं ऊर्जा का उपयोग रचनात्मक एवं सृजनात्मक हो, इसी ध्येय से सारी दुनिया प्रतिवर्ष में सन् 2000 में अंतर्राष्ट्रीय युवा दिवस का आयोजन आरम्भ किया गया था। यह दिवस मनाने का मतलब है कि युवाशक्ति का उपयोग विध्वंस में न होकर निर्माण में हो। युवा, शांति और सुरक्षा पर सुरक्षा परिषद का प्रस्ताव 2250 (9 दिसंबर 2015) शांति को बढ़ावा देने और उग्रवाद का मुकाबला करने में युवा शांति निर्माताओं को शामिल करने की तत्काल आवश्यकता की अभूतपूर्व स्वीकृति का प्रतिनिधित्व करता है, और स्पष्ट रूप से युवाओं को वैश्विक प्रयासों में महत्वपूर्ण भागीदार के रूप में स्थान देता है।

स्वामी विवेकानंद का आह्वान आज भी गूंजता है-'उठो, जागो और तब तक मत रुको जब तक लक्ष्य की प्राप्ति न हो जाए।' इस अंतरराष्ट्रीय युवा दिवस पर हमें न केवल युवाओं की सराहना करनी है, बल्कि उन्हें जिम्मेदारी सौंपनी है, क्योंकि वे सिर्फ कल के नहीं, बल्कि आज के भी निर्माता हैं। स्वामी विवेकानन्द ने भारत के नवनिर्माण के लिये मात्र सौ युवकों की अपेक्षा की थी। क्योंकि वे जानते थे कि युवा 'विजनरी' होते हैं और उनका विजन दूरगामी एवं बुनियादी होता है। उनमें नव निर्माण करने की क्षमता होती है। नया भारत निर्मित करते हुए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को भी युवाशक्ति को आगे लाना होगा। युवा किसी भी देश का वर्तमान और भविष्य हैं। वो देश की नींव हैं, जिस पर देश की प्रगति और विकास निर्भर करता है। लेकिन आज भी बहुत से ऐसे विकसित और विकासशील राष्ट्र हैं, जहाँ नौजवान ऊर्जा व्यर्थ हो रही है। कई देशों में शिक्षा के लिए जरूरी आधारभूत संरचना की कमी है तो कहीं प्रछन्न बेरोजगारी जैसे हालात हैं। युवा अनेक विसंगतियों एवं बुराइयों से घिरे हैं।

युवाओं में जोश होता है, लेकिन बिना दिशा का जोश आग भी लगा सकता है और दीपक भी जला सकता है। यह चुनाव हमारे हाथ में हैकृहम उन्हें सृजनशील बदलाव के शिल्पी बनाते हैं या अराजकता के उपकरण। महात्मा गांधी ने कहा थाकृ'आप वह बदलाव बनें जो आप दुनिया में देखना चाहते हैं।' युवा इस वाक्य को केवल नारा न बनाएं, बल्कि अपने जीवन का सूत्रवाक्य बनाएं। आज के युवा के सामने बेरोजगारी, मानसिक तनाव, नशे की लत, डिजिटल व्यसन, और सामाजिक असमानता जैसी चुनौतियां हैं। लेकिन इन्हीं के बीच नवाचार, स्टार्टअप संस्कृति, डिजिटल क्रांति, और वैश्विक मंच पर पहचान बनाने के अनगिनत अवसर भी हैं। जरूरत है-आत्मनिर्भर सोच की, नैतिकता आधारित नेतृत्व की और सतत विकास के प्रति प्रतिबद्धता की। जब जलवायु परिवर्तन, शांति स्थापना, मानवाधिकार, और वैश्विक न्याय जैसे मुद्दों की बात आती है, तो दुनिया युवाओं की आवाज सुनना चाहती है। स्वीडन की ग्रेटा थनबर्ग से लेकर भारत के अनगिनत सामाजिक नवप्रवर्तकों तक-युवा यह साबित कर रहे हैं कि उम्र कोई बाधा नहीं, दृष्टि और साहस ही असली पूंजी है। युवाओं के हाथ में केवल भविष्य की मशाल नहीं, बल्कि वर्तमान की बागडोर भी है। अगर वे खुद को केवल दर्शक बनाकर रखेंगे, तो इतिहास उनके बिना आगे बढ़ जाएगा। लेकिन अगर वे सक्रिय भागीदारी करेंगे, तो इतिहास उन्हें अपने पन्नों में सुनहरे अक्षरों में दर्ज करेगा। अंतरराष्ट्रीय युवा दिवस मनाते हुए मूल प्रश्न है कि क्या हमारे आज के नौजवान भारत को एक सक्षम देश बनाने का स्वप्न देखते हैं? या कि हमारी वर्तमान युवा पीढ़ी केवल उपभोक्तावादी संस्कृति से जन्मी आत्मकेन्द्रित पीढ़ी है? दोनों में से सच क्या है? दरअसल हमारी युवा पीढ़ी महज स्वप्नजीवी पीढ़ी नहीं है, वह रोज यथार्थ से जूझती है, उसके सामने भ्रष्टाचार, आरक्षण का बिगड़ता स्वरूप, महंगी होती जाती शिक्षा, कैरियर की चुनौती और उनकी नैसर्गिक प्रतिभा को कुचलने की राजनीति विसंगतियां जैसी तमाम विषमताओं और अवरोधों की ढेरों समस्याएं भी हैं। उनके पास कोरे स्वप्न ही नहीं, बल्कि आंखों में किरकिराता सच भी है। इन जटिल स्थितियों से लौहा लेने की ताकत युवक में ही हैं। क्योंकि युवक शब्द क्रांति का प्रतीक है। विचारों के नभ पर कल्पना के इन्द्रधनुष टांगने मात्र से कुछ होने वाला नहीं है, बेहतर जिंदगी जीने के लिए मनुष्य को संघर्ष आमंत्रित करना होगा। वह संघर्ष होगा विश्व के सार्वभौम मूल्यों और मानदंडों को बदलने के लिए। सत्ता, संपदा, धर्म और जाति के आधार पर मनुष्य का जो मूल्यांकन हो रहा है मानव जाति के हित में नहीं है। दूसरा भी तो कोई पैमाना होगा, मनुष्य के अंकन का, पर उसे काम में नहीं लिया जा रहा है। क्योंकि उसमें अहं को पोषण देने की सुविधा नहीं है। क्योंकि वह रास्ता जोखिम भरा है। क्योंकि उस रास्तें में व्यक्तिगत स्वार्थ और व्यामोह की सुरक्षा नहीं है।

युवापीढ़ी पर यह दायित्व है कि संघर्ष को आमंत्रित करे, मूल्यांकन का पैमाना बदले, अहं को तोड़े, जोखिम का स्वागत करे, स्वार्थ और व्यामोह से ऊपर उठे। युवा दिवस मनाने का मतलब है-एक दिन युवकों के नाम। इस दिन पूरे विश्व में युवापीढ़ी के संदर्भ में चर्चा होगी, उसके ह्रास और विकास पर चिंतन होगा, उसकी समस्याओं पर विचार होगा और ऐसे रास्ते खोजे जायेंगे, जो इस पीढ़ी को एक सुंदर भविष्य दे सकें। इसका सबसे पहला लाभ तो यही है कि संसार भर में एक वातावरण बन रहा है युवापीढ़ी को अधिक सक्षम और तेजस्वी बनाने के लिए।

युवकों से संबंधित संस्थाओं को सचेत और सावधान करना होगा और कोई ऐसा सकारात्मक कार्यक्रम हाथ में लेना होगा, जिसमें निर्माण की प्रक्रिया अपनी गति से चलती रहे। विशेषतः राजनीति में युवकों की सकारात्मक एवं सक्रिय भागीदारी को सुनिश्चित करना होगा। अर्नाल्ड टायनबी ने अपनी पुस्तक 'सरवाइविंग द फ्यूचर' में नवजवानों को सलाह देते हुए लिखा है 'मरते दम तक जवानी के जोश को कायम रखना।' उनको यह इसलिये कहना पड़ा क्योंकि जो जोश उनमें भरा जाता है, यौवन के परिपक्व होते ही उन चीजों को भावुकता या जवानी का जोश कहकर भूलने लगते हैं। वे नीति विरोधी काम करने लगते है, गलत और विध्वंसकारी दिशाओं की ओर अग्रसर हो जाते हैं। इसलिये युवकों के लिये जरूरी है कि वे जोश के साथ होश कायम रखे। इसीलिये सुकरात को भी नवयुवकों पर पूरा भरोसा था। वे जानते थे कि नवयुवकों का दिमाग उपजाऊ जमीन की तरह होता है। उन्नत विचारों का जो बीज बो दें तो वही उग आता है।

ई-253, सरस्वती कुंज अपार्टमेंट
25 आई. पी. एक्सटेंशन, पटपड़गंज, दिल्ली-92
फोन: 22727486, 9811051133

## विचार सरिता

# हंसी के किस्से : त्योहारों की भीड़ और कवि कुमार मार्केट एरिया में

डॉ. योगेंद्र कुमार पांडेय



राखी पर मार्केट निकले कवि कुमार ट्रैफिक जाम में बुरी तरह फँस गए। गाड़ियाँ रेंगती हुई आगे बढ़ रही थीं और संकरे बाजार क्षेत्र में कारों के घुस आने से बार-बार ट्रैफिक अस्त-व्यस्त होता रहा।

जाम में फंसे एक व्यक्ति ने कार वाले से कहा, ''अरे! इतनी भीड़-भाड़ में कार भीतर क्यों ले आए?''

''क्यों? मार्केट एरिया केवल बे-कार लोगों के लिए है? और क्या कार वालों को सामान खरीदने का अधिकार नहीं है?''

''ओ भाई साहब! बेकार किसे कहा? क्या जिसके पास कार नहीं है, वे फालतू हैं?'' उस व्यक्ति ने कहा।

''आप समझे नहीं! बेकार का अर्थ बिना कार वाले व्यक्ति के लिए कहा है, बेकार लोगों के लिए नहीं।'' कार वाले ने जवाब दिया।

अभी यह वाक युद्ध आगे बढ़? जाता और भीषण संग्राम का रूप ले लेता, तभी स्कूटी पर रुके कवि कुमार ने हेलमेट का कांच ऊपर करते हुए कहा,

''दुनिया में कोई बेकार नहीं
भले उनके पास कार नहीं
झगड़ा छोड़ो, सिग्नल ग्रीन
क्या जाओगे उस पार नहीं?''

कवि के इस कटाक्ष का ऐसा असर हुआ कि वे दोनों लड़ना छोड़कर सिग्नल वाले चौराहे की ओर भागे। अन्य लोग भी एक साथ सिग्नल पार करने को दौड़ पड़े। ऐसा लगा जैसे रेलवे स्टेशन से कोई ट्रेन छूट रही है और सभी को ट्रेन पकड़ने की जल्दी हो या अब ट्रेफिक सिग्नल हरा हुआ है और थोड़े समय के बाद सदा के लिए रेड हो जाएगा।

भारी भीड़ के बीच कवि कुमार एक मिठाई की दुकान पर पहुंचे। अभी वे अपनी स्कूटी पार्क करने की सोच ही रहे थे कि दुकानदार ने भीतर से आवाज दी,

''यहाँ गाड़ी पार्क मत कीजिए। ग्राहक लोग आएंगे। यहाँ उनकी गाड़ी खड़ी होगी।''

''मैं तो आपकी ही दुकान में आ रहा था। पर लगता है आप मुझे दूसरी दुकान में ही भेजेंगे।'' कवि ने कहा।

ऐसा सुनकर दुकानदार को अपनी भूल की अनुभूति हुई और वह तत्काल कवि की ओर लपका कि कहीं ग्राहक हाथ से न निकल जाए।


मिठाई की दुकान में भी भारी भीड़ थी। कवि ने सोचा था कि काजू कतली खरीदूंगा लेकिन वहाँ काजू कतली, मिल्क केक जैसी उनकी पसंदीदा मिठाइयां आउट ऑफ स्टाक थीं। अंत में उन्हें भारीभीड़ के बीच जगह बनाकर एक काउंटर में घुसकर कहना पड़ा, ''जो मिठाई उपलब्ध हो, वही तौल दीजिए।'' यह होता है आपद काल। उन्होंने सोचा कि जो मिल रहा है वही खरीद लेते हैं। क्या पता आगे यह भी ना मिले।

## शब्द सामर्थ्य - 137

(भागवत साहू)

**बाएं से दाएं**
1. जल छिड़कना, राजा के सिंहासन रोहन का अनुष्ठान 4. मवाद, पीब (अं) 6. जाति 7. हाथ से धीरे-धीरे ठोंकना, थपकना 9. कमल रोग से ग्रसित व्यक्ति (उ.) 11. किरण 12. छौंक, तड़का 13. दुखदायी, दर्दनाक 15. विवाद, कहासुनी, तकरार 18. समूह, दल, समुदाय 19. दण्ड 20. काजल 22. अनाथ, निराश्रित, यतीम 24. दुख, शोक 25. एक प्रसिद्ध सफेद पक्षी, बक 26. राज्य का विदेश में प्रतिनिधि।

**ऊपर से नीचे**
1. विचित्र, अद्भुत 2. अंदर ही अंदर हानि पहुंचाना 3. वचन, वाणी 4. गुमराह, जो रास्ते से भटक गया हो 5. मुलायम सिंह की पार्टी का संक्षिप्त नाम 8. ब्रह्मापुत्र एक प्रसिद्ध देवर्षि 10. कार्यावली, करस्तानी, प्रशंसनीय कार्य 13. दासी, नौकरानी, बांदी, गुलाम स्त्री 14. प्रवृत्त करने वाला, प्रेरित करने वाला, आविष्कारक 16. श्रीकृष्ण के बड़े भाई, हलधर 17. सामान (उ.) 21. संसार, दुनिया 22. समय, चमेली की जाति का एक पौधा और फूल 23. पराजित, परास्त।



### शब्द सामर्थ्य क्रमांक 136 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| दि | क्र | त | ■ | आ | सा | न | ■ | आ |
| ल | ■ | मी | ■ | खि | ■ | सी | ख | ना |
| ■ | म | ज | बू | र | ■ | ह | ■ | जा |
| स | र्द | ■ | ■ | का | ■ | त | रा | ना |
| र | ■ | ■ | ■ | र | वि | ■ | ह | ■ |
| प | ह | ना | ना | ■ | ना | रा | ज | ■ |
| ट | ■ | ■ | क | शि | श | ■ | नी | ला |
| ■ | र | ■ | ■ | का | ■ | रा | ■ | य |
| खा | ति | र | दा | री | ■ | त | क्ष | क |

## सू- दोकू क्र.137

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | 9 | | | 2 | | | | 1 |
| | | 5 | 1 | | | | 3 | |
| 7 | | | | 9 | | 8 | | 5 |
| | 8 | | 3 | | 7 | | 5 | |
| 2 | | 7 | | | | 1 | | 3 |
| | 4 | | | 1 | | | 8 | |
| 6 | | 2 | | | 9 | | | |
| | 5 | | 7 | | | 3 | | |
| | | 8 | | 5 | | | 6 | 7 |

**नियम**
1. कुल 81 वर्ग है,जिसमें 9वर्गों का एक खंड बनता है।
2. हर खाली वर्ग में 1से 9 के बीच का कोई एक अंक भर सकते है।
3. बाएं से दाएं और ऊपर से नीचे के प्रत्येक कालम,कतार और खंड में 1से9अंक में से किसी भी अंक का इस्तेमाल एक बार ही कर सकते है।

### सू-दोकू क्र.136 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 7 | 8 | 2 | 6 | 3 | 1 | 4 | 5 | 9 |
| 6 | 4 | 1 | 8 | 5 | 9 | 2 | 7 | 3 |
| 9 | 3 | 5 | 4 | 7 | 2 | | 1 | 8 |
| 2 | 6 | 3 | 1 | 9 | 7 | 6 | 8 | 4 |
| 5 | 7 | 8 | 3 | 6 | 4 | 1 | 9 | 2 |
| 1 | 9 | 4 | 5 | 2 | 8 | 7 | 3 | 6 |
| 4 | 5 | 7 | 2 | 8 | 3 | 9 | 6 | 1 |
| 3 | 1 | 6 | 9 | 4 | 5 | 8 | 2 | 7 |
| 8 | 2 | 9 | 7 | 1 | 6 | 3 | 4 | 5 |

## सामचिक चर्चा

### दरार से लाभ

खबर पढ़कर, व्यंग्य से हंसकर
बानी ने कहा -
घुमका के नये तहसील भवन में
लोकार्पण से पहले ही भाई दरार।
छत से पानी का रिसाव हो रहा।
गजाधर ! भवन निर्माण में
गुणवत्ता को नजरअंदाज कर
जमकर हुआ है भ्रष्टाचार
भ्रष्टाचार की पोल खोल रही है
भवन में आई दरार ।
गजाधर ! अब इस दरार पर
तुम्हें क्या कहना है यार ।
गजाधर मुस्कराए, बोले बानी भाई !
तुमने दरार की खबर तो सुनाई
पर उस दरार से
फायदे की बात नहीं बताई
जी! सरकारी भवन की छत की
दरार से जो पानी गिरता है
वह तो सबको दिखता है।
और अब यह भी तो देखो भैया!
उस दरार से
कितने लोगों का घर भरता है।



गिरीश बख्शी

## (लघु कथा)

### पवित्र कार्य

अपने परिचित के यहां बैठकर हम लोग चर्चा कर रहे थे कि अचानक पड़ोस के घर से रोने की आवाज आने लगी। पता चला एक नौजवान युवक चल बसा। परिवार उनके ही भरोसे चलता था। परिवार में एक बड़ी मुसीबत आ गई। अपने परिचित के साथ उनके अंतिम यात्रा में शामिल हुआ। बता दें कि किसी की मृत्यु हो जाने पर सबसे पहले उन्हें आर्थिक परेशानी पहले आती है। किसी तरह मृत आत्मा के 'सारे संस्कार' को कर्ज या सहयोग लेकर पूरा किया जाता हैं। घरवाले यही सोचते बैठे थे, तभी लोग श्रद्धांजलि देने के लिए आए और इस दौरान बताया गया कि गांव में सरकारी कर्मचारियों के द्वारा 'सहयोग सेवा समिति' बनाया गया है। जिसमें गांव में किसी की मृत्यु हो जाने पर हर बार एक-एक हजार इकट्ठा किया जाता है। इस तरह वहां 20000 रुपए एकत्रित हो जाता है और मिलकर, उस दुखी परिवार को उक्त राशि दिया जाता है। यह 'पवित्र कार्य' देखकर मैं बहुत प्रभावित हुआ और मैं भी इंसानियत के नाते अपनी क्षमता के अनुसार उस परिवार का सहयोग किया। गांव के लोगों द्वारा किया गया यह पुनीत सहयोगात्मक कार्य मेरे लिए एक प्रेरणा बन गया।



- पवन यादव 'पहुना'
ग्राम-सुंदरा (राजनांदगांव)




## राशिफल

**मेष** — आज का दिन आपके लिए नयी उमंग से भरा रहने वाला है। आज आपको कार्यस्थल पर किसी व्यक्ति का सहयोग मिलेगा इससे आपको काम करने में आसानी होगी। आज आपको किसी अनुभवी व्यक्ति से कोई सलाह मिलेगी। इस राशि के छात्र आज अपनी शैक्षिक जीवन को बेहतर बनाने के लिए अपनी डेली रूटीन में कुछ नए बदलाव करेंगे।

**वृष राशि** — आज का दिन आपके लिए ख़ास रहेगा। आज आप कुछ महत्वपूर्ण मामलों में फैसला ले सकते हैं। आज धर्म और सामाजिक कामों में आपकी रुचि बढ़ सकती है। आज आप कुछ बड़ा और अलग काम करने की सोच सकते है, जिसमें भाई की मदद लेना आपके लिए फायेदेमंद रहेगा। इस राशि की जो महिलाएं बिजनेस कर रही हैं उनका दिन व्यस्तता से भरा रहेगा।

**मिथुन** — आज का दिन आपके लिए अच्छा रहने वाला है। अपने कामों में ही व्यस्त रहें और बेवजह की गतिविधियों में रुचि ना लें। पारिवार के वरिष्ठ सदस्यों का अनुभव तथा सहयोग आपके लिए बहुत अधिक लाभदायक रहेगा। आज संतान से खास खुशखबरी मिलेगी, घर में सभी लोग खुश होंगे। आज विरोधी आपके सामने नतमस्तक होगा।

**कर्क** — आज का दिन आपके अनुकूल रहेगा। आज आप किसी काम को नए तरीके से करने पर विचार करेंगे, इससे आपका काम आसान हो जायेगा। आज आप अपने मित्रों के साथ कहीं घूमने की प्लानिंग बनायेंगे। अगर आप कोई भी काम स्टार्ट करने जा रहे हैं तो माता पिता का आशीर्वाद लेकर ही शुरू करें आपको सफलता अवश्य मिलेगी।

**सिंह** — आज का दिन आपके लिए उत्तम रहने वाला है। आज आप व्यापारिक गतिविधियों में अपने धैर्य को बनाये रखेंगे, आपकी स्थितियां जल्द ही सुधरती नज़र आएंगी। आज आप दूसरों के मामलों से दूर रहें और अपने काम के ऊपर फोकस करें। आपका मिलनसार व्यवहार सबको बहुत पसंद आएगा। आज आप विरोधी से बचकर रहें ।

**कन्या** — आज का दिन आपके लिए बेहतर रहेगा। व्यवसाय में अपना पूरा ध्यान मार्केटिंग और काम के प्रमोशन में लगाएं। निश्चित रणनीति बनाकर काम करने से सफलता की संभावनाएं बढ़ेंगी। विस्तार संबंधी योजनाओं को गंभीरता से लें। कई उलझे सवालों के जवाब आज आपको मिल जायेंगे, जिससे कन्फ्यूजन की स्थिति खत्म होगी।

**तुला** — आज का दिन आपके लिए शानदार रहने वाला है। आज ऑफिस के किसी काम के कारण आपकी अचानक यात्रा हो सकती है। आज आपकी किसी ऐसे व्यक्ति से मुलाकात होगी जिससे आपको कुछ नया सीखने को मिलेगा। आपको अपने काम में सहयोगियों का सहयोग मिलेगा जिससे काम समय से पूरा हो जायेगा, आप काम के नए टारगेट बनायेंगे।

**वृश्चिक** — आज का दिन आपके लिए बेहतर रहेगा। आज आप कुछ समय मनोरंजन सम्बन्धी गतिविधियों में बिताएंगे। आज आपके द्वारा कुछ सराहनीय काम किये जा सकते हैं, जिससे आपके मान-सम्मान में बढ़ोतरी होगी। आज अपनी उर्जा से आप बहुत कुछ हासिल करेंगे बस अपनी काबिलियत पर भरोसा करें।

**धनु** — आज का दिन आपके लिए सुनहरा रहेगा। आज कुछ समय से चल रहे पारिवारिक वाद-विवाद निपटने से घर में सुकून और शांति पूर्ण माहौल रहेगा। तथा आप अपने व्यक्तिगत कार्यों पर ध्यान दे पाएंगे। इस समय कई नई तरह की गतिविधियों में भी व्यस्तता रहेगी और उचित परिणाम मिलेंगे। पहले किया हुआ काम आज पूरा हो जायेगा।

**मकर** — आज का दिन आपके लिए खुशियों से भरा रहने वाला है। आज आप अपनी भावनाओं के साथ दूसरों के भी भावनाओं का ख्याल रखेंगे। आज आप परिवार के साथ घर पर मूवी देखने की प्लानिंग करेंगे। आज सेहत के लिहाज से आप खुद को तंदरुस्त महसूस करेंगे। आप अपने निजी कार्यों में कर सकते हैं।

**कुंभ** — आज का दिन आपके लिए ठीक-ठाक रहेगा। आज कुछ समय अपने पारिवारिक तथा व्यक्तिगत जीवन के लिए निकालना संबंधों में मधुरता लाएगा। आज प्रोफेशनल कार्य प्रणाली में कुछ बदलाव हो सकता है। आज आपका आर्थिक पक्ष मजबूत रहेगा, जिससे घर का माहौल खुशनुमा बना रहेगा। आज आप सामाजिक कार्यों में हिस्सा लेंगे।

**मीन** — आज का दिन फेवरेबल रहने वाला है। आज आप कुछ महत्वपूर्ण फैसले ले सकते हैं जो आपकी आर्थिक स्थिति और घर की व्यवस्था ठीक रखने में सहायक होंगे। आज धर्म और सामाजिक कामों में आपकी रुचि हो सकती है। आज व्यापार को बढ़ानें के कुछ नए तरीके आपके दिमाग में आयेंगे। आपको बहुत हद तक सफलता मिलेगी।

# निकाय के सामान्य सभा की बैठक में नहीं बना सामंजस्य, उपाध्यक्ष ने किया स्थगित

गंडई पंडरिया (दावा)। नगर पंचायत गंडई हमेशा विवादों में रहा है यहां चुनाव जीतकर आए पार्षदों में धमासान मचा हुआ है। वही नगर पंचायत अधिकारी भी चाहकर काम नही कर पा रहे है। चूंकि कुछ पार्षद अपने व्यक्तिगत बदले की भावना से कार्य कर रहे है, अपने सत्ता सरकार की ताकत दिखाकर दबाव में अधिकारी को काम कराने में जरा से परहेज नहीं करते, आपको बता दे कि 08 अगस्त शुक्रवार को नगर पंचायत गंडई में सामान्य सभा का आयोजन दोपहर 3 बजे सभागार में किया गया था, इसके लिए बकायदा एक सप्ताह पहले सभी पार्षदों को लिखित सूचना दिया गया था, परंतु सामान्य सभा के बैठक के पहले सत्ता पक्ष के उपाध्यक्ष, पार्षदों ने बैठक का बहिष्कार कर दिया गया, उन्होंने किसी एक मुद्दे पर बैठक में चर्चा करने की बाते कही थी, परंतु अध्यक्ष एवं उनके पार्षद का कहना था 29 बिंदुओं पर नगर विकास से संबंधित एजेंडा पर चर्चा होगी, बाकी बाते भी आगामी बैठक में रखी जाएगी। जिस पर निकाय के विपक्ष सत्ता पक्ष के पार्षद बैठक में रखे विषय को होने से मना करते हुए चले गए, जिसके चलते बैठक नहीं हुई।

### इन प्रमुख बिंदुओं पर बना था एजेंडा

सीएमओ नगर पंचायत गंडई के पत्र क्रमांक 10 परिषद/ नगर पंचायत/ 2025/ दिनांक 30 जुलाई 2025 को जारी परिषद की बैठक में 29 एजेंडा रखे गए थे, जिसमें से कुछ महत्वपूर्ण एवं जनहित के मुद्दे इस प्रकार है, रानी लच्छन बाई कुंवर प्राथमिक शाला के जर्जर भवन को डिस्मेंटल कर शाला प्रबंधन समिति द्वारा प्रस्तुत आवेदन के संबध में विचार बाबत, पेंशनर भवन एवं राजमिस्त्री संघ हेतु उनकी मांग के अनुसार विचार विमर्श बाबत, मुख्यमंत्री नवीन पेंशन योजना के तहत प्राप्त आवेदन की स्वीकृति बाबत, राष्ट्रीय परिवार सहायता योजना के तहत स्वीकृति बाबत्, जाति एवं मूलनिवास की उद्घोषणा के संबंध में प्रस्ताव पारित करने बाबत्, निकाय क्षेत्र में चौपाटी निर्माण करने के संबंध में विचार निर्णय बाबत्, गंडई पंडरिया मार्ग में बने डिवाइडर को हटाने बाबत्, वार्ड 08 रावणभाठा में स्थित सामुदायिक भवन को उचित मूल्य दुकान संचालन हेतु विचार विमर्श बाबत्, दुकानों के नामांतरण, शहरी फोरलेन निर्माण कार्य अंतर्गत निकाय के विद्युत पोल, पेयजल पाइप लाइन हटाएं जाने विचार निर्णय बाबत्, पेंशनर संघ के द्वारा पेंशनर भवन हेतु भूमि मांग के संबंध में विचार विमर्श बाबत्, धोबी समाज के द्वारा सामाजिक भवन निर्माण करने भूमि मांग हेतु आवेदन के संबंध में विचार निर्णय, फुलवारी संकुल सदन गंडई के महिलाओं द्वारा संकुल भवन के संबंध में प्रस्तुत आवेदन में विचार व निर्णय हेतु, सहित अन्य जनहित मुद्दे शामिल थे। जिस पर नगर पंचायत के उपाध्यक्ष एवं उनके पार्षदों के द्वारा किसी भी प्रकार का कोई विचार विमर्श किए बिना ही सिर्फ कंडिका क्रमांक 1 में उल्लेखित स्वतंत्रता दिवस 2025 मनाया जाने के संबंध में ही विचार व निर्णय लिया गया है। बाकी विषयों पर किसी भी प्रकार का विचार विमर्श नहीं किया गया है और बैठक स्थगित कर सीएमओ को चेतावनी देकर सभी उपाध्यक्ष के साथ चले गए, जो नगर में उनकी काफी चर्चाएं भी हो रही है।



**राष्ट्रीय परिवार सहायता, मुख्यमंत्री पेंशन, जाति, निवास जैसे अहम प्रस्ताव पर भाजपा ने किया बहिष्कार**

### ऐसे में कैसे होगा नगर का विकास, नगर को लग जाएगा ग्रहण

नगर विकास के लिए सभी जिम्मेदारों का एक राय होना आवश्यक होता है, चाहे वह भाजपा का पार्षद हो या कांग्रेस का पार्षद हो, सभी वार्ड के मतदाताओं के द्वारा चुनकर योजनाओं का लाभ मिले इसके लिए बड़ी विश्वास के साथ पार्षद का चयन कर नगर पंचायत भेजता है, ऐसे में उन्हीं के इरादों पर पानी फिर जाए और योजनाओं से वंचित हो जाए तो लोग अपना दुख किसको बताएं, यह भी बात सामने आ रही है। निकाय में बैठक का आयोजन बहुत ही सोच समझकर रखा जाता है, नगर विकास के लिए विभिन्न एजेंडा शामिल होता है, ऐसे में दोनो दलों में सामंजय नही होगा,एवं बैठक का स्थगन करवा देना नगर विकास में ग्रहण के समान प्रतीत होता है।

> नगर पंचायत अध्यक्ष लाल टारकेश्वर शाह खुसरो ने बताया कि उपाध्यक्ष श्यामपाल ताम्रकार ने बहिष्कार करने के पूर्व निकाय के सीएमओ को धमकी दी है कि यदि आप हमारी बातों को नहीं मानेंगे तो निकाय का घेराव कर जनआंदोलन करेंगे। ऐसे शब्दों का प्रयोग कर परिषद की बैठक से चले गए। 29 महत्वपूर्ण जनहित विषयों/बिंदुओं पर बैठक रखी गई थी जिसमें से कंडिका क्रमांक 01 में अंकित 15 अगस्त मनाया जाने के संबंध में सहमति देते हुए चले गए, नगर विकास में भाजपा का शुरू से ही विरोध रहा है। किसके कार्यकाल में क्या हुआ है, यह देखना अभी बाकी है।

> पहले आवेदन पर निराकरण फिर परिषद बैठक का प्रस्ताव स्वीकृत होगा। श्यामपाल ताम्रकार उपाध्यक्ष नगर पंचायत गंडई का कहना है कि परिषद की बैठक का बहिष्कार नहीं स्थगित किया गया है, मेरे द्वारा सीएमओ को माह जून में 3 से 4 आवेदन दिया गया है, जिसका आज तक जवाब नहीं दिया गया है। नगर में अवैध ठेला रखा गया है, जिस संबंध में एसडीएम/जेडी ऑफिस द्वारा हटाने का निर्देश दिया गया है। इस ओर कोई कार्यवाही नहीं हुआ है, इस संबंध में चेतावनी दिया गया है। नामांतरण के लिए लगभग 50 से 60 आवेदन आया है, लेकिन बैठक में सिर्फ 8 से 10 आवेदन पर विचार क्यों? जाति संबंधी और पेंशन संबंधी आवेदन आते रहते है, बहुत बड़ा विषय नहीं है।

> अविनाश देवांगन सीएमओ गंडई का कहना है की बड़ी दुर्भाग्य की बात है कि परिषद की 29 कंडिका में से अधिकतर जो है वह आमजन के मुद्दों से जुड़ा हुआ है, इस पर उपाध्यक्ष श्यामपाल ताम्रकार के द्वारा बहिष्कार किया गया है। वह हर कार्य को प्रशासनिक दबावपूर्वक कराने का प्रयास करते हैं दुकान नामांतरण के लिए जिसकी दस्तावेज पूरी है, उनका ही परिषद में रखा गया है, निकाय द्वारा जो सूचना उपाध्यक्ष को उनके घर भिजवाया जाता है, तो उनके द्वारा लेने से इनकार किया जाता है और नगर पंचायत परिवार ग्रुप में अगर सूचना डालते हैं, तो उसमें भी ताम्रकार के द्वारा आपत्ति की जाती है, तो वही बताएंगे कि कैसी सूचना वह लेना पसंद करेंगे।

## पहला कॉलम...

### आदर्श ग्राम पंचायत माथलडबरी में पूर्ण शराबबंदी



**शराब बिक्री करते पकड़े जाने जाने पर 31,000 रुपए अर्थदंड**

राजनांदगांव (दावा)। जिले के अंतर्गत (डोंगरगांव) से लगे ग्राम पंचायत माथलडबरी में नशा मुक्त भारत अभियान की पांचवी वर्षगांठ अवसर पर ग्राम माथलडबरी में ग्राम प्रबंधन समिति एवं ग्रामवासियों की उपस्थिति में महत्वपूर्ण बैठक आहूत की गई। जिसमें ग्राम में सार्वजनिक स्थल पर शराब सेवन करते पकड़े जाने पर 10,000 रूपए की अर्थदंड व शराब बिक्री करते पकड़े जाने पर 31,000 रूपए नगद अर्थदंड व कानूनी कार्यवाही की जावेगी। सभी निर्णय का ग्रामवासियों की उपस्थिति में ली गई। नशा मुक्त अभियान के तहत सामूहिक शपथ ली गई। इस अवसर पर प्रमुख रूप से जिला पंचायत प्रतिनिधि चुन्नी यदु, ग्राम प्रमुख टुमन साहू, प्रदीप पटेल उप सरपंच, देवप्रकाश, नंदू साहू, राजू देवांगन, भुनेश्वर पटेल, नरेश पटेल, रमन साहू, खेमचंद यदु, प्रदीप धनकर, उमेश पटेल, प्रेमसिन्हा, रमेश यदु, राजेश भोईर, बृजभूषण पटेल, किशुन निषाद, चिंतू पटेल, दिनेश साहू, कामता साहू सहित समस्त ग्रामवासी उपस्थित रहे।

### नवोदय प्रवेश परीक्षा पंजीयन कल तक




डोंगरगढ़ (दावा)। पीएमश्री स्कूल जवाहर नवोदय विद्यालय डोंगरगढ़ में कक्षा छठवीं में प्रवेश के लिए होने वाली नवोदय प्रवेश परीक्षा के पंजीयन की अंतिम तिथि 13 अगस्त निर्धारित की गई है। संस्था के प्रिंसिपल इंचार्ज संजय कुमार मंडल ने जिले के सभी विकासखंड शिक्षा अधिकारी, सहायक विकासखंड शिक्षा अधिकारी, संकुल समन्वयक, बीआरसी और प्रधान पाठकों से अपील की है कि जिले के कक्षा पांचवीं में अध्ययनरत सभी बच्चों का शत-प्रतिशत पंजीयन सुनिश्चित कराया जाए। उन्होंने बताया कि राजनांदगांव, मोहला-मानपुर, अं. चौकी और खैरागढ़-छुईखदान-गंडई जिलों के लिए यह एकमात्र जवाहर नवोदय विद्यालय डोंगरगढ़ है, इसलिए पात्र विद्यार्थियों का पंजीयन समय पर कराना आवश्यक है।

### आज शा. लाल चक्रधर शाह महाविद्यालय में नवप्रवेशित छात्रों हेतु दीक्षारंभ एवं पत्रकार सम्मान समारोह

अंबागढ़ चौकी (दावा)। शासकीय लाल चक्रधर शाह स्नातकोत्तर महाविद्यालय में सत्र 2025-26 के नवप्रवेशित स्नातक प्रथम सेमेस्टर (बी.ए., बीएससी, बी-कॉम) के छात्र-छात्राओं के लिए दीक्षारंभ कार्यक्रम का आयोजन 12 अगस्त (मंगलवार) को प्रातः 11 बजे महाविद्यालय के सभागार कक्ष में किया जाएगा। मुख्य अतिथि श्रीमती नम्रता सिंह, जिला पंचायत अध्यक्ष, जिला मोहला-मानपुर-अंबागढ़ चौकी अध्यक्षता डॉ. के.आर. मंडावी, प्राचार्य, शा.ला. च.शा. स्ना. महाविद्यालय, अंबागढ़ चौकी विशिष्ट अतिथि दिलीप वर्मा, अध्यक्ष, जिला भाजपा, मोहला-मानपुर-अंबागढ़ चौकी अनिल मानिकपुरी, अध्यक्ष, नगर पंचायत, अंबागढ़ चौकी कार्यक्रम में नवप्रवेशित विद्यार्थियों को महाविद्यालय की शैक्षणिक, सांस्कृकि, खेल, पुस्तकालय, एनसीसी, एनएसएस एवं सामाजिक गतिविधियों से परिचित कराया जाएगा। जिससे उनके उच्च शिक्षा जीवन की प्रेरणादायी शुरुआत हो सके। कार्यक्रम के अंतर्गत समस्त पत्रकार बंधुओं का सम्मान समारोह भी आयोजित किया जाएगा। महाविद्यालय परिवार ने सभी नवप्रवेशित छात्रों एवं पत्रकार बंधुओं से कार्यक्रम में अनिवार्य उपस्थिति की अपील की है।

### दिवंगत पत्रकार अशोक अम्बादे के परिवार को प्रेस क्लब ने दी सहयोग राशि



डोंगरगढ़ (दावा)। 11अगस्त को प्रेस क्लब ऑफ डोंगरगढ़ की बैठक प्रेस क्लब भवन में दोपहर 12 बजे आयोजित की गई। उक्त बैठक में सर्वप्रथम दिवंगत पत्रकार अशोक अम्बादे को श्रद्धांजलि अर्पित की गई। तत्पश्चात बैठक में उपस्थित सदस्यों के बीच क्लब के आय-व्यय का ब्यौरा प्रस्तुत किया गया। बैठक उपरांत दिवंगत पत्रकार के घर जाकर उनकी धर्मपत्नी को पत्रकारों द्वारा एकत्रित की गई आर्थिक सहायता राशि 9500 रुपये सौंपी गई। आर्थिक सहयोग प्रदान करनें वालें पत्रकारों में अध्यक्ष उत्तम समुंद्रे, खूबचंद चौधरी, गोपाल खेमुका, महेश सहारे, दीपक साखरे, विलास जांभुलकर, धीरज शर्मा, धम्मकृति नंदेश्वर, शेख जफर अली, सचिन जाम्बुलकर, राजा शर्मा, महेंद्र शर्मा बंटी, कृष्णा सहारे शामिल है।

## राज्य स्तरीय जूजित्सु टेक्निकल सेमिनार एवं छत्तीसगढ़ टीम चयन प्रतियोगिता का सफल समापन



डोंगरगढ़(दावा)। जुजित्सु एसोसिएशन ऑफ छत्तीसगढ़ के तत्वाधान में शहर के कन्या शाला स्पोर्ट्स हॉल में 9 एवं 10 अगस्त को आयोजित राज्य स्तरीय जूजित्सु टेक्निकल सेमिनार एवं टीम चयन प्रतियोगिता का रविवार को भव्य समापन हुआ। इस दो दिवसीय आयोजन में छत्तीसगढ़ के लगभग सभी जिलों से 100 से अधिक प्रतिभागियों ने भाग लिया। चयनित खिलाड़ी आगामी सीनियर राष्ट्रीय प्रतियोगिता में छत्तीसगढ़ का प्रतिनिधित्व करेंगे। दो दिवसीय आयोजन के पहले दिन विशेषज्ञ प्रशिक्षकों द्वारा खिलाड़ियों को तकनीकी प्रशिक्षण, नियमों की जानकारी एवं प्रतियोगी रणनीतियों का मार्गदर्शन दिया गया। दूसरे दिन चयन मुकाबले हुए, जिनमें खिलाड़ियों ने अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन किया। प्रतिभागियों में बस्तर, कांकेर, कोण्डागांव, चिरमिरी, बालोद, रायपुर, गरियाबंद, धमतरी, बिलासपुर, कबीरधाम, दुर्ग, राजनांदगांव सहित कई जिलों के खिलाड़ी शामिल थे। समापन समारोह में नगर पालिका अध्यक्ष रमन डोंगरे, वरिष्ठ भाजपा नेता अमित जैन, शहर मंडल अध्यक्ष जसमीत सिंह बनोआना, जिला खेल संघ अध्यक्ष विवेक मोनू भंडारी, सरस्वती शिशु मंदिर डोंगरगढ़ के प्राचार्य प्रकाश यादव, जिला सचिव (स्काउट-गाइड) देवेंद्र अंबादे, ब्लॉक क्रीड़ा अधिकारी राजकुमार नंदेश्वर सहित अनेक गणमान्य नागरिक विशेष रूप से उपस्थित रहे।साथ ही जुजित्सु एसोसिएशन ऑफ छत्तीसगढ़ के महासचिव राणा अजय सिंह, बालोद जिला सचिव सुरेश प्रसाद शांडिल्य, सह सचिव बाबूराव जनबंधु, रायपुर जिला सचिव सूरज वर्मा, चिरमिरी जिला सचिव असजद रजा, कांकेर जिला सचिव रिकी राम साहू, दुर्ग जिला सचिव देवा साहू, बस्तर जिला सचिव यतेश्वर राव, कबीरधाम जिला सचिव दुर्गेश मोडघरे, राजनांदगांव जिला सह सचिव तेजस राहुल एवं जिला सचिव तरुण कुमार वरकड़े भी मौजूद थे। जिला अध्यक्ष विवेक मोनू भंडारी ने पूर्व विजेता खिलाड़ियों को स्मृति चिन्ह एवं प्रमाणपत्र देकर सम्मानित किया। उन्होंने कहा, इस तरह के राज्य स्तरीय आयोजन से खिलाड़ियों को राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर जाने का अवसर मिलता है। रमन डोंगरे नगर पालिका अध्यक्ष ने कहा खेल केवल जीत-हार का नाम नहीं, बल्कि यह जीवन में अनुशासन, आत्मविश्वास और टीम भावना विकसित करने का माध्यम है। डोंगरगढ़ में इस तरह के राज्य स्तरीय आयोजन से हमारे युवाओं में खेल के प्रति रुचि और उत्साह बढ़ेगा। अमित जैन वरिष्ठ भाजपा नेता ने कहा छत्तीसगढ़ के खिलाड़ी आज राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर अपनी पहचान बना रहे हैं। यह आयोजन साबित करता है कि छोटे नगरों से भी बड़े खिलाड़ी निकल सकते हैं, बशर्ते उन्हें सही प्रशिक्षण और अवसर मिले। प्रकाश यादव प्राचार्य सरस्वती शिशु मंदिर ने कहा शारीरिक शिक्षा और खेल दोनों ही विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास के लिए आवश्यक हैं। जुजित्सु जैसे मार्शल आर्ट से न केवल आत्मरक्षा सीखी जा सकती है, बल्कि मानसिक और शारीरिक संतुलन भी बेहतर होता है। पूरे आयोजन के दौरान खिलाड़ियों ने अनुशासन, खेल भावना और आपसी सौहार्द का परिचय दिया। दर्शकों का उत्साह, खिलाड़ियों का जोश और अतिथियों के प्रेरणादायी संबोधन ने इस आयोजन को यादगार बना दिया।

## हर घर तिरंगा, घर-घर तिरंगा यात्रा व मोर तिरंगा मोर अभिमान अभियान के संबंध तुमड़ीबोड़ मंडल भाजपा की बैठक आयोजित



डोंगरगांव (दावा)। डोंगरगांव में हर घर तिरंगा, घर-घर तिरंगा यात्रा व मोर तिरंगा मोर अभिमान अभियान के संबंध तुमड़ीबोड़ मंडल भाजपा की बैठक आयोजित हुई। कार्यक्रम की रूपरेखा के संबंध में मंडल अध्यक्ष जागेश्वर यादव ने जानकारी दिया। बैठक में मुख्य रूप पूर्व अध्यक्ष जिला पंचायत दिनेश गांधी और मूलचंद लोधी ने संबोधित किया। तिरंगा भारत की शान है। हमारी एकता की पहचान है। विविधता में भी हम सबको एक होकर चलने की प्रेरणा देता है। जिसके कारण भारत आजादी के बहुत कम समय में अन्य देशों से आगे निकल आया। उक्त कार्यक्रम में मंडल भाजपा के पदाधिकारीगण गनेश्वर सिन्हा, निवेदन साहू, रामनाथ वर्मा, जितेन्द्र सिन्हा, लोकेश वर्मा, जीवन पटेल, गोकुल सिन्हा, हेनु साहू, हेमू सिन्हा, सागर वर्मा, नसीब रात्रे, जितेन्द्र वर्मा, निर्मला साडिल्य, निर्मला सिन्हा, भारती वर्मा, तरुण साहू, कमलेश साहू, केवल वर्मा, मोहन पाल, लखन सूर्यवंशी, पितांबर साहू सहित बुथ अध्यक्ष, संयोजक, सहसंयोजक शक्ति केंद्र के संयोजक, सहसंयोजक और जनप्रतिनिधि पार्टी के कार्यकर्ता बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।

## डोंगरगांव का 'हेलमेट संगवारी' बना सड़क सुरक्षा का प्रतीक, सड़कों पर बचाती है जिंदगी



डोंगरगांव (दावा)। अंतर्राष्ट्रीय युवा दिवस 2025 के अवसर पर आज हम एक ऐसे युवा की प्रेरक कहानी साझा कर रहे हैं। जिसने निजी दुःख को जनसेवा का रूप देकर समाज के सामने एक नई मिसाल पेश की है। डोंगरगांव निवासी धर्मेंद्र साहू जिन्हें आज लोग 'हेलमेट संगवारी' के नाम से पहचानते हैं। सड़क सुरक्षा के क्षेत्र में अपनी अनोखी मुहिम से लोगों को जागरूक कर रहे हैं। धर्मेंद्र के जीवन में बदलाव उस समय आया जब एक सड़क दुर्घटना में उनके पिता की मृत्यु सिर में चोट लगने से हो गई। इस घटना ने उन्हें भीतर तक झकझोर दिया और तभी उन्होंने संकल्प लिया कि वे समाज में हेलमेट के महत्व को लेकर जागरूकता फैलाएंगे। तभी से उन्होंने बिना किसी संस्थागत सहायता के स्वयं की कमाई से अब तक 3500 से अधिक हेलमेट निःशुल्क बांटे हैं। साथ ही पिता के दुर्घटना से मिले बीमा की राशि का भी हेलमेट खरीदी कर लोगों में बाँट दिया। धर्मेंद्र केवल हेलमेट देने तक सीमित नहीं हैं। बल्कि वे विभिन्न स्कूलों, कॉलेजों और सार्वजनिक स्थानों में 50 से अधिक जागरूकता कार्यक्रमों का आयोजन कर चुके हैं। उनका लक्ष्य है हर सिर सुरक्षित हो।

धर्मेंद्र की इस मुहिम में उनका पूरा परिवार सहभागी है। एक उल्लेखनीय पहल तब हुआ जब छोटे भाई की सगाई में वर-वधू ने एक-दूसरे को हेलमेट पहनाकर सड़क सुरक्षा का संदेश दिया। यह पहल सोशल मीडिया पर काफी सराही गई।

धर्मेंद्र साहू कहते हैं कि हेलमेट बांटना मेरा मकसद नहीं है, लोगों की जान बचाना मेरी प्राथमिकता है। अगर मेरे द्वारा दिया गया एक हेलमेट भी किसी की जान बचा सके तो यही मेरी सबसे बड़ी सफलता होगी। अंतर्राष्ट्रीय युवा दिवस के अवसर पर धर्मेंद्र साहू जैसे युवाओं को सम्मानित करना समय की आवश्यकता है। जो न केवल समाज में सकारात्मक बदलाव ला रहे हैं, बल्कि आने वाली पीढ़ियों के लिए भी प्रेरणा स्रोत बन रहे हैं।

## प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के आह्वान पर भाजपा ने तिरंगा यात्रा निकाल किया जागरूक




डोंगरगढ़ (दावा)। भाजपा राष्ट्रीय-प्रदेश व जिला भाजपा के निर्देशानुसार भाजपा शहर मंडल डोंगरगढ में मोर तिरंगा-मोर अभियान अवसर पर मंडल स्तरीय हर घर तिरंगा कार्यक्रम का आयोजन 10 से 14 अगस्त तक किया जाना है। इसी कड़ी में भाजपा शहर मंडल द्वारा सोमवार को नगर में तिरंगा यात्रा निकाल लोगों को देशभक्ति के प्रति जागरूक किया गया। भाजपा नेताओं ने देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के आह्वान पर मोर तिरंगा मोर अभियान तिरंगा अभियान के तहत के हर घर तिरंगा को पहुंचाने एवं लोगों में देशभक्ति की अलख जगाने की अपील की है।

**हर घर तिरंगा पहुंचाने एवं लोगों में देशभक्ति की अलख जगाने की अपील की गई**

तिरंगा यात्रा में भाजपा प्रदेश महामंत्री रामजी भारती, पूर्व विधायक विनोद खांडेकर एवं प्रदेश सहकारिता पर पोस्ट संयोजक शशिकांत द्विवेदी, भाजपा जिला उपाध्यक्ष सुरेंदर सिंग बनोआना, वरिष्ठ भाजपा नेता सुनील चीकू जैन, लक्ष्मी नारायण अग्रवाल, कुलवंत कक्कड़, प्रदीप बाघ, तुलसी मिश्रा, नगर पालिका अध्यक्ष रमन डोंगरे, उपाध्यक्ष उमा महेश वर्मा, शहर भाजपा मंडल अध्यक्ष जसमीत सिंह बनोआना, महिला मोर्चा अध्यक्ष सविता दरगढ उपस्थित थे।

इस अवसर पर संयोजक विनय बंसल, सह संयोजक हरीश मोटघरे, युवा मोर्चा अध्यक्ष सुमित मिश्रा, नगर पालिका सभापति अमित जैन ,रेखा राजेश राघौते, देवेंद्र साखरे, सुमित ताम्रकार, पार्षद शिवांगी साखरे, बबीता मलागार, शारदा यादव, अनीश निर्मलकर, भाजपा कोषाध्यक्ष भागवत नामदेव, उपाध्यक्ष लक्ष्मी यादव, अनिल पांडे, अलका जयेश सहारे, सरफराज नवाज, एस पी मिश्रा, सुषमा कोठारी, अनीता इंदुलकर, आकाश राजपूत लोकेश इंदुलकर, अमरावती शाह सुलभा सिंह, संगीता राजपूत, संगीता मोहने, मुकुंद कडरा, ओम कोठारी, डिंपी महापात्र, कुंदन साहू मिथिलेश साहू, कन्हैया अग्रवाल, ओमप्रकाश सहारे, विजय विजयवाड़, आवेश निगम, विक्रांत राजपूत, बादल मरस्कोले, कैलाश सोनवानी, गिरीश साहू, हिमांशु सेन, आदित्य मिश्रा उपस्थित थे।

## 11 सूत्रीय मांगों को लेकर 22 अगस्त को कर्मचारी अधिकारी फेडरेशन का धरना प्रदर्शन



डोंगरगढ़(दावा)। छत्तीसगढ़ अधिकारी कर्मचारी फेडरेशन 22 अगस्त को एक दिवसीय हड़ताल करने जा रहा है। इसे सफल बनाने विश्रामगृह में तैयारी बैठक रखी गई थी। इसमें फेडरेशन के ब्लॉक संयोजक भेलसिंह वर्मा की अध्यक्षता में रणनीति बनाई गई। बैठक में फेडरेशन के पदाधिकारी समेत विभिन्न कर्मचारी संगठनों के प्रतिनिधि शामिल हुए। मीडिया प्रभारी अमिताभ दुफारे ने बताया कि फेडरेशन ने 16 जुलाई को 11 सूत्रीय मांगों पर सीएम और सीएस के नाम एसडीएम को ज्ञापन सौंपा था। उसी के तहत अब आंदोलन के दूसरे चरण में 22 अगस्त को एक दिवसीय हड़ताल का ऐलान किया गया है। इसके बाद भी अगर सरकार मांगें नहीं मानती है, तो आंदोलन का तीसरा चरण अनिश्चितकालीन धरने के रूप में होगा।

अमिताभ दुफारे ने कहा कि कई बार संवैधानिक तरीके से विरोध जताने के बावजूद सरकार ने कर्मचारी-अधिकारियों की मांगों को गंभीरता से नहीं लिया। अब फेडरेशन पूरी ताकत और एकजुटता से हड़ताल के लिए तैयार है। महामंत्री डॉ मुन्नालाल नंदेश्वर ने सभी संगठनों से अपील की है कि 22 अगस्त को एक दिन का सामूहिक अवकाश लेकर हड़ताल में शामिल हों। उन्होंने यह भी साफ किया कि सरकार ने इस बार भी मांगों को नजरअंदाज किया, तो प्रदेशभर के कर्मचारी-अधिकारी अनिश्चितकालीन हड़ताल के लिए बाध्य होंगे। बैठक में सभी संगठनों ने एकमत होकर कहा कि 22 अगस्त को फेडरेशन की हड़ताल को पूर्ण समर्थन दिया जाएगा। सभी कर्मचारी संगठनों ने संघर्ष में साथ खड़े रहने की प्रतिबद्धता जताई। फेडरेशन के मुताबिक, इस बार वे आर-पार की लड़ाई के लिए तैयार हैं। यह हड़ताल राज्य के 10 लाख से ज्यादा अफसर-कर्मचारियों की आवाज बनेगी। आज की बैठक में मुख्य रणनीतिकार अमित कुमार वैष्णव संगठन सचिव, संतोष कुमार देवांगन उपाध्यक्ष,भीषम ठाकुर कोषाध्यक्ष, राकेश सिन्हा प्रवक्ता, सुश्री लक्ष्मी देवांगन अध्यक्ष महिला प्रकोष्ठ, श्रीमती धनलक्ष्मी महोबिया सचिव महिला प्रकोष्ठ, श्रीमती मीनाक्षी हेमने उपाध्यक्ष महिला प्रकोष्ठ, धन्नूलाल महोबिया, बी श्रीनिवासन राव, टी के दुबे व कई संगठनों के प्रतिनिधि उपस्थित रहे।

### कर्मचारी अधिकारी फेडरेशन द्वारा 11 प्रमुख मांगो के लिए किया जा रहा है आंदोलन

कर्मचारी अधिकारी फेडरेशन द्वारा सरकार से मांग की गई है कि, केंद्र के समान 2प्रतिशत महंगाई भत्ता तत्काल प्रभाव से लागू किया जाए, जुलाई 2019 से अब तक के महंगाई भत्ता का जीपीएफ में समायोजन, राज्य के कर्मचारियों की वेतन विसंगति को अवलिंब दूर किया जाए, चार स्तरीय वेतनमान की व्यवस्था तत्काल प्रभाव से लागू की जाए, सहायक शिक्षक, सहायक पशु चिकित्सा अधिकारी को तृतीय समय वेतनमान, सभी कर्मचारियों को कैशलेस चिकित्सा सुविधा दी जाए, मध्यप्रदेश की तरह 300 दिन का अर्जित अवकाश नकदीकरण लागू हो, कार्यभारित, संविदा और दैनिक वेतनभोगी कर्मचारियों को नियमित किया जाए, कर्मचारियों को सेवा सुरक्षा का लाभ दिलाया जाए, पेंशनरों को भी केंद्र के समान महंगाई भत्ता दिया जाए एवं पदोन्नति और समयमान वेतनमान की लंबित समस्याएं जल्द सुलझाई जाएं।

## कांग्रेसजनों एवं सतनामी समाज के पदाधिकारियों ने मिनीमाता की पुण्यतिथि बेलगांव में मनाई



डोंगरगढ़(दावा)। ग्रामीण ब्लॉक कांग्रेस एवं डोंगरगढ़ सतनामी समाज की पदाधिकारीयों ने बेलगांव में इकठ्ठा होकर करुना मई छत्तीसगढ़ की पहली महिला सांसद मिनीमाता की पुण्यतिथि पर उनके प्रतिमा पर पूजा अर्चना कर पुष्प हार चढ़ाकर उन्हें याद करते हुए पुण्यतिथि मनाई और उनके पुण्यतिथि पर वृक्षारोपण किया गया।

इस अवसर पर डोंगरगढ़ ग्रामीण ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष सुरेश सिन्हा, जनपद सदस्य प्रतिमा खरे, डोंगरगढ़ तहसील सतनामी समाज अध्यक्ष पंचराम चंदेल, राजू सिंह राजपूत, दिनेतू प्रकाश जांगड़े, फत्तू वर्मा, प्यारेलाल भारती, सुखी राम लहरे, अश्वनी पैकरा, पुनाराम लहरे, देवदास कर्रे, हेमराज चंदेल, हेमंत लहरे, पुरुषोत्तम सोने, मुन्ना साहू, मधुसूदन खरे, रामदास धुर्वे, विष्णु खरे, पुनाराम लहरे, प्रकाश, बिफत साहू, दीपक साहू एवं ग्रामीण जन उपस्थित थे।

# ऑपरेशन मुस्कान : सुरक्षा का असली वचन



जब गुम हुए बच्चे मिले तो इंतजार थमा... आंसू थमे..
ऑपरेशन मुस्कान ने कई चेहरों पर लौटाई मुस्कान

राजनांदगांव (दावा)। जब कोई अपना खो जाए तो उसकी वेदना परिवार को अंदर तक झकझोर देती है। कहीं गुम हो जाने वाले बच्चे या व्यक्ति वर्षों तक भटकते रहते हैं। जिसकी टीस उनके परिवारजनों को विचलित कर देती है और वे हर किसी से अपने बच्चे के बारे में सुधि लेने की कोशिश करते हैं। जेहन में यह खयाल कि हमारा बच्चा किस हाल में होगा।

पुलिस प्रशासन ने ऐसे ही प्रकरणों में संवेदनशीलता के साथ कार्य करते हुए एक मिसाल प्रस्तुत की है और ऑपरेशन मुस्कान तथा ऑपरेशन तलाश एक जरिया बनी है, ऐसे परिवारजनों से उनके बिछड़े और गुम हो गए बच्चे एवं प्रियजनों को मिलाने के लिए पुलिस अधीक्षक मोहित गर्ग के निर्देशन में ऑपरेशन मुस्कान एवं ऑपरेशन तलाश के माध्यम से बेहतरीन कार्य किया गया है और उनके परिजनों के चेहरों पर मुस्कान लाने के लिए शिद्दत से कोशिश की गई है।

जिसका सुखद परिणाम यह है कि अब तक 23 बालक एवं बालिकाएं तथा ऑपरेशन तलाश अंतर्गत 112 महिला एवं पुरूष अपने घर-परिवार के पास वापस लौट गए है और उनके चेहरे पर यह मुस्कान सुकून देने वाली है।

पुलिस विभाग में आपसी समन्वय, लगातार तफ्तीश के माध्यम से मिशन मोड में कार्य किया गया है। जिससे यह मुश्किल कार्य संभव बना। इस कार्य के लिए राजनांदगांव पुलिस द्वारा छत्तीसगढ़ सहित मध्यप्रदेश, तेलंगाना, महाराष्ट्र के विभिन्न जिलों में पहुंचकर गुमशुदा बच्चों एवं व्यक्तियों को बरामद किया गया है। ऑपरेशन मुस्कान द्वारा बच्चों को अपनों से मिलाकर सुरक्षा का असली वचन निभाते हुए पुलिस विभाग द्वारा अपना दायित्व निभाया गया। गुमशुदा बच्चों एवं व्यक्तियों को उनके परिजनों को सौंप दिया गया है। जिससे उनके परिवार में खुशी का महौल है। उनके परिजनों द्वारा राजनांदगांव पुलिस को धन्यवाद व्यक्त करते हुए कृतज्ञता ज्ञापित किया गया है। राजनांदगांव जिले में पुलिस अधीक्षक श्री मोहित गर्ग के निर्देशन पर अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक श्री राहुल देव शर्मा के मार्गदर्शन में नगर पुलिस अधीक्षक पुष्पेन्द्र नायक, एसडीओपी डोंगरगढ़ आशीष कुंजाम, एसडीओपी डोंगरगांव दिलीप सिसोदिया के पर्यवेक्षण पर जिले के समस्त थाना व चौकी प्रभारियों के नेतृत्व में गुम इंसान के मामलों में निरंतर कार्य किया गया।

# रक्षाबंधन के पर्व में आने जाने वाले लोगों को परेशान करने वाला व्यक्ति गिरफ्तार



डोंगरगढ़ (दावा)। रक्षाबंधन के पर्व में आने जाने वाले लोगों को परेशान करने वाले व्यक्ति को पुलिस द्वारा गिरफ्तार किया गया। पुलिस से प्राप्त जानकारी के अनुसार क्षेत्र में शांति भंग करने वाले आरोपी केशव सोनी के विरूद्ध धारा-170, 126 135 बी एन एस एस के तहत प्रतिबंधात्मक कार्यवाही की गई। शांति व्यवस्था बनाये रखने हेतु प्रतिबंधात्मक कार्यवाही कर एसडीएम न्यायालय में पेश किया गया।

वरिष्ठ अधिकारी पुलिस अधीक्षक राजनांदगांव मोहित गर्ग, अति पुलिस अधीक्षक राहुल देव शर्मा व पुलिस अनुविभागीय अधिकारी डोंगरगढ़ आशिष कुंजाम के दिशा-निर्देश में थाना प्रभारी डोंगरगढ़ निरीक्षक उपेन्द्र कुमार शाह द्वारा अपने थाना क्षेत्र में अपने टीम के साथ लगातार गस्त पेट्रोलिंग कर अवैध गतिविधियों एवं असामाजिक तत्वों पर नजर रख रही है। साथ ही क्षेत्र में रोकने हेतु डोंगरगढ़ पुलिस मुहिम छेड़ दी है। इसी अभियान के तहत क्षेत्र में आज दिनांक- 09 अगस्त को डोंगरगढ़ पुलिस द्वारा अनावेदक केशव सोनी पिता स्व0 नंदकिशोर सोनी उम्र 27 साल निवासी दंतेश्वरी पारा वार्ड नंबर- 02 के द्वारा बंशी किराना स्टोर्स के सामने रक्षा बंधन के पर्व में लोगों को आने-जाने वाले महिला एवं लोगों को परेशान करने एव हो-हल्ला गाली गुप्तार कर रहा था, जिसके विरूद्ध धारा-170, 126, 135 बीएनएसएस के तहत प्रतिबंधात्मक कार्यवाही किया गया है। जिसे एसडीएम न्यायालय पेश किया गया है।

# जय महाकाल सेवा संघ द्वारा प्रत्येक वर्ष की तरह श्रावण मास में बरगद, पीपल एवं फलदार पौधा रोपण किया



अम्बागढ़ चौकी (दावा)। महाकाल संघ द्वारा प्रत्येक वर्ष की तरह शिवनाथ तट व अन्य धार्मिक स्थानों पर वृक्षारोपण किया गया व सुरक्षा व देख रेख की जिम्मेदारी भी दिया गया, संघ द्वारा लगभग 8 वर्ष से नगर व विकास खण्ड स्तर पर सेवा कार्य किया जा रहा चाहे वह शिक्षा के क्षेत्र में बच्चों के उत्साह के लिए विकासखण्ड के अन्य प्राथमिक शाला में स्कूल बैग व कापी वितरण करना व स्वच्छता के क्षेत्र में नगर के नदी नाले में प्लास्टिक व अन्य अप्सिस्ट को जाने से रोकना व जागरूकता के लिए कार्य करना एवं ठंड में वृद्धों को कम्बल वितरण करना संघ द्वारा नगर में समरसता के उद्देश्य से सभी सामाजिक कार्य शादी, मृत्यु भोज व धार्मिक कार्यो में भोजन व्यवस्था के लिए निःशुल्क व स्वेच्छा दान पर बर्तन उपलब्ध कराये जाना।

संघ के अध्यक्ष तुलसीराम वर्मा ने बताया की महाकाल संघ सेवा के क्षेत्र में अपने स्तर पर कार्य करते आ रहा है जैसे गौ सेवा, मानव सेवा व कोविड में स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता के लिए कार्य व पर्यावरण संरक्षण हो या धर्म के प्रति जागरूकता के लिए कार्य निरंतर 8 वर्ष से करती आ रही है और आगे भी अपने स्तर पर कार्य करती रहेगी।

संघ के पदाधिकारी व सदस्य अपने स्वयं की राशि व दान राशि से इस कार्य को बड़े उत्साह से करते आ रहे है, जिसमें प्रकाश सारथी, दीपक खरे, प्रेम मानिकपुरी, ताम्रध्वज यादव, बबली, सोमेश हरमुक, दीपेश खरे, तरुण कौशिक व अन्य सदस्य उपस्थित रहे।

# ग्राम बागरेकसा क्षेत्र के ग्राम दमऊदहरा में विश्व आदिवासी दिवस मनाया गया



डोंगरगढ़(दावा)। दिनांक 9 अगस्त को ग्राम बागरेकसा क्षेत्र के ग्राम दमऊदहरा में श्रीमती अनिता मंडावी सभापति जिला पंचायत राजनांदगांव के मुख्य आतिथ्य में विश्व आदिवासी दिवस मनाया गया। ग्राम में आदिवासी महापुरुषों का दीप प्रज्वलित कर सामाजिक रीति रिवाज से पूजा पाठ कर कार्यक्रम को प्रारंभ किया गया।

मुख्य अतिथि द्वारा समाज को नशा मुक्ति सरकार के साथ मिलकर समाज की योजनाओं के बारे में बताया गया कि अभी हाल ही में भगवान बिरसा मुंडा के नाम से धरती आभा योजना केंद्र सरकार द्वारा निकाला गया है। जिसमें आदिवासी के उत्थान के लिए अनेक अनेकों योजनाएं हैं। केंद्र सरकार राज्य सरकार गरीबी उन्मूलन कार्य में लगातार कार्य कर रही है। देश में आजादी के बाद जब भाजपा की सरकार आई है तब से जनजाति वर्ग का विकास होना प्रारंभ हुआ है। जमींदारी प्रथा के विरोध में भगवान बिरसा मुंडा ने संघर्ष किया है।

# शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय टटेंगा में पेड़ों को रक्षा सूत्र बांधा गया



हरदी (दावा)। पेड़ पौधों की कटाई से रोकथाम व पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरूकता बढ़ाने तथा प्रकृति के साथ हमारे संबंध मजबूत करने के उद्देश्य से शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय टटेंगा में शाला विकास समिति के अध्यक्ष व जनपद सदस्य टूमन साहू, सुरेश साहू मंडल अध्यक्ष सुरेगांव, दीप्ति साहू सरपंच टटेंगा, पुरुषोत्तम उर्वशा विधायक प्रतिनिधि, संतोष देवांगन, अश्वनी सुधाकर, पुरुषोत्तम वासनिक, रीखी राम साहू, प्राचार्य आरके देवांगन की उपस्थिति में पेड़ों को रक्षा सूत्र बांधा गया। इस अवसर पर टूमन साहू ने संबोधित करते हुए कहा कि हमें प्रकृति के महत्व को समझना है। पेड़ लगाकर और उनकी रक्षा करके हमें आने वाली पीढ़ियों के लिए स्वस्थ वातावरण का निर्माण करना है। प्राचार्य आरके देवांगन ने कहा कि यह एक अनोखा व सार्थक तरीका है। जिससे रक्षाबंधन के त्यौहार को पर्यावरण संरक्षण से जोड़ सकते हैं। यूथ एवं इको क्लब के प्रभारी व्याख्याता अजय पाठक ने कार्यक्रम का संचालन करते हुए बताया कि इस अवसर के लिए व्याख्याता हैपशीबा एंथोनी के नेतृत्व में कक्षा 12वीं वाणिज्य के छात्रों ने राखी का निर्माण किया। पेड़ पौधे हमें सुरक्षा देते हैं तो उनका संरक्षण भी हमारी जवाबदारी है। पेड़ों को भाई मानते हुए राखी बांधकर खाद व पानी के रूप में उसे मिठाई खिलाई गई। इस अवसर पर व्याख्याता चंद्रमणि वासनिक, टीएल देवांगन, पवन सिन्हा, रीना बोरकर के साथ शाला नायक मयंक देवांगन, मोहित, नीलकमल, डामेन्द्र, कुसुम, रोशन के साथ समस्त शाला परिवार उपस्थित रहे।

# ब्रेनडेड डॉक्टर ने दी दो लोगों को नई जिंदगी, दोनों किडनी दान कर रच दिया मिसाल

**दुर्ग के आरोग्यम हॉस्पिटल में हुई अंगदान प्रक्रिया**



दुर्ग (दावा)। कहते हैं डॉक्टर का जीवन सेवा के लिए होता है और कभी-कभी यह सेवा उनके जाने के बाद भी जारी रहती है। दुर्ग के आरोग्यम सुपरस्पेशलिटी हॉस्पिटल के डॉ. प्रशांत सिंह ने यही कर दिखाया। जब उन्हें ब्रेनडेड घोषित किया गया, उनके परिवार ने बड़ा निर्णय लेते हुए अंगदान की अनुमति दी। उनकी दोनों किडनियों को ज़रूरतमंद मरीजों को देने के लिए सुरक्षित निकाला गया, जिससे दो अलग-अलग लोगों को नई जिंदगी मिली।

## संभवतः दुर्ग संभाग में पहला ब्रेनडेड अंगदान मामला

यह दुर्ग संभाग का पहला मामला है, जब किसी ब्रेनडेड मरीज से सफलतापूर्वक किडनी सुरक्षित कर प्रत्यारोपण के लिए भेजी गई हो। यह न केवल चिकित्सा जगत बल्कि समाज के लिए भी एक मील का पत्थर है।

## अस्पताल की टीम की अहम भूमिका

अस्पताल के वरिष्ठ चिकित्सकों डॉ. नवीन राम दारुका और डॉ. साहू ने इस संवेदनशील समय में परिजनों को अंगदान के महत्व के बारे में समझाया। परिवार ने अपने दुख को एक उदार निर्णय में बदलते हुए दोनों किडनी दान करने की स्वीकृत दी। अस्पताल की ट्रांसप्लांट यूनिट ने त्वरित कार्रवाई करते हुए किडनियों को सुरक्षित निकालकर प्रत्यारोपण के लिए निर्धारित अस्पतालों में भेजा।

## दो घरों में लौटी खुशियां

दोनों मरीज, जो लंबे समय से डायलिसिस पर थे, अब स्थिर हैं और रिकवरी की ओर बढ़ रहे हैं। उनके परिवारों के चेहरे पर सालों बाद सुकून और खुशी लौट आई है।

## सेवा के बाद भी सेवा- डॉक्टर प्रशांत को समाज की श्रद्धांजलि

अस्पताल के स्टाफ और समाजजनों ने डॉ. प्रशांत सिंह को एक सच्चा सेवक और मसीहा बताया।

## अस्पताल प्रबंधन ने कहा

डॉ. प्रशांत सिंह ने जीवनभर लोगों की सेवा की, और अब अपने अंगों से दो जिंदगियों को नया जीवन देकर अमर हो गए हैं।

## जागरूकता का आह्वान

भारत में लाखों मरीज अंग प्रत्यारोपण के इंतजार में हैं, लेकिन जागरूकता की कमी के चलते समय पर अंगदान नहीं हो पाता। इस घटना ने साबित किया कि समय पर लिया गया निर्णय कई जिंदगियों को संवार सकता है। अंगदान महादान है। यह केवल एक फैसला नहीं, बल्कि जीवन देने वाली रोशनी है।

# विश्व आदिवासी दिवस पर मोहला में उमड़ा जनसैलाब, सर्व आदिवासी समाज ने निकाली विशाल रैली

**11 सूत्रीय मांग पत्र सौंपा**



मोहला(दावा)। मानपुर-अंबागढ़ चौकी विश्व आदिवासी दिवस 9 अगस्त 2025 को जिला मुख्यालय मोहला के गोंडवाना भवन में भव्य आयोजन किया गया। कार्यक्रम में क्षेत्र के सर्व आदिवासी समाज के छह से सात हजार लोग शामिल हुए। लोग अपने विशिष्ट परिधानों और सांस्कृतिक वेशभूषा में पहुंचे और यूएनओ द्वारा प्रस्तावित विश्व आदिवासी दिवस की महत्वता को समझा। पूर्वजों की पूजा-अर्चना के बाद कार्यक्रम की शुरुआत हुई। इसके बाद गोंडवाना भवन से विशाल रैली निकाली गई, जो बस स्टैंड में पहुंचकर लाल श्याम शाह महाराज की पूजा-अर्चना के बाद फौव्वारा चौक होते हुए कलेक्टर कार्यालय तक पहुंची।

कलेक्टर कार्यालय पहुंचकर समाज के प्रतिनिधियों ने 11 सूत्रीय मांग पत्र सौंपा और चेतावनी दी कि यदि 15 अगस्त तक सामुदायिक वन अधिकार पत्रक नहीं दिया गया तो उग्र आंदोलन किया जाएगा। रैली और ज्ञापन के उपरांत पुनः कार्यक्रम स्थल गोंडवाना भवन में मंचीय कार्यक्रम और उद्बोधन हुए।

## मुख्य वक्तव्य और मुद्दे

राजा लाल लक्ष्मेंद्र शाह (पानाबरस) ने अवैध धर्मांतरण और स्थानीय भर्ती में युवाओं की भागीदारी जैसे गंभीर मुद्दों पर अपनी बात रखी। जिला अध्यक्ष संजीत ठाकुर ने बताया कि यूएनओ द्वारा घोषित 9 अगस्त विश्व आदिवासी दिवस 2006 से सर्व आदिवासी समाज के बैनर तले मनाया जा रहा है और इस मंच के माध्यम से प्रशासन को क्षेत्र के मुद्दे और आदिवासी अधिकारों से संबंधित समस्याएं बताई जाती रही हैं। उन्होंने कहा कि वन अधिकार अधिनियम का क्रियान्वयन जिले में सही तरीके से नहीं हो रहा। पहले प्रशासन ने 22 सामुदायिक वन अधिकार पत्रक में से 6 पत्रक दिए थे, लेकिन बाद में वापस ले लिए, जबकि 22 गांवों के प्रस्ताव डीएलसी में लंबित हैं।

## 11 सूत्रीय प्रमुख मांगें

वन अधिकार अधिनियम 2006 के तहत सीएफ आरआर और आईएफआर लंबित दावों पर त्वरित कार्रवाई। जिले में जारी फर्जी जाति प्रमाण पत्रों की जांच और दोषियों पर कार्यवाही। फर्जी नियुक्तियों के मामलों में उच्चस्तरीय जांच। स्थानीय भर्ती में युवाओं को प्राथमिकता और आरक्षण रोस्टर का सही पालन। ग्राम पंचायत स्तर पर सरकारी योजनाओं के क्रियान्वयन में पारदर्शिता। जिले में युवाओं के लिए कौशल विकास केंद्र की स्थापना। पैसा कानून 2022 का पालन। आदिवासी छात्रावासों में आवश्यक सुविधाओं की पूर्ति। शहीद नेता-संविधान निर्माता संघराज परगनिया के नाम पर शिक्षक नियुक्ति। जिला क्षेत्र के छात्रावासों की व्यवस्था में सुधार। आवासीय विद्यालयों में आवश्यक संसाधनों की पूर्ति।

सर्व आदिवासी समाज ने मांगों पर तत्काल कार्रवाई की अपेक्षा जताते हुए कहा कि यदि प्रशासन उदासीन रहा तो आने वाले समय में आंदोलन तेज किया जाएगा।

## प्रथम पृष्ठ का शेष...

**लोकसभा में हंगामे के बीच बिना....**

उनकी विदेश नीति देखिए, टैरिफ पर टैरिफ, हमारा पूरा कारोबार चीन पर निर्भर है, तो वे किस तरह का संशोधन कर रहे हैं? कोई सोच भी नहीं सकता था कि 20,000 प्राथमिक स्कूल बंद हो जाएंगे। अगर गरीब बच्चे पढ़ नहीं पा रहे हैं, तो कोई भी आयकर बिल आपको खुशी नहीं दे सकता? संसदीय पैनल ने नए आयकर बिल की ड्राफ्टिंग में कई त्रुटियों की ओर ध्यान दिलाया था। गलतफहमियों को कम करने के लिए संशोधनों का सुझाव दिया था, ये सुझाव हैं- खंड 21 (संपत्ति का वार्षिक मूल्य): सामान्य क्रम में शब्द को हटा दें और खाली संपत्तियों के लिए वास्तविक किराए और मान्य किराए के बीच स्पष्ट तुलना जोड़ें। खंड 22 (गृह संपत्ति आय से कटौती): निर्दिष्ट करें कि 30 प्रतिशत मानक कटौती नगरपालिका करों में कटौती के बाद लागू होती है; निर्माण-पूर्व ब्याज कटौती को किराये पर दी गई संपत्तियों तक विस्तारित करें। खंड 19 (वेतन कटौती - अनुसूची): किसी निधि से पेंशन प्राप्त करने वाले गैर-कर्मचारियों के लिए परिवर्तित पेंशन कटौती की अनुमति दें। खंड 20 (वाणिज्यिक संपत्ति): अस्थायी रूप से अप्रयुक्त व्यावसायिक संपत्तियों पर गृह संपत्ति आय के रूप में कर लगाने से बचने के लिए शब्दावली को संशोधित करें। समिति ने कहा कि इन परिवर्तनों से निष्पक्षता और स्पष्टता में सुधार होगा तथा कानून को मौजूदा प्रावधानों के अनुरूप बनाया जाएगा। वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने सोमवार को कराधान कानून (संशोधन) विधेयक, 2025 पेश किया। इसका उद्देश्य एकीकृत पेंशन योजना के अंशधारकों को कर छूट प्रदान करना है। लोकसभा में प्रस्तुत विधेयक में आयकर तलाशी मामलों के संबंध में ब्लॉक मूल्यांकन योजना में परिवर्तन करने और सऊदी अरब के सार्वजनिक निवेश कोषों को कुछ प्रत्यक्ष कर लाभ प्रदान करने का प्रावधान भी शामिल है। कराधान कानून (संशोधन) विधेयक, 2025 के जरिए आयकर अधिनियम, 1961 में और वित्त अधिनियम, 2025 में संशोधन करने की कोशिशों के तहत है। सरकार ने जुलाई में बताया था कि नई पेंशन योजना (एनपीएस) के तहत उपलब्ध सभी कर लाभ एकीकृत पेंशन योजना (यूपीएस) पर भी लागू होंगे। इसे 1 अप्रैल, 2025 से लागू किया गया था।

**खेल प्रशासन विधेयक लोकसभा....**

इस विधेयक के मुताबिक, केंद्र सरकार को राष्ट्रीय हित में निर्देश जारी करने और रोक लगाने की शक्ति संबंधी धारा के तहत एक आदेश के द्वारा असाधारण परिस्थितियों में भारतीय टीमों और व्यक्तिगत खिलाड़ियों की अंतरराष्ट्रीय भागीदारी पर उचित रोक लगाने का अधिकार होगा। खिलाड़ियों की भागीदारी का मामला अक्सर पाकिस्तान के संबंध में सामने आता है। विभिन्न प्रतियोगिताओं में भाग लेने को लेकर सरकार की नीति पिछले कुछ वर्षों से बेहद स्पष्ट रही है। अगर कोई ऐसी प्रतियोगिता हो जिसमें कई देश भाग ले रहे हों तो उसमें भागीदारी पर कोई रोक नहीं है, लेकिन पाकिस्तान के खिलाफ द्विपक्षीय आयोजनों का तो 'सवाल ही नहीं उठता मुंबई में 2008 में आतंकी हमले के बाद यही स्थिति बनी हुई है। इस हमले में पाकिस्तान समर्थित आतंकवादियों ने 150 से ज्यादा लोगों को मार डाला था। एक और उल्लेखनीय विशेषता राष्ट्रीय खेल न्यायाधिकरण का प्रस्ताव है। इसके मुताबिक, एक सिविल कोर्ट के पास शक्तियां होंगी और वह महासंघों और एथलीटों से जुड़े चयन से लेकर चुनाव तक के विवादों का निपटारा करेगा। एक बार स्थापित होने के बाद, न्यायाधिकरण के निर्णयों को केवल सर्वोच्च न्यायालय में ही चुनौती दी जा सकेगी। यह विधेयक प्रशासकों के लिए आयु सीमा के मुद्दे पर कुछ रियायतें देता है, जिसमें 70 से 75 वर्ष की आयु के लोगों को चुनाव लड़ने की अनुमति दी गई है, बशर्ते संबंधित अंतरराष्ट्रीय संस्थाओं के नियम और उपनियम इसकी अनुमति दें। यह राष्ट्रीय खेल संहिता से अलग है, जिसमें आयु सीमा 70 वर्ष निर्धारित की गई थी।

**वोटर वेरिफिकेशन के खिलाफ विपक्ष....**

वोटर लिस्ट दिखाते हुए कहा कि वोटर लिस्ट में संदिग्ध वोटर मौजूद हैं। उन्होंने कहा कि महाराष्ट्र के नतीजे देखने के बाद हमारा शक पुख्ता हुआ कि चुनाव में चोरी हुई है। मशीन रीडेबल वोटर लिस्ट नहीं देने से हमें भरोसा हुआ कि चुनाव आयोग ने भाजपा के साथ मिलकर महाराष्ट्र के चुनाव की चोरी की है। राहुल ने कहा कि हमने यहां वोट चोरी का एक मॉडल पेश किया, मुझे लगता है कि इसी मॉडल का प्रयोग देश की कई लोकसभाओं और विधानसभाओं में हुआ। राहुल के आरोपों पर कर्नाटक चुनाव आयोग ने शपथ पत्र मांगा है। कहा कि वे लिखित में शिकायत करें ताकि आगे की कार्रवाई की जा सके।

**मैं शपथपत्र पर हस्ताक्षर क्यों करूं?....**

के कई निर्वाचन क्षेत्रों में हुआ है। आज चुनाव आयोग कुछ छिपाने की कोशिश कर रहा है, लेकिन मैं आपको बताना चाहता हूं कि एक दिन सब कुछ सामने आ जाएगा। राहुल ने कहा, भारत के लोकतंत्र की हालत देखिए। 300 सांसद चुनाव आयोग से मिलकर एक दस्तावेज पेश करना चाहते थे, लेकिन उन्हें इसकी इजाजत नहीं दी गई। वे डरे हुए हैं। अगर 300 सांसद आ गए और उनकी सच्चाई सामने आ गई तो क्या होगा? यह लड़ाई अब राजनीतिक नहीं रही। यह लड़ाई संविधान और एक व्यक्ति एक वोट के लिए है। हमने कर्नाटक में साफ तौर पर दिखा दिया है, यह मल्टीपल मैन, मल्टीपल वोट था। पूरा विपक्ष इसके खिलाफ लड़ रहा है। चुनाव आयोग के लिए अब छिपना बहुत मुश्किल होगा। कांग्रेस महासचिव और पार्टी सांसद केसी वेणुगोपाल ने कहा, पुलिस और सरकार हमें 30 सेकंड भी मार्च नहीं करने दे रही है। वे हमें यहीं रोकना चाहते हैं। देश में कैसा लोकतंत्र है? सांसदों को चुनाव आयोग जाने की आजादी नहीं है। अब वे कह रहे हैं कि सिर्फ 30 लोग ही आ सकते हैं, लेकिन कम से कम उन 30 लोगों को चुनाव आयोग कार्यालय तो जाने दो। हिरासत में लिए जाने के बाद कांग्रेस सांसद रणदीप सुरजेवाला ने कहा कि क्या जेल की सलाखें राहुल गांधी और विपक्ष को रोक पाएंगी? अब एक ही नारा है- बोल रहा है पूरा देश, वोट हमारा छू के देख... इस देश की जनता ने मोदी सरकार और चुनाव आयोग की साझेदारी को नकार दिया है।

**शिव मंदिर जा रहे श्रद्धालुओं की.....**

पवार ने बताया कि हादसा महालुंगे एमआईडीसी पुलिस थाना क्षेत्र में हुआ। हादसे के कारणों की जांच जारी है। बताया जा रहा है कि घाट पर चढ़ाई के दौरान वाहन रिवर्स आने लगा और पांच से छह बार पलटी खाने के बाद सड़क किनारे खाई में जा गिरा। उधर, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने हादसे पर दुख जताते हुए 'एक्स' पर कहा, पुणे में हादसे में लोगों की मौत से दुखी हूं। जिन परिवारों ने अपने प्रियजनों को खोया है, उनके प्रति संवेदनाएं। घायलों के शीघ्र स्वस्थ होने की प्रार्थना करता हूं। पीएम मोदी ने घोषणा की कि प्रधानमंत्री राष्ट्रीय राहत कोष से मृतकों के परिजनों को 2-2 लाख रुपये और घायलों को 50-50 हजार रुपये की आर्थिक सहायता दी जाएगी।

**कर्नाटक सरकार में मचा घमासान....**

पर प्रतिक्रिया देते हुए कहा, देखिए...अगर हम ऐसी बातों पर यूं ही बात करने लगेंगे, तो अलग-अलग राय सामने आएंगी। मतदाता सूची कब तैयार हुई थी? यह तब तैयार हुई थी जब हमारी अपनी सरकार सत्ता में थी। उस समय क्या सब लोग आंखें बंद करके चुपचाप बैठे थे? ये अनियमितताएं हुई थीं, यह सच है। इसमें कुछ भी झूठ नहीं है। राजन्ना ने कहा कि ये गड़बड़ियां हमारी आंखों के सामने हुईं, हमें शर्म आनी चाहिए। उस समय हमने ध्यान नहीं दिया। इसलिए भविष्य में हमें सतर्क रहना होगा... महादेवपुरा में वाकई धोखाधड़ी हुई थीं। एक व्यक्ति तीन अलग-अलग जगहों पर पंजीकृत था और तीनों जगह वोट डाला। लेकिन जब प्रारूप मतदाता सूची तैयार होती है, तो हमें उसकी निगरानी करनी चाहिए, है ना? जब प्रारूप मतदाता सूची बनती है, तो हमें आपत्तियां दर्ज करानी चाहिए। यह हमारी जिम्मेदारी है। उस समय हम चुप रहे और अब बात कर रहे हैं। केएन. राजन्ना के आरोपों पर कर्नाटक के उप मुख्यमंत्री डीके शिवकुमार ने कहा कि के.एन. राजन्ना पूरी तरह से गलत हैं। उन्हें नहीं पता। मेरे मुख्यमंत्री और मेरी पार्टी के आलाकमान इसका जवाब देंगे।

**आसिम मुनीर ने दी न्यूक्लियर अटैक.....**

किया कि भारत किसी भी परमाणु ब्लैकमेल के आगे नहीं झुकेगा और अपनी राष्ट्रीय सुरक्षा की रक्षा के लिए हर जरूरी कदम उठाएगा। भारत ने यह स्पष्ट किया कि वह शांति का पक्षधर है लेकिन जब बात राष्ट्रीय सुरक्षा की आती है, तो कोई समझौता नहीं किया जाएगा। सूत्रों के अनुसार, असीम मुनीर का यह बयान कोई नई बात नहीं है। पाकिस्तान में सेना लंबे समय से लोकतंत्र पर हावी रही है। अमेरिका की ओर से अगर पाकिस्तान की सेना को समर्थन मिलता है, तो वहां राजनीतिक अस्थिरता और सत्ता परिवर्तन की संभावनाएं और बढ़ सकती हैं। सूत्रों ने आशंका जताई कि अमेरिका से समर्थन मिलने के बाद असीम मुनीर चुपचाप या खुले तौर पर तख्तापलट की ओर बढ़ सकते हैं। इसका मकसद खुद को राष्ट्रपति के रूप में स्थापित करना भी हो सकता है।

**जेलेंस्की ने पीएम मोदी से की बात, जल्द.....**

है कि यूक्रेन से जुड़े सभी मुद्दों का समाधान केवल यूक्रेन की भागीदारी के साथ होना चाहिए। उन्होंने अन्य वार्ताकार प्रारूपों को अप्रभावी बताते हुए कहा कि ऐसे प्रयास परिणाम नहीं देंगे। इस बातचीत के दौरान दोनों नेताओं ने रूस पर लगाए गए प्रतिबंधों पर भी चर्चा की। जेलेंस्की ने कहा कि रूसी ऊर्जा, विशेष रूप से तेल, के निर्यात को सीमित करना जरूरी है ताकि रूस की आर्थिक क्षमता घटाई जा सके और वह युद्ध जारी रखने के लिए वित्तपोषण न कर सके। उन्होंने कहा कि हर वह नेता, जिसके पास रूस पर प्रभाव डालने का अवसर है, उसे मास्को को सही संदेश भेजना चाहिए। दोनों नेताओं ने सितंबर में संयुक्त राष्ट्र महासभा के दौरान व्यक्तिगत मुलाकात करने और परस्पर दौरों की योजना पर भी सहमति जताई। वहीं पीएम मोदी ने भी इस बातचीत को लेकर जानकारी देते हुए एक्स पर एक पोस्ट में लिखा- राष्ट्रपति जेलेंस्की से बात करके और हाल के घटनाक्रमों पर उनके विचार जानकर मुझे खुशी हुई। मैंने संघर्ष के शीघ्र और शांतिपूर्ण समाधान की आवश्यकता पर भारत की दृढ़ स्थिति से उन्हें अवगत कराया। भारत इस संबंध में हर संभव योगदान देने के साथ-साथ यूक्रेन के साथ द्विपक्षीय संबंधों को और मजबूत करने के लिए प्रतिबद्ध है।

**रॉबर्ट वाड्रा पर 58 करोड़ की अवैध कमाई....**

जानकारी दी गई। ईडी के अनुसार, यह एक घूस की डील थी। जमीन बिना पैसे दिए एसएलएचपीएल को दी गई, ताकि वाड्रा, भूपेंद्र सिंह हुड्डा से ओपीपीएल को लाइसेंस दिलवा सकें। बाद में एसएलपीएचएल को नियमों की अनदेखी करते हुए कमर्शियल लाइसेंस दिया गया और वह जमीन डीएलएफ को 58 करोड़ रुपए में बेची गई। ईडी ने 21 दिसंबर 2018 को पीएमएलए जांच शुरू की। एफआईआर में बाद में धारा 423 आईपीसी भी जोड़ी गई (16 जनवरी 2025), जो गलत जानकारी वाले दस्तावेज बनाने से जुड़ी है। लाइसेंस के लिए 2 एकड़ जमीन चाहिए थी, लेकिन केवल 1.35 एकड़ ही उपलब्ध थी। बाकी जमीन सड़क के लिए आरक्षित थी, जिसे गलत तरीके से जोड़ा गया। अधिकारियों ने बयान दिए कि उन पर ऊपर से दबाव था। नक्शों में तारीखों से छेड़छाड़ और बैकडेटिंग मिली। बिक्री पत्र में गलत दावा किया गया कि भुगतान चेक से हुआ, लेकिन असल में नहीं हुआ।

**सिंधु नदी पर बांध बना तो युद्ध होगा.....**

सशस्त्र बलों को पूरी तरह फ्री हैंड दिया गया था और इसी वजह से यह अभियान सफल रहा. जनरल द्विवेदी के अनुसार, 22 अप्रैल को पहलगाम में हुई घटना ने पूरे देश को हिला दिया था. इसके अगले ही दिन, 23 अप्रैल को शीर्ष सैन्य और राजनीतिक नेतृत्व की अहम बैठक बुलाई गई. इस बैठक में रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने बेहद सख्त लहजे में कहा, अब बहुत हो चुका. सेना प्रमुख ने कहा कि यह समझना जरूरी है कि किस तरह एक छोटा सा नाम- ऑपरेशन सिंदूर- पूरे देश को एकजुट कर सकता है. इस नाम ने पूरे राष्ट्र में नई ऊर्जा भर दी. जब डायरेक्टर ने यह नाम सुझाया, तो पहले मुझे लगा कि यह सिन्धु है, यानी इंडस नदी, और मैंने मजाक में कहा, बहुत बढ़िया, आपने तो इंडस वॉटर ट्रीटी को फ्रीज कर दिया. लेकिन उन्होंने बताया कि यह सिंदूर है.

**पीएम मोदी ने विपक्ष पर कसा तंज.....**

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने नई दिल्ली में बाबा खड़क सिंह मार्ग पर बने 184 नए टाइप-7 बहुमंजिला फ्लैट्स का उद्घाटन किया। इस दौरान पीएम मोदी ने सिंदूर का पौधा भी लगाया। साथ ही फ्लैटों के पीछे काम करने वाले श्रमजीवियों से भी बातचीत की। इस अवसर पर लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला, केंद्रीय आवासन एवं शहरी कार्य और ऊर्जा मंत्री मनोहर लाल, और केंद्रीय संसदीय कार्य एवं अल्पसंख्यक कार्य मंत्री किरेन रिजिजू भी उपस्थित थे। यह परिसर सांसदों की जरूरतों को ध्यान में रखकर बनाया गया है। प्रत्येक फ्लैट में 5,000 वर्ग फुट क्षेत्रफल है, जिसमें कार्यालय और स्टाफ के लिए जगह भी है। यह परियोजना गृह 3-स्टार रेटिंग और राष्ट्रीय भवन संहिता के अनुरूप है। इमारतें भूकंपरोधी हैं और दिव्यांगों के लिए अनुकूलित हैं। जानकारी के अनुसार इस परिसर को आत्मनिर्भर बनाने के लिए डिजाइन किया गया है और यह संसद सदस्यों की कार्यात्मक जरूरतों को पूरा करने के लिए आधुनिक सुविधाओं की पूरी श्रृंखला से सुसज्जित है।

# श्रमदान करके चबूतरा निर्माण कार्य और वन रक्षाबंधन का त्यौहार मनाया

बांधाबाजार (दावा)। वनांचल में आज भी लोग शासकीय योजना को नजर अंदाज कर श्रमदान कार्य को ज्यादा प्राथमिकता देते है। सरकार की योजना को रोजगार का साधन उपलब्ध कराने का जरिया समझते है। इस कार्य को उतना पारदर्शिता एवं टिकाऊ नहीं मानते है।

केवल पांच साल तक टिकने वाला कार्य समझ रहे है। जबकि गांव की अपनी समस्या को ग्रामसभा अपना कार्य समझकर बिना आर्थिक संसाधन से श्रमदान से पूरी पारदर्शिता और मेहनत से करते है। श्रमदान का कोई भी कार्य पूरी लगन और ईमानदारी से करते है। अपनी जरूरत समझकर पूरी तन्मयता के साथ श्रमदान से कार्य किया जाता है। आज सृष्टि संस्था परियोजना कार्यालय ग्राम दक्कोटोला तहसील अंबागढ़ चौकी जिला मोहला मानपुर अंबागढ़ चौकी छत्तीसगढ़ राज्य के मार्गदर्शन पर ग्राम मरदेल, कोड़ेवड़ा और ग्राम चिरचारी तहसील मोहला के दूर दराज के वनांचल गांव में रक्षा बंधन त्यौहार मनाया गया हैं। इसके अलावा विश्व आदिवासी दिवस कार्यक्रम के शुभ अवसर पर ग्रामीणों ने



सामुदायिक वन संसाधन प्रबंधन अधिकार मान्यता प्रमाण पत्र प्राप्त वाले वन क्षेत्र के पेड़ पौधों को रक्षा सूत्र बांधने का कार्य किया है। ग्राम सभा ने श्रमदान से वन क्षेत्र में उन महत्वपूर्ण पेड़ आम पीपल और इमली पेड़ के चारों ओर मिट्टी का पक्का चबूतरा बनाकर स्व. लाल श्याम शाह महाराज वनांचल के गोंड आदिवासी समाज के मसीहा की प्रतिमा का विधिवत पूजा अर्चना कर पेड़ पौधों को रक्षा सूत्र बांधने का कार्यक्रम आयोजित किया गया था।

गौरतलब है कि ग्राम सभा की अपनी सोच है कि जैसे हम बाल-बच्चों को जन्म से बड़ा होते तक उनकी परवरिश करते आ रहे। उनके सुख दुख में भागीदार बनते है वैसे ही हमारे पेड़ पौधे है। आज उनकी जतन करने की जरूरत है। वन आज असुरक्षित है जिसे रोगों से एवं अवैध कटाई से तथा आग से बचाने की सख्त आवश्यकता है। वन को संवर्धन की जरूरत नहीं है। केवल ग्राम सभा का संरक्षण और प्रबंधन की सख्त जरूरत है। ग्रामीणों ने गांव के छायादार फलदार और भरपूर आक्सीजन प्रदान करने वाले पेड़ का चयन कर श्रमदान से चबूतरा का निर्माण कार्य किया है।

क्योंकि गांव में गर्मी के दिनों में इन गांव में ग्रामसभा को बैठने की उपयुक्त छायादार चौपाल की व्यवस्था नहीं थी। इसलिए ग्रामसभा ने इसी सोच के साथ उत्कृष्ट कार्य किया है। ग्राम सभा और वन अधिकार समिति तथा सृष्टि संस्था के अथक प्रयास से यह कार्य हुआ है। ग्राम मरदेल, कोड़ेवड़ा और चिरचारी के ग्राम सभा सदस्य बाजीराव मांझी, भगत सिंह वन अधिकार समिति के अध्यक्ष सचिव अर्जुन सिंह कोमरे, सहदेव कोरेटी एवं ग्राम कोड़ेवाड़ा के ग्राम सभा के पदाधिकारी श्रीमती मीना मांझी श्याम लाल सलामे, जोहर लाल बोगा वन अधिकार समिति के सराधू राम उसारे अनित राम सोरी और ग्राम चिरचारी के वन अधिकार समिति के अध्यक्ष सचिव कामता प्रसाद कचलामें, सुरेंद्र कुमार धुर्वे तथा ग्रामसभा के पदाधिकारी लालसाय धुर्वे के प्रमुख उपस्थिति में चबूतरा निर्माण तथा रक्षा सूत्र बांधने का कार्यक्रम संपन्न हुआ है। ग्राम वन अधिकार समिति के अध्यक्ष सचिव ने बताया कि अब गर्मी के दिनों में इसी चबूतरे पर अपने अपने ग्राम के वन संबंधित ग्रामसभा इन्हीं स्थलों पर आयोजित किया जाएगा। इस कार्य को संपन्न करने हेतु संस्था के कार्यकर्ता अर्जुन कुमेटी गजाराम धुर्वे, श्रीमति सरिता कोरेटी और कलस्टर समन्वयक जयदेव मोहुर्ले ने अथक परिश्रम किया है।

## सीएमओ नरेश वर्मा का तबादला

### बेमेतरा सीएमओ कोमल ठाकुर खैरागढ़ पदस्थ किए गए



खैरागढ़ (दावा)। नगर पालिका खैरागढ़ में महत्वपूर्ण प्रशासनिक फेरबदल किया गया है। मुख्य नगरपालिका अधिकारी नरेश वर्मा का तबादला कर उन्हें बेमेतरा नगर पालिका में पदस्थ किया गया है। वहीं बेमेतरा नगर पालिका परिषद के प्रभारी कोमल ठाकुर को खैरागढ़ नगर पालिका का प्रभार सौंपा गया है। सूत्रों के अनुसार आदेश जारी होने के बाद जल्द ही चार्ज हैंडओवर की प्रक्रिया पूरी होगी। यह बदलाव प्रशासनिक हलकों में चर्चा का विषय बना हुआ है, क्योंकि खैरागढ़ में लंबे समय से कई विकास कार्य और शहरी योजनाएं लंबित थीं। स्थानीय नागरिकों और जनप्रतिनिधियों को उम्मीद है,कि नए प्रभारी अधिकारी कोमल ठाकुर के कार्यभार संभालते ही नगर के विकास कार्यों को नई गति मिलेगी।

## एंबुलेंस ने स्कूटी और बाइक को मारी टक्कर, एसपी ने खुद पहुँचाया अस्पताल



खैरागढ़ (दावा)। संगीत नगरी में तेज रफ्तार थमने का नाम नहीं ले रही है, चाहे टू व्हीलर हो, चाहे फोर व्हीलर या हैवी मोटर यान हो। रक्षाबंधन त्यौहार के दिन शनिवार को मेन रोड पर न्यायालय के सामने बड़ा सड़क हादसा हो गया। छुईखदान शांति डायग्नोस्टिक सेंटर की तेज़ रफ्तार एंबुलेंस ने स्कूटी सवार युवती और बाइक सवार युवक को जोरदार टक्कर मार दी।

हादसे के समय संयोग से एसपी लक्ष्य शर्मा वहीं से गुजर रहे थे। उन्होंने तुरंत अपनी गाड़ी रोककर घायलों को अपने शासकीय वाहन से सिविल अस्पताल पहुँचाया। जानकारी के मुताबिक एंबुलेंस छुईखादन से मरीज लेकर दुर्ग जा रही थी। न्यायालय के पास अचानक यह दुर्घटना हो गई। स्कूटी सवार माही रंगराली पिता काली रंगलानी, इंद्रलोक सीटी निवासी के पैर की हड्डी टूट गई, साथ ही हाथ और चेहरे में गंभीर चोटें आईं। उसे प्राथमिक उपचार के बाद उन्हें मेडिकल कॉलेज राजनांदगांव रेफर किया गया। वहीं बाइक सवार मिथलेश मराई 25 वर्ष निवासी गायत्री नगर के सिर में चोट आई है। एंबुलेंस में सवार यामिनी शर्मा को भी कंधे में चोट लगी है।

# दुनिया को बचाने के लिए आदिवासियों को बचाना होगा

कल्लूबंजारी (दावा)। आदिवासी ध्रुव गोंड़ समाज एवं आदिवासी कोयतुर गोंड़ समाज ग्राम इकाई नांदियाखुर्द के संयुक्त तत्वावधान में 9 अगस्त को बूढ़ालपेन ठाना प्रांगण नांदियाखुर्द में विश्व आदिवासी दिवस समारोह रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम एवं मनमोहक मांदर नृत्य की प्रस्तुति के साथ धूमधाम से मनाया गया। इस अवसर पर मुख्य वक्ताओं ने कहा कि दुनिया को बचाने के लिए आदिवासियों को बचाना होगा। कार्यक्रम के मुख्यअतिथि छत्तीसगढ़ सर्व आदिवासी समाज के प्रांतीय उपाध्यक्ष एवं किसान नेता सुदेश टीकम रहे। अध्यक्षता जिला संरक्षक एवं कोयतुर गोंड़ समाज ब्लाक इकाई छुरिया-डोंगरगढ़ के अध्यक्ष दिनेश कुरेटी दिलेर ने किया। विशेष अतिथि ब्लाक सचिव देशराम कोर्राम, युवा प्रभाग के जिलाध्यक्ष नंदकुमार गोंड़ीया, सरपंच अनुसूईया आचले, समाजसेवी विनायक मंडावी, हरिश्चंद्र साहू, मानसिंग आचले एवं तीजूराम मंडावी रहे।

कार्यक्रम का शुभारंभ आदिवासी महापुरुषों एवं डॉ.भीमराव अम्बेडकर के पूजा अर्चना के साथ हुआ पश्चात अतिथियों का स्वागत किया। सभा को संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि सुदेश टीकम ने कहा कि





नांदियाखुर्द में धूमधाम से मना विश्व आदिवासी दिवस

दुनिया को बचाने के लिए आदिवासियों को बचाना होगा। विश्व आदिवासी दिवस संसार का सबसे बड़ा पर्व है। यह दिन आदिवासी समाज के स्वास्थ्यगत, सामाजिक, शैक्षणिक, आर्थिक एवं राजनीतिक पिछड़ेपन के बारे में चिंतन मनन कर सभी पिछड़ेपन को दूर करने का उपाय खोजने की है। आदिवासी के साथ आदिवासियत को भी बचाना होगा। हमारे साथ सांस्कृतिक अतिक्रमण हुआ है जिसे रोकना होगा। आदिवासियों के साथ देश एवं दुनिया के किसी भी कोने में अन्याय, अत्याचार एवं शोषण होता है हम आदिवासियों को संगठित होकर संघर्ष करना चाहिए। मोटा अनाज एवं मोटा अनाज के मूलबीज को बचाने की आवश्यकता है। हमें आत्मनिर्भर बनने के दिशा में काम करना होगा।

अध्यक्ष की आसंदी से दिनेश कुरेटी दिलेर ने कहा कि हमारी पहचान हमारी संस्कृति से है। हमारी संस्कृति को समूल नष्ट करने का उच्च स्तरीय षड्यंत्र जारी है जिसे समझने की जरूरत है तथा अपने संस्कृति को बचाये रखने के लिए काम करना होगा। जो समाज जितना अधिक शिक्षित एवं संगठित होगा उनके समस्याओं का समाधान होगा। हमें अपने महापुरुषों के पदचिन्हों पर चलकर डॉ.भीमराव अम्बेडकर के तीन सूत्र शिक्षित बनकर संगठित हो एवं संगठित होकर संघर्ष करने के नीति पर चलना होगा। आर्थिक रूप से कमजोर प्रतिभावान छात्रों को आर्थिक मदद करके उच्च शिक्षा ग्रहण करने के लिए सहायता करने की जरूरत है। हमें अपने समाज के गौरवशाली एवं अति प्राचीन मूल संस्कृति, बोली-भाषा रीति-रिवाजों को बचाने रखना होगा। संवैधानिक लड़ाई लड़ने के लिए जातिवाद की भावना से ऊपर उठकर सर्व आदिवासी समाज के बेनर तले एकजुट होना पड़ेगा।

सभा को देशराम कोर्राम, नंदकुमार गोंड़ीया, विनायक मंडावी, अनुसूईया आचले एवं हरिशचंद्र साहू ने भी संबोधित कर आदिवासी समाज के लोगों को हमेशा संगठित रहने का आव्हान किया। स्वागत भाषण नरेन्द्र मंडावी, सफल संचालन तोमन आचले एवं आभार प्रदर्शन लक्की नेताम ने किया। पूर्व में जय सेवा मांदर नृत्य दल कटेंगाटोला (खोभा) के मनमोहक मांदर नृत्य की प्रस्तुति के साथ विशाल जनजागरण रैली निकाली गयी तथा रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किया गया।

## तंबाकू गुटका के साथ पकड़े जाने पर आरोपी को सिटी पुलिस गोंदिया के सुपुर्द किया गया



डोंगरगढ़(दावा)। गत 07 अगस्त को पोस्ट प्रभारी गोंदिया के नेतृत्व रेसुब मंडल टास्क टीम सउनि के के निकोडे, प्र.आ. राहुल सिंह, आर सी कटरे और वी के कुशवाहा, सीआईबी के सउनि के आर एस बागड़ेरिया, कृष्ण मुरारी और गोंदिया पोस्ट् के प्र.आ. एम के. चौबे के साथ गोंदिया स्ट्रेशन पीएफ 01 के सर्कुलेटिंग एरिया में चेकिंग के दौरान समय 14.00 बजे एक व्यक्ति को पीले रंग के दो बड़े थैले के साथ जल्दी-जल्दी जाते देखे, संदेह के आधार पर रोककर पूछताछ करने पर टालमटोल जवाब दिया।

जिसे चेक करने पर गुटखा पान मसाला तंबाकू जैसा पदार्थ होना पाया।

नाम पूछने पर संजय दौलत राम हरचंदानी उम्र 47 वर्ष निवासी सिंधी कॉलोनी गोंदिया बताया, जिस पर उचित कानूनी कार्रवाई हेतु सिटी पुलिस गोंदिया से समन्वय कर अपराध गुनहे शाखा पो. हवा. भाटिया, पो.शि. शेंडे और पो शि नागपुरे को मौके पर बुलाकर उक्त आरोपी को पीले रंग के दो बड़े थैले जिसमें क्रमशः सितार पान मसाला 40 बड़े पैकेट कीमत 4200 रूपये, सुगंधित पान पसंद गुटका 50 बड़े पैकेट कीमत 4750 रूपये, पान पराग गुटका 01 बड़ा पैकेट कीमत 1625 रूपये कुल कीमत 10575 होना पाया।

### हर घर तिरंगा सभी बूथ तक पहुंचाने मंडल स्तरीय रैली आयोजित की जाएगी - अनिल सिन्हा



डोंगरगढ़(दावा)। जिला भाजपा अध्यक्ष कोमलसिंह राजपूत के निर्देश अनुसार हर घर तिरंगा एवं ग्रामीण मंडल डोंगरगढ़ के सभी बूथ स्तर तक पहुंचाने तिरंगा एवं मंडल स्तरीय रैली आयोजित की जाएगी। कार्यक्रम को सफल बनाने बैठक आयोजित कर पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं को जिम्मेदारी दी गई है। ग्राम अछोली स्थित कर्मा भवन में आयोजित बैठक में प्रमुख रूप से भाजपा प्रदेश महामंत्री राम जी भारती द्वारा उपस्थित कार्यकर्ताओ को विशेष रूप सम्बोधित किया गया।

## 2 साल पहले किए गए पुलिया निर्माण गुणवत्ताहीन, पिचिंग का कार्य अब तक अधूरा, ग्रामीणों में आक्रोश



राजनांदगांव (दावा)। शहर से लगे ग्राम सुंदरा से अचानकपुर मार्ग पर बनाए गए पुलिया निर्माण कार्य में गुणवत्ताहीन कार्य होने के कारण, और कार्यों में की गई लापरवाही के चलते पिचिंग का कार्य अब तक अधूरा है।

ग्रामीणों ने बताया कि सुंदरा से अचानकपुर मार्ग पर लगभग 2 वर्ष पहले पुलिया निर्माण का कार्य किया गया है और पिचिंग का कार्य को अभी अंजाम दिया जा रहा है। वह भी सिर्फ पत्थर को रख रहे हैं ना ही उसमें सीमेंट डाली जा रही है और ना ही उसको व्यवस्थित ढंग से कार्य को अंजाम दिया जा रहा है। जिसकी शिकायत ग्रामीणजनों ने उच्च अधिकारियों के करने के बावजूद भी कोई कार्रवाई नहीं की जा रही है। ग्रामीण जनों ने बताया कि ठेकेदार संजय सिंघी द्वारा बीते 2 वर्ष पूर्व यह पुल का निर्माण किया गया है और पिचिंग को सिर्फ एक तरफ अभी कर रहा है, वह भी ग्रामीणों के बार-बार आग्रह के बावजूद ठेकेदार द्वारा कार्यों पर कोई ध्यान नहीं दिया जा रहा है, जिसके कारण क्षेत्रवासियों में भारी आक्रोश पनप रहा है।

### लोगों के घरों में पानी भर जाने से होती है परेशानी

ग्रामीणों ने आगे बताया कि ग्राम अचानकपुर बस्ती का पानी अधिक तथा निकासी हेतु पुल का व्यास कम होने से पानी वार्ड के घरों में घुस जाता है ग्रामीणों द्वारा पक्का पुलिया बनाने की मांग पर ठेकेदार द्वारा स्टीमेट में नहीं होना कहकर नहीं किया गया।

## जिला पंचायत अध्यक्ष किरण रविन्द्र वैष्णव ने पुलिस जवानों की कलाई पर बांधी राखी

छुरिया (दावा)। जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती किरण रविन्द्र वैष्णव ने रक्षाबंधन पर्व पर छुरिया व चिचोला पुलिस जवानों के साथ राखी का त्योहार मनाया। भाजपा महिला मोर्चा छुरिया की बहनों के साथ जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती किरण रविन्द्र वैष्णव ने पुलिस भाइयों की कलाई पर राखी बांधी, मिठाई खिलाई।



उनके स्वस्थ, सुरक्षित और दीर्घायु जीवन की कामना की। पुलिस जवानों ने भी बहनों को भरोसा दिलाया कि वे देश की रक्षा के साथ उनकी सुरक्षा और सम्मान की रक्षा के लिए हमेशा तत्पर रहेंगे। जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती किरण रविन्द्र वैष्णव ने कहा कि हमारे पुलिस जवान हर मौसम, हर परिस्थिति में डटे रहते हैं। त्योहार हो या संकट, वे हमेशा देश की सेवा में लगे रहते हैं। उनके साथ रक्षाबंधन मनाना एक परंपरा नहीं, बल्कि उनके साहस और त्याग को सम्मान देने का माध्यम है। साथ ही यह भी बताता है कि पूरा देश एक परिवार है। हमारे सैनिक उस परिवार के सबसे साहसी प्रहरी हैं। साथ ही इस अवसर पर जिला पंचायत सदस्य बिरम मंडावी, जनपद पंचायत सदस्य हेमिन साहू, जनपद सदस्य उत्तरा निषाद, शकुन गंधर्व पूर्व सरपंच भंडारपुर, मालती उईके पूर्व जनपद सदस्य सहित महिला मोर्चा की सदस्य उपस्थित थे।

# मां बम्लेश्वरी विक्रेता संघ मिला खाद्य मंत्री दयालदास बघेल से

डोंगरगढ़ (दावा)। स्थानीय खाद्य विक्रेता के क्षेत्र में कार्यरत दुकानदारों ने मां बम्लेश्वरी विक्रेता संघ के बैनर तले आज छत्तीसगढ़ शासन के खाद्य मंत्री दयालदास बघेल से मुलाकात कर अपनी समस्या बताई संघ के अध्यक्ष क्रांति नामदेव के नेतृत्व में मुलाकात कर वर्षों से जूझ रहे समस्याओं को लेकर मंत्री जी से विस्तार से चर्चा की।



चर्चा में प्रतिनिधि मंडल ने कहा की कमीशन की राशि एवं खाली बारदाना की राशि में वृद्धि एवं मासिक भुगतान के साथ-साथ छग राशन विक्रेताओं को वर्तमान में छ.ग. शासन द्वारा खाद्यान कमीशन राशि मात्र 30 रूपये प्रति क्विंटल दिया जा रहा है, जिसे बढाकर केंद्र सरकार के बराबर 10 रूपये प्रति विंटल किया जाए एवं बारदाना का समय पर उठाव एवं भुगतान निर्धारित समय तिथि में किया जाए। शासन द्वारा 150 क्विंटल तक वित्तीय पोषण दिया जाता है जिससे बढाकर 150 विप से अधिक आबंटन गल को भी दिया जाए एवं शक्कर में 5 रूपये प्रति क्विटल शासन द्वारा दिया जाता है जिसे बढाकर 10 रूपये प्रति क्विटल दिया जाए।

मां बम्लेश्वरी विक्रेता संघ के अध्यक्ष क्रांति नामदेव ने मंत्री जी से निवेदन करते हुए कहा कि छ.ग. के समस्त राशन दुकान विक्रेताओं की समस्या को ध्यान में रखते हुए आप से सादर निवेदन करते है कि हमारी समस्याओं को गंभीरता से लेते हुए अविलंब मांग को पूरा करने की कृपा करे छत्तीसगढ़ शासन के खाद्य मंत्री से मुलाकात करने वालों में संघ के संरक्षक परस राय, शत्रुघन टांडेकर, अध्यक्ष क्रांति नामदेव, उपाध्यक्ष शिवकुमार सेन, रेखा खोबागडे, सचिव अभिषेक वोरारे, कमलेश सहारे, चोवा राम वर्मा, अमित कन्नौजिया, संजय सिन्हा,अजय मानिकपुरी, लूमन वर्मा, लोकेश वर्मा, उदयराम, घनश्याम चंदेल, सन्नी वर्मा,शिराज खान, जगदीश तिवारी आदि लोग शामिल थे।

## मनेरी स्कूल में तिरंगा यात्रा निकाली गई



डोंगरगांव (दावा)। विगत दिनों मनेरी शासकीय उच्च. मा. विद्यालय, पूर्व माध्यमिक विद्यालय एवं प्राथमिक शाला द्वारा के द्वारा क्षेत्रीय जनप्रतिनिधि सरपंच भीषण साहू के मौजूदगी में विशाल तिरंगा यात्रा निकाली गई। संकुल प्राचार्य ए.आर.साहू व संकुल समन्वयक नीलमणी साहू ने बताया कि स्वतंत्रता एवं देश के प्रति लोगों को जागृत करने के लिए दिनांक 08 अगस्त 2025 दिन शुक्रवार को लगभग 320 छात्र-छात्राओं के द्वारा देशभक्ति के जयकारे गुंजायमान करते हुए संपूर्ण ग्राम मनेरी में तिरंगा यात्रा निकाली गई।

तिरंगा यात्रा दल का नेतृत्व जनक साहू, ताराचंद साहू, डोमन साहू और पोहन साहू ने किया। इस तिरंगा यात्रा के अवसर पर सरपंच भीषण साहू, प्राचार्य ए.आर.साहू, संकुल समन्वयक नीलमणी साहू, भवर लाल देवांगन, प्रधान पाठक मोनिका चंद्राकर, मनीषा घरडे,नीता साहू, जागृत साहू, अरुन्धती रत्नाकर आदि शिक्षकों की उपस्थिति रही।

## छुईखदान कन्या शाला में पालक-शिक्षक बैठक का सफल आयोजन

छुईखदान (दावा)। नगर की प्रमुख शैक्षणिक संस्था शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय, छुईखदान में शैक्षणिक सत्र 2025-26 के अंतर्गत पालक-शिक्षक बैठक का सफलतापूर्वक आयोजन किया गया। बैठक में नवनियुक्त जनभागीदारी समिति की अध्यक्ष श्रीमती शीतल नवनीत जैन की गरिमामयी उपस्थिति रही, साथ में पूर्व रिटायर्ड प्राचार्य श्रीमती रजक मैडम, आशा महोबिया, रेणु महोबिया विशेष रूप से उपस्थित रहे। बैठक में बड़ी संख्या में पालकों और शिक्षकों ने सहभागिता करते हुए छात्राओं की शिक्षा, अनुशासन, आत्मविश्वास और सर्वांगीण विकास पर गहन विचार-विमर्श किया।



श्रीमती शीतल नवनीत जैन ने अपने वक्तव्य में कहा कि घर और स्कूल के समन्वय से ही शिक्षा की गुणवत्ता में सुधार संभव है। इसके लिए शिक्षक और अभिभावक दोनों को बच्चों के आत्मविश्वास, नियमित दिनचर्या, अनुशासन और पढ़ाई के अनुकूल माहौल निर्माण पर विशेष ध्यान देने की आवश्यकता है, हमारी डबल इंजन सरकार हर एक छात्र छात्राओं के बेहतर भविष्य के लिए बेहतर संसाधन, शिक्षा क्षेत्र में उपलब्ध कराने प्रतिबद्धता के साथ काम कर रही है। पूर्व प्राचार्य रजक मैडम ने भी संस्था के शिक्षकों और छात्राओं के बीच अपने विचार साझा किए। बैठक के दौरान पालकों ने कई प्रश्न और सुझाव रखे, जिनका शिक्षकों द्वारा सकारात्मक रूप से समाधान प्रस्तुत किया गया। छात्राओं की उपस्थिति में यह संवाद और भी प्रभावी रहा।

संस्था के प्राचार्य अनिल पाल ने बैठक में चर्चा के मुख्य बिंदुओं को विस्तार से रखते हुए बताया 'बस्ता रहित शनिवार' कार्यक्रम की जानकारी स्वास्थ्य परीक्षण और पोषण संबंधी जागरूकता, प्रमाण पत्र शिविरों की जानकारी (जाति, निवास, आय) छात्रवृत्ति योजनाओं व प्रतियोगी परीक्षाओं से संबंधित मार्गदर्शन, पॉक्सो एक्ट 2012 के तहत लैंगिक अपराधों की रोकथाम हेतु शिक्षा, डिजिटल शिक्षा प्लेटफॉर्म्स की उपयोगिता के बारे में बताया।

बैठक के अंत में शिक्षक मोहन कमड़े ने सभी पालकों, शिक्षकों और विशेष रूप से अध्यक्ष श्रीमती शीतल नवनीत जैन एवं अतिथियों का आभार व्यक्त किया। विद्यालय परिवार द्वारा यह विश्वास व्यक्त किया गया कि इस प्रकार की नियमित संवादात्मक बैठकें बच्चों के उज्ज्वल भविष्य के लिए अत्यंत लाभकारी सिद्ध होगी। पालकगणों में सुनील नामदेव, सुदामा साहू, मीना चंदेल, विजयलक्ष्मी ध्रुवे, रानी खान, प्रमिला मेश्राम, पारस कुंभकार के साथ व्याख्याता रवींद्र चावड़ा, शकुंतला ठाकुर, शीतल श्रीवास्तव, चंद्रहास देवांगन, पुष्पलता साहू, संतोषी आर्य, एकता वर्मा, ऊषा चन्द्राकार, महेश कुंभकार, शिक्षकगण उपस्थित रहे।

## खैरागढ़ विधायक ग्राम बड़गड़ा में जिला स्तरीय भोजली महोत्सव में हुई शामिल



खैरागढ़ (दावा)। खैरागढ़ विधायक श्रीमती यशोदा नीलांबर वर्मा ने आज खैरागढ़ विकासखंड अन्तर्गत ग्राम बड़गड़ा में आयोजित जिला स्तरीय भोजली महोत्सव में शामिल हुई। इस अवसर पर विधायक वर्मा ने कहा, 'भोजली महोत्सव हमारे संस्कृति और परंपरा का एक महत्वपूर्ण हिस्सा है।

इस अवसर पर विधायक श्रीमती यशोदा नीलांबर वर्मा ने कलाकारों द्वारा प्रस्तुत किए गए सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आनंद लिया और उन्हें प्रोत्साहित किया। उन्होंने ग्रामीणों को भोजली महोत्सव के महत्व के बारे में जानकारी दी और उन्हें इसके संरक्षण के लिए प्रेरित किया। इस अवसर पर नवलदास मानिकपुरी प्रदेश अध्यक्ष छ.ग. कलाकार विकास संघ, वरिष्ठ कांग्रेस नेता नीलांबर वर्मा, ईश्वर वर्मा, तोप सिंह वर्मा, यादराम वर्मा, बलि वर्मा, ममता वर्मा सहित बड़ी संख्या में ग्रामीणजन उपस्थित रहे।

# विस अध्यक्ष डॉ. रमन ने टेड़ेसरा में 12 करोड़ 86 लाख 94 हजार रू. की लागत से विभिन्न विकास कार्यों का किया लोकार्पण एवं भूमिपूजन



0 औद्योगिक क्षेत्र में युवाओं को मिल रहे रोजगार के नये अवसर
0 ग्राम टेड़ेसरा में आरोहण बीपीओ सेंटर एक शानदार केन्द्र
0 11 करोड़ 48 लाख 2 हजार रूपए की लागत से 5 विकास कार्यों का लोकार्पण एवं 1 करोड़ 38 लाख 92 हजार रूपए की लागत से 6 विकास कार्यों का भूमिपूजन कार्य शामिल
0 ग्राम टेड़ेसरा में 1 करोड़ 86 लाख 7 हजार रू. की लागत से शा. औद्योगिक प्रशिक्षण संस्था के नवनिर्मित भवन का किया लोकार्पण

राजनांदगांव (दावा)। विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह आज राजनांदगांव विकासखंड के ग्राम टेड़ेसरा में आयोजित लोकार्पण एवं भूमिपूजन कार्यक्रम में शामिल हुए। विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह ने 12 करोड़ 86 लाख 94 हजार रूपए की लागत से 11 विकास कार्यों का लोकार्पण एवं भूमिपूजन किया। जिसमें 11 करोड़ 48 लाख 2 हजार रूपए की लागत से 5 विकास कार्यों का लोकार्पण एवं 1 करोड़ 38 लाख 92 हजार रूपए की लागत से 6 विकास कार्यों का भूमिपूजन कार्य शामिल है। विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह ने आज ग्राम टेड़ेसरा में 1 करोड़ 86 लाख 7 हजार रूपए की लागत से शासकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्था के नवनिर्मित भवन का लोकार्पण भी किया। इस दौरान उन्होंने आरोहण बीपीओ सेंटर के युवाओं को प्रमाण पत्र का वितरण किया।

विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह ने शासकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्था के नवनिर्मित भवन के लिए सभी को हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दी। उन्होंने कहा कि आज शासकीय आईटीआई भवन का लोकार्पण किया गया है। इसके साथ ही लगभग 12 करोड़ 86 लाख 94 हजार रूपए की लागत से 11 विकास कार्यों का लोकार्पण एवं भूमिपूजन किया गया है। ग्राम टेड़ेसरा में शासकीय आईटीआई भवन निर्माण होने से विद्यार्थियों में उत्साह है। साथ ही अन्य कार्यों का भी लोकार्पण एवं शिलान्यास किया गया है। उन्होंने कहा कि ग्राम टेड़ेसरा में शासकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्था 2011 में प्रारंभ हुआ और यहां कोपा, फिटर एवं इलेक्ट्रिशियन जैसे ट्रेड में प्रशिक्षण प्रदान किया जा रहा है। संस्था के पास 7 एकड़ की अतिरिक्त भूमि है। उन्होंने कहा कि तीन ट्रेड के साथ ही अन्य ट्रेड भी यहां प्रारंभ होंगे। जिसके लिए इस भवन में पर्याप्त सुविधाएं है। औद्योगिक क्षेत्र में यहां के युवाओं को रोजगार के नये अवसर प्राप्त हो रहे है। ग्राम टेड़ेसरा में आरोहण बीपीओ सेंटर एक शानदार केन्द्र है। जिससे यहां के युवाओं को रोजगार के बेहतरीन अवसर मिल रहे है। यहां कार्य करते हुए युवा आत्मनिर्भर बन रहे है। उन्होंने बच्चों से कहा कि यहां कोर्स करने के बाद वे लघु उद्यम प्रारंभ कर सकते है। शासन द्वारा इसके लिए हरसंभव मदद दी जा रही है।

विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह ने कहा कि आज जिले में विभिन्न विकास कार्यों का लोकार्पण एवं भूमिपूजन किया जा रहा है। जिससे जिले में विकास कार्यों को गति मिलेगी। उन्होंने कहा कि लोकार्पण कार्य अंतर्गत लोक निर्माण विभाग के योजना मद से ग्राम ईरा में 1 करोड़ 66 लाख रूपए 78 हजार रूपए की लागत से सीसी रोड ईरा से गौठान पहुंच मार्ग 1.150 किलोमीटर एवं ग्राम सोमनी में 7 करोड़ 81 लाख 27 हजार रूपए की लागत से सोमनी से नवागांव मार्ग 6.05 किलोमीटर तथा सीएसए (एलडब्ल्यूई) से ग्राम टेड़ेसरा में 1 करोड़ 86 लाख 7 हजार रूपए की लागत से आईटीआई परिसर टेड़ेसरा में भवन निर्माण का लोकार्पण किया गया है। पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग अंतर्गत अधोसंरचना उपकर निधि से ग्राम ईरा में 5 लाख 2 हजार रूपए की लागत से बिसला निषाद से गुढ़ी चौक तक सीसी रोड निर्माण कार्य एवं पीएमश्री योजना से ग्राम कोपेडीह में 8 लाख 7 हजार रूपए की लागत से बाल वाटिका में अतिरिक्त कक्ष का लोकार्पण किया गया है।

कलेक्टर डॉ. सर्वेश्वर नरेन्द्र भुरे ने कहा कि जिले में आज ग्राम टेड़ेसरा में शासकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्था के नवनर्मित भवन का लोकार्पण किया गया है। यहां तीन ट्रेड कोपा, इलेक्ट्रीशियन, फीटर संचालित है। यहां प्रतिवर्ष लगभग 128 बच्चे प्रवेश लेते है। संस्थान का आरोहण बीपीओ सेंटर से एएमयू भी किया गया है। यहां के युवाओं को विभिन्न क्षेत्रों में रोजगार के अच्छे अवसर मिल रहे है। उन्होंने कहा कि आरोहण बीपीओ सेंटर में रोजगार मिलने के साथ ही अन्य संस्थानों में रोजगार मिल रहा है। औद्योगिक प्रशिक्षण संस्था के विस्तार के लिए यहां पर्याप्त संभावनाओं को ध्यान में रखते हुए अधोसंरचना विकसित की जा रही है। विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह के मार्गदर्शन में यहां और भी ट्रेड प्रारंभ कर सकेंगे तथा युवाओं को अधिक से अधिक सुविधाएं मिलेगी। शासकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्था के लिए 7 एकड़ भूमि है। जिसका विस्तार कर सकेंगे। उन्होंने कहा कि विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह सजग रहते हुए, सभी के हित एवं भविष्य को ध्यान में रखते हुए कार्य कर रहे हैं।

उल्लेखनीय है कि भूमिपूजन कार्य अंतर्गत लोक निर्माण विभाग के जमा मद (रूसा) से ग्राम सोमनी में 57 लाख 88 हजार रूपए की लागत से स्वामी आत्मानंद अंग्रेजी मिडियम महाविद्यालय सोमनी में लाईब्रेरी हॉल एवं बालक व बालिका हेतु कम्प्यूटर लैब का निर्माण तथा पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग के मुख्यमंत्री समग्र योजना अंतर्गत ग्राम खुटेरी में 31 लाख 61 हजार रूपए की लागत से मिनी स्टेडियम एवं जिला खनिज न्यास संस्थान से ग्राम टेड़ेसरा में 10 लाख रूपए की लागत से टेड़ेसरा स्कूल में अतिरिक्त कक्ष निर्माण, 5 लाख 2 हजार रूपए की लागत से सीसी रोड निर्माण कार्य, 15 लाख 5 हजार रूपए की लागत से प्लास्टिक वेस्ट मैनेजमेंट यूनिट मेंशेड निर्माण कार्य, 18 लाख 73 हजार रूपए की लागत से नवीन पंचायत भवन निर्माण कार्य का भूमिपूजन किया गया।

इस अवसर पर अध्यक्ष जिला सहकारी केन्द्रीय बैंक सचिन बघेल, अध्यक्ष जिला पंचायत श्रीमती किरण वैष्णव, अध्यक्ष श्रम कल्याण मंडल योगेशदत्त मिश्रा, अध्यक्ष जनपद पंचायत श्रीमती प्रतिमा चंद्राकर, उपाध्यक्ष जिला पंचायत श्रीमती किरण साहू, समाजसेवी कोमल सिंह राजपूत, संतोष अग्रवाल, सौरभ कोठारी, जिला पंचायत सदस्य श्रीमती देवकुमारी साहू, सरपंच खिलेश्वर साहू, पुलिस अधीक्षक मोहित गर्ग, सीईओ जिला पंचायत सुश्री सुरूचि सिंह, अपर कलेक्टर प्रेमप्रकाश शर्मा, एसडीएम खेमलाल वर्मा सहित बड़ी संख्या में जनप्रतिनिधि, ग्रामीण एवं आईटीआई के विद्यार्थी उपस्थित थे।

## राहुल गांधी ने किया पर्दाफाश : वोट चोरी कर केन्द्र और कई राज्यों में मोदी ने बनाई सरकार: कांग्रेस



0 जनता के मतदान से नहीं निर्वाचन आयोग से फर्जी वोट कर षडयंत्रकर बनाई भाजपा ने सरकार
0 जयस्तंभ चौक में प्रोजेक्टर लगाकर कांग्रेसजन व आमजन ने देखा प्रसारण

राजनांदगांव (दावा)। कांग्रेस के पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं लोकसभा नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी इन दिनों केंद्र की मोदी सरकार और निर्वाचन आयोग पर हमलावर है। हाल ही में उन्होंने वोट चोरी का दावा करते हुए खुलासा किया हैं। जिसमें एक वोटर का कई बूथ पर नाम होना बताया गया है। वही मकान नंबरों और मतदाताओं के निवास, तस्वीर को लेकर भी गड़बड़ी सामने आई है। राहुल गांधी द्वारा प्रस्तुत किए गए वीडियो को 11 अगस्त सोमवार को कांग्रेस कमेटी द्वारा जनता के सामने रखने इस सबूत की प्रेस कॉन्फ्रेंस का वीडियो प्रोजेक्टर के माध्यम से प्रसारण किया गया।

शहर जिला कांग्रेस कमेटी द्वारा स्थानीय स्तंभ चौक में राहुल गांधी द्वारा वोट चोरी के मामले में जारी किए गए वीडियो को प्रोजेक्टर के माध्यम से आम जनता के बीच दिखाया गया और वोटर आईडी में गड़बड़ी को लेकर चुनाव आयोग को घेरा गया। वही वोटों के हेरा-फेरी कर केंद्र में कांग्रेस सरकार बनने का आरोप भी लगाया गया। जयस्तंभ चौक में सोमवार सुबह 10 बजे कांग्रेस द्वारा प्रोजेक्टर लगाकर जनता के सामने फर्जी वोट के मामले को रखा गया और लोकसभा नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी द्वारा इलेक्शन कमीशन से मांगे जा रहे डिजिटल डेटा के लिए कांग्रेस कमेटी द्वारा जन समर्थन जुटाया गया। वोट चोरी आरोप के इस मामले में जन समर्थन के लिए मिस कॉल देकर वोट चोरी के खिलाफ खड़े होने का आग्रह भी जनता किया जा रहा है। कांग्रेस के अभियान के दौरान मिस कॉल करने पर राहुल गांधी की ओर से धन्यवाद का मैसेज भी प्राप्त हो रहा है।

शहर जिला कांग्रेस अध्यक्ष कुलबीर सिंह छाबड़ा ने कहा कि वोट चोरी मामले का पर्दाफाश राहुल गांधी ने किया है। राहुल गांधी ने निर्वाचन आयोग और भाजपा के साठगांठ को उजागर किया है। एक ही व्यक्ति का नाम कई राज्यों की मतदाता सूची में शामिल है। श्री छाबड़ा ने कहा कि नरेंद्र मोदी की सरकार जनमत से नहीं षडयंत्र पूर्वक वोटो के हेर फेर से बन रही है। एक कमरे में ही दर्जनों वाटर रह रहे हैं। भाजपा सरकार सुनियोजित षड्यंत्र करके सत्ता हासिल कर रही है। इस अभियान के माध्यम से इस मामले को सीधे जनता तक पहुंचा जा रहा है। निर्वाचन आयोग के साथ मिलीभगत कर भाजपा अपनी सरकार बना रहे हैं जो न्यायसंगत उचित नहीं है। राहुल गांधी द्वारा पुख्ता सबूत के साथ प्रमाणित दस्तावेज देने के बावजूद निर्वाचन आयोग सहयोग देने के बजाएं नोटिस दिया जा रहा है, जो पूरी तरह से गलत है।

आयोजित प्रसारण लगभग 1 घंटे तक चला। इस दौरान प्रमुख रूप से पूर्व मंत्री धनेश पाटिला, पूर्व युवा आयोग अध्यक्ष जितेन्द्र मुदलियार, संभागीय प्रवक्ता कमलजीत सिंह पिन्टू, वरिष्ठ कांग्रेसी श्रीकिशन खंडेलवाल, रमेश डाकलिया, कुतबुद्दीन सोलंकी, पूर्व महापौर सुदेश देशमुख, हेमा देशमुख, ननि नेता प्रतिपक्ष संतोष पिल्ले, पंकज बांधव, शारदा तिवारी, महामंत्री झम्मन देवांगन, उत्तर ब्लॉक अध्यक्ष आसिफ अली, महिला अध्यक्ष माया शर्मा, सेवादल अध्यक्ष अमित खंडेलवाल, अमीन हुद्दा, अल्पसंख्यक जिलाध्यक्ष शकील रिजवी, अभिमन्यु मिश्रा, मनीष गौतम, बबलू कसार, पूर्णिमा नागदेवे, पायल बारमाते, मनीष सिमनकर सहित बड़ी संख्या में कांग्रेसजन उपस्थित थे।

## मानसिक रूप से विक्षिप्त बालक की बंद कार में दम घुटने से मौत, गरीब परिवार होने के कारण नहीं हो सका ईलाज



0 खैरागढ़ टीआई अनिल शर्मा और उसकी टीम ने मानवीय संवेदना के साथ उस बालक की हरसंभव की मदद
0 छोटू के मां बाप दोनों नहीं थे, वे अपने नाना नानी के पास रहता था, कुछ दिन पहले ही नाना का निधन हो गया

खैरागढ़ (दावा)। मानसिक रूप से विक्षिप्त शहर के एक बालक की बंद कार में दम घुटने से मौत हो गई। बालक मानसिक रोगी था और दिनभर घुमता फिरता रहता था। अपने घर पर नहीं रहता था। सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार बालक घुमते-घुमाते वो शाम को या रात को अंधेरे में पालिटेकनिक कालेज के सामने पुराना टिकरापारा में किसी परिवारीक काम से अपने ग्रैण्ड विटारा कार से राजनांदगांव से खैरागढ़ अपने रिस्तेदार के यहां आऐ हुए थे और कार को घर के सामने खडे किए हुए थे और लाक करना भूल गए। जिसमें वो बालक कार खोलकर घुस गया। जिससे उसकी दम घुटने से मौत हो गई। कार मालिक रविवार की रात किसी काम से जब अपने कार का दरवाजा खोला और उसने एक अज्ञात बालक की लाश देखी तो हतप्रभ रह गए। बालक की पहचान वार्ड क्रमांक 5 ठाकुर पारा निवासी छोटू उर्फ टूकटूक के रूप में की गई। उसकी उम्र 14 वर्ष थी। बालक के माता-पिता की बहुत पहले निधन हो गई और वह अपने नाना नानी के पास रहता था। बालक के नाना का नाम लल्लू विश्वकर्मा था। जो लोहार का काम करता था और वह पूरे खैरागढ़ शहर में लल्लू लोहार के नाम से प्रसिद्ध थे। नानी रोजी मजदूरी कर अपना परिवार चलाती थी। कुछ दिन पहले ही बालक छोटू के नाना लल्लू विश्वकर्मा का भी निधन हो गया। घर वाले उसकी मानसिक स्थिति खराब होने के कारण उसे घर पर बंद करके रखते थे, लेकिन छोटू को जब कुछ कारणों से खुला छोड़ते तो वो घर से भाग जाता था और सड़क पर घुमता फिरता रहता था। वह किसी से कुछ भी बोलता चालता नहीं था। सिर्फ हसता रहता था। न ही किसी को परेशान करता था। कार में मृत पाए गए बालक की सूचना पुलिस को दी गई। सूचना मिलते ही टीआई अनिल शर्मा अपने टीम के साथ घटनास्थल पर पहुंचे। शव को तत्काल सिविल अस्पताल भेजा गया। जहां सोमवार को बालक छोटू का पोस्टमार्टम किया गया और शव को परिवारजनों को सौंपा गया। जहां धरमपुरा स्थिति मुक्तिधाम में परिवारजनों के द्वारा उसका दोपहर को अंतिम संस्कार किया गया।

मानसिक रूप से अस्वस्थ बालक छोटू के इलाज के लिए हुए थे। कई प्रयास शहर के थाने में पदस्थ थाना प्रभारी अनिल शर्मा और उनकी टीम के व्दारा मानसिक रोगी छोटू के इलाज के लिए प्रयास किए गए थे और बालक को खैरागढ़ से बिलासपुर ले जाया गया था, लेकिन कुछ तकनीकी और प्रशासनिक कारणों से उसका दाखिला नहीं हो पाया। उसके बावजूद पुलिस टीम ने मानवीय संवेदना के साथ उस बालक की हरसंभव मदद की कोशिश की। उठते सवाल सिस्टम पर मानसिक रूप से विक्षिप्त रूप से अस्वस्थ व्यक्तियों के लिए छोटे शहरों में कोई अस्थाई और प्रभावी व्यवस्था क्यों नहीं है। इस घटनाक्रम से फिर एक बार यह सवाल खड़े कर दिए हैं। अगर समय रहते इस मानसिक रूप से अस्वस्थ बालक का ईलाज और संरक्षण मिला पाता तो यह दुखद हादसा टल सकता था। संगीत नगरी में इस प्रकार से मानसिक रूप से अस्वस्थ कई लोगों को घुमाते हुए नजर आते हैं। जिसका इस दिन दुनिया में कोई माई-बाप नहीं है।

## श्री दासीश्याम प्रभु की 26वीं जयंती पर भक्ति का माहौल



राजनांदगांव (छत्तीसगढ़)। श्री दासीश्याम प्रभु की जयंती के 26वें वर्षगांठ को मनाने के लिए शहर में भक्ति और उत्साह का माहौल है। श्री दासीश्याम प्रभु के भक्तगण और शिष्यगण बड़ी संख्या में इस उत्सव में भाग लेने के लिए एकत्रित हुए हैं। जयंती समारोह की शुरुआत 11 अगस्त को हुई। श्यामकुटी में विशेष पूजा-अर्चना और भजन संध्या का आयोजन किया गया।

जयंती के पहले दिन स्टेशन पारा स्थित शक्तिधाम और श्री श्यामकुटी को सुगंधित फूलों और रंग-बिरंगी झालरों से सजाया गया। जिससे एक मनमोहक और आलौकिक दृश्य प्रस्तुत हुआ। शाम को आयोजित भजन संध्या में निखिल मिश्रा और श्याम शर्मा ने भक्तिमय भजनों से सभी भक्तों को झूमने पर मजबूर कर दिया। भजन के बाद महाआरती और प्रसाद वितरण किया गया। 12 अगस्त को श्री दासीश्याम प्रभु की भव्य शोभायात्रा निकाली जाएगी। यह शोभायात्रा श्री श्यामकुटी से शुरू होकर रामाधीन मार्ग, कामठी लाइन, जीई रोड होते हुए स्टेशन पारा के शक्तिधाम तक जाएगी। शोभायात्रा में सभी भक्तगण प्रेम और शांति के प्रतीक स्वरूप सफेद वस्त्र धारण करेंगे। शोभायात्रा के दौरान जगह-जगह श्री दासीश्याम प्रभु की आरती और प्रसाद वितरण किया जाएगा। इस दौरान आतिशबाजी और साज-सज्जा के साथ जय-जयकार और भजन-कीर्तन का सिलसिला चलता रहेगा। भक्तों द्वारा अपनी 'प्यारी गुरूमां' को रीझाने के लिए गुरु वंदना भी की जाएगी। शोभायात्रा में मेवा, ठंडा, मिठाई, चाय, बिस्कुट और पान का भी वितरण किया जाएगा। श्री दासीश्याम प्रभु के भक्त और शिष्य देश के विभिन्न हिस्सों से हर साल इस जयंती पर्व में शामिल होने के लिए राजनांदगांव आते हैं। श्री श्यामकुटी परिवार साल भर फाल्गुन की ग्यारस, कार्तिक की ग्यारस, गुरुपूर्णिमा और जन्माष्टमी जैसे पर्व भी श्रद्धापूर्वक मनाता है।

## डॉ. रमन सिंह ने टेड़ेसरा में तिरंगा बाईक रैली को किया रवाना




राजनांदगांव (दावा)। विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह ने आजादी का अमृत महोत्सव एवं हर घर तिरंगा, हर घर स्वच्छता-स्वतंत्रता का उत्सव, स्वच्छता के संग थीम पर उल्लास और खुशी के साथ आजादी के उत्सव को मनाने के लिए आज राजनांदगांव विकासखंड के ग्राम टेड़ेसरा में तिरंगा बाईक रैली को रवाना किया। देशभक्ति की भावना को जन-जन तक पहुंचाने और स्वच्छता के प्रति जनचेतना को सशक्त बनाने के लिए भारत माता की जयकारे के साथ बाइक रैली निकली गई। वंदेमातरम, माँ तुझे सलाम गीतों के साथ देश की स्वतंत्रता के जज्बे को लिए बाइक रैली ने स्वतंत्रता के प्रति संदेश को जन-जन तक पहुंचाया। इस अवसर पर अध्यक्ष जिला सहकारी केन्द्रीय बैंक सचिन बघेल, अध्यक्ष जिला पंचायत श्रीमती किरण वैष्णव, अध्यक्ष श्रम कल्याण मंडल योगेशदत्त मिश्रा, अध्यक्ष जनपद पंचायत श्रीमती प्रतिमा चंद्राकर, उपाध्यक्ष जिला पंचायत श्रीमती किरण साहू, समाजसेवी कोमल सिंह राजपूत, संतोष अग्रवाल, सौरभ कोठारी, जिला पंचायत सदस्य श्रीमती देवकुमारी साहू, सरपंच खिलेश्वर साहू, कलेक्टर डॉ. सर्वेश्वर नरेन्द्र भुरे, पुलिस अधीक्षक मोहित गर्ग, सीईओ जिला पंचायत सुश्री सुरूचि सिंह, अपर कलेक्टर प्रेमप्रकाश शर्मा, एसडीएम खेमलाल वर्मा सहित जनप्रतिनिधि एवं बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित थे।

इंडियन नर्सिंग कौंसिल एवं छ.ग. नर्सेस रजिस्ट्रेशन कौंसिल से मान्यता प्राप्त
पं. दीनदयाल उपाध्याय स्मृति स्वास्थ्य विज्ञान एवंआयुष विश्वविद्यालय से सम्बद्धता प्राप्त
बी.एस.सी. नर्सिंग
(04 वर्षीय पाठ्यक्रम)
प्रवेश योग्यता :
बारहवीं कक्षा उत्तीर्ण बायोलॉजी विषय एवं नर्सिंग प्रवेश परीक्षा 2025 में उत्तीर्ण
पोस्ट बेसिक बी.एस.सी. नर्सिंग
(02 वर्षीय पाठ्यक्रम)
प्रवेश योग्यता : जी.एन.एम.उत्तीर्ण एवं नर्सिंग प्रवेश परीक्षा 2025 में उत्तीर्ण


रस्तोगी कॉलेज ऑफ नर्सिंग
जी.ई. रोड, ग्राम – टेडेसरा
जिला– राजनांदगाँव (छ.ग.)
9300252200, 9300558500

## खुज्जी, जोंधरा, उमरवाही व बड़गांव में अघोषित शराब भट्ठी

राजनांदगांव (दावा)। डोंगरगांव विकासखंड अंतर्गत खुज्जी, जोंधरा, उमरवाही व बड़गांव में शासकीय शराब भट्ठी की ही तरह महीनों से मिनी शराब भट्ठी बेखौफ संचालित की जा रही है। मिली जानकारी के अनुसार डोंगरगांव विकासखंड में आश्रित ग्राम राजाखुज्जी में 35 से 40 पेटी, छुरिया विकासखंड के ग्राम जोंधरा में 10 पेटी, उमरवाही में 15 से 20 पेटी की खपत प्रतिदिन हो रही है। बावजूद इसके जिम्मेदार विभाग इन पर कोई कार्यवाही नहीं कर रहा है।

### ग्रामीणों को लेते हैं विश्वास में

मिली जानकारी के अनुसार शराब कोचिया जिस ग्राम में शराब की बिक्री करनी है। उस ग्राम के ग्रामीणों को विश्वास में लेते हैं। इसके लिए बकायदा ग्राम से कुछ प्रमुख लोगों से बैठक करते हैं। जिसमें विक्रेता ग्राम फण्ड में प्रतिमाह 20 से 25 हजार रूपये मासिक देना तय करता है और ये ग्रामीण अपन ग्राम के क्षेत्र के अंदर कहीं भी शराब बेचने की अनुमति प्रदान कर देते हैं।

### बर्बाद हो रहे हैं युवा

जब से शराब की इस तरह खुलेआम बिक्री शुरू हुई है। विशेषकर दसवीं-बारहवीं के छात्रों पर सबसे ज्यादा प्रभाव पड़ा है। अब इन छात्रों का बर्थडे पार्टी घर में ना होकर जंगलों में शराब का पौव्वा के साथ मनाया जा रहा है। जब ये शाम को घर पंहुच रहे हैं तो नशे की हालत में पंहुच रहे हैं। चंद पैसों के लालच में ग्रामीण बजाय शराब बिक्री के विरोध करने के बजाय उन्हें ग्राम में प्रश्रय देकर शराब बिकवा रहे हैं। मजेदार बात ये इन सभी ग्रामों में पंचायत के मुखिया अर्थात सरपंच भी खामोश है।

### आबकारी और पुलिस मौन

इतनी बड़ी मात्रा में खुलआम शराब बिक्री की जा रही है। बावजूद इसके ना तो आबकारी विभाग द्वारा इन पर कोई कार्यवाही की जा रही है और ना ही स्थानीय थाने द्वारा कोई कार्यवाही की जा रही है। चूंकि शराब विक्रेता शराब खुद बनाता तो नहीं है। इन विक्रेताओं को किसी के द्वारा पहुंचाकर शराब उपलब्ध करवाया जा रहा है। क्या आबकारी विभाग को कार्यवाही के लिए सांप सुघ गया है या बेचे जाने वालों का मुखबिर से मिलने वाली सूचना ने दमतोड़ दिया है। विक्रेताओं ने ग्रामीणों को मासिक दिये जाने वाले राशि की तरह आबकारी और पुलिस को भी सेटिंग कर लिया है और नहीं तो फिर कार्यवाही क्यों नहीं।

### चिन्हित जगहों पर बेची जा रही है शराब

जहां खुज्जी में मेनरोड सड़क किनारे बेची जा रही है, वहीं ग्राम जोंधरा में बने गौठान से समीप बेची जा रही है। जहां जोंधरा मोहगांव, नवागांव, पांगरी, पथर्री के मदिरा प्रेमी खरीदने आ रहे हैं। वही उमरवाही में बिजली ऑफिस के पीछे बेची जा रही है। बरबसपुर, उमरवाही, धोबनी, जनकपुर, गोटाटोला, लालूटोला, जवानटोला और भीमाटोला तक के ग्रामीण खरीदने आ जा रहे हैं। वहीं ग्राम बड़गांव में सागोन नर्सरी में बेची जा रही है। बड़गांव भट्ठी में गोड़लवाही आमाकट्टा चिखलामटिया, राणामटिया साल्हेटोला, मासूलकसा, बावली और बंजारी तक के मंदिरा प्रेमी पहुंच रहे हैं।

## छग वक्फ बोर्ड का बड़ा आदेश : सभी मस्जिद, मदरसा और दरगाह में 15 अगस्त को फहराया जाएगा तिरंगा



रायपुर। छत्तीसगढ़ के हर मस्जिद, मदरसा और दरगाह में 15 अगस्त के दिन तिरंगा लहराना का आदेश जारी हुआ है। स्वतंत्रता दिवस को देखते हुए छत्तीसगढ़ के सभी मदरसे, दरगाह और मस्जिदों पर ध्वजारोहण हो ऐसा आदेश छत्तीसगढ़ राज्य वक्फ बोर्ड की ओर से जारी किया गया है।

वक्फ बोर्ड ने अपील की है कि स्वतंत्रता दिवस के महत्व को समझते हुए इस राष्ट्रीय पर्व को मनाया जाए। वक्फ बोर्ड के मुख्य कार्यपालन अधिकारी द्वारा जारी आदेश में कहा गया है कि 15 अगस्त 2025 को स्वतंत्रता दिवस धूमधाम से मनाया जाएगा और इस दिन सभी मस्जिद, मदरसा व दरगाह के मुख्य द्वार पर तिरंगा लहराया जाएगा।

### राष्ट्रीय एकता और भाईचारे का संदेश देने की अपील

आदेश में सभी मुतवल्ली, मस्जिद, मदरसा और दरगाह समितियों से अपील की गई है कि वे ध्वजारोहण कर राष्ट्रीय एकता और भाईचारे का संदेश दें। यह आदेश वक्फ बोर्ड के माननीय अध्यक्ष की स्वीकृति के बाद जारी किया गया है और इसकी प्रति जिले के कलेक्टर, पुलिस अधीक्षक और संबंधित अधिकारियों को भी भेजी गई है।

स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक व मुद्रक दीपक कुमार बुद्धदेव द्वारा स्वस्तिक ऑफसेट एण्ड स्क्रीन प्रिंटर्स, बल्देवबाग रोड, राजनांदगांव से मुद्रित कर प्रकाशित। सम्पादक दीपक कुमार बुद्धदेव।
* समाचार चयन के लिए पी.आर.बी. एक्ट के तहत जिम्मेदार। * किसी भी विवाद की स्थिति में न्यायिक क्षेत्र राजनांदगांव रहेगा। फोन नं. – 07744-406631 e-mail : dainikdawa_rjn@yahoo.com